CMYK

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 21°C

सेंसेक्स 80,242.24
निफ्टी 24,334.20

सोना 98,153
चांदी 1,00,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, गुरुवार 1 मई 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 29 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 | 2 जिलकदा 1446 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




**बांग्लादेश में हिंदू संत चिन्मय दास को मिली जमानत**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर




**आईपीएल के रोबोटिक स्वान चंपक पर विवाद गहराया**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## फिर मुसीबत में सिसोदिया व जैन

### क्लासरूम घोटाले में 'आप' नेताओं के खिलाफ मामला दर्ज

शाह टाइम्स ब्यूरो





■ 12,748 क्लासरूम/बिल्डिंग के निर्माण में 2,000 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप

**नई दिल्ली।** दिल्ली में आप नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, दिल्ली के पूर्व पीडब्ल्यूडी मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ करप्शन का मामला दर्ज किया गया है। करप्शन का यह मामला क्लासरूम और स्कूल बिल्डिंग के निर्माण से जुड़ा है।

एंटी करप्शन ब्रांच (एसीबी) की जांच में पता चला है कि आप के कार्यकाल के दौरान 12,748 क्लासरूम/बिल्डिंग के निर्माण में 2,000 करोड़ रुपये का भारी घोटाला हुआ था। क्लासरूम/बिल्डिंग के निर्माण की लागत बढ़ाकर दर्शाई गई थी। इसके अलावा निर्धारित अवधि के भीतर एक भी काम पूरा नहीं हुआ था। निर्माण कार्य के लिए कंसलटेंट और आर्किटेक्ट की नियुक्ति भी मनमाने ढंग से की गई थी। इन्हीं के जरिए निर्माण की लागत बढ़ाई गई। एसीबी ने इस मामले में भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की धारा 17-। के तहत अनुमति मिलने के बाद एफआईआर दर्ज की है।

### पहलगाम आतंकी हमले के बाद सरकार का बड़ा फैसला

## राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का पुनर्गठन

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सरकार ने बुधवार को एक बड़ा कदम उठाते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का पुनर्गठन कर रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के पूर्व प्रमुख आलोक जोशी को इसका नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। पुनर्गठित राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड के सात सदस्यों में कई शीर्ष स्तर के सेना, नौसेना और वायुसेना के अधिकारियों के अलावा भारतीय पुलिस सेवा के शीर्ष अधिकारियों को शामिल किया गया है।

बोर्ड के नए सदस्यों में एयर मार्शल पीएम सिन्हा, लेफ्टिनेंट जनरल एके सिंह, रियर एडमिरल मोंटी खन्ना और भारतीय पुलिस सेवा दो पूर्व अधिकारी राजीव रंजन वर्मा तथा मनमोहन सिंह शामिल हैं। इसके अलावा, भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी बी. वेंकटेश वर्मा को भी सात सदस्यीय बोर्ड का सदस्य नियुक्त किया गया है। पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव और देश में सुरक्षा स्थिति पर चर्चा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बुलाई गई एक उच्चस्तरीय बैठक में यह निर्णय लिया गया।



■ रॉ के पूर्व प्रमुख आलोक जोशी को नियुक्त किया गया नया अध्यक्ष

### पाक समर्थित सोशल मीडिया खातों का ले. जनरल सुचिन्द्र के बारे में दावा गलत: सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने पाकिस्तान के समर्थन वाले कुछ सोशल मीडिया खातों के इस दावे को गलत बताया है कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सेना की उत्तरी कमान के कमांडर ले जनरल सुचिन्द्र कुमार को हटा दिया गया है। पीआईबी ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पाकिस्तान के समर्थन वाले सोशल मीडिया खातों से झूठा और भ्रामक दुष्प्रचार किया जा रहा है। पीआईबी ने कहा है कि ले. जनरल सुचिन्द्र कुमार को हटाया नहीं गया है और वह 30 अप्रैल को सेवानिवृत हो रहे हैं तथा उनकी जगह ले. जनरल प्रतीक शर्मा को उत्तरी कमान का नया प्रमुख नियुक्त किया गया है।

### गुटेरेस ने की जयशंकर व शहबाज शरीफ से बात

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भारत के विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर अलग-अलग बात की है और दोनों देशों के बीच तनाव कम करने के लिए सहयोग का प्रस्ताव किया है। महासचिव कार्यालय ने बुधवार को यहां बताया कि श्री गुटेरेस ने जम्मू-कश्मीर में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने इन हमलों के लिए कानूनी तरीकों से न्याय और जवाबदेही तय करने के महत्व पर जोर दिया है। महासचिव ने भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव पर भी गहरी चिंता व्यक्त की और ऐसे टकराव से बचने की आवश्यकता पर जोर दिया, जिसके परिणाम दुखद हो सकते हैं।

### सेनाओं की मदद के लिए रेलवे ने भी कसी कमर

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सीमा पर उत्पन्न परिस्थितियों में सशस्त्र बलों को रसद आपूर्ति के लिए लाइनें खाली रखने एवं पथ उपलब्ध कराने को लेकर रेलवे में तैयारियां जोरों पर हैं। रेल भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक में रेलवे एवं सेना के उच्चाधिकारी शामिल हुए। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सीमापार सैन्य कार्रवाई की तैयारियों के बीच सेना ने रसद आपूर्ति, सैन्य साजो सामान एवं सैनिकों के द्रुत गति से परिवहन के लिए रेलवे से लाइनों को खाली रखने एवं मार्ग उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है।

### रूस नहीं जाएंगे मोदी, राजनाथ होंगे 'विक्ट्री डे परेड' में शामिल

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रूस में आगामी नौ मई को होने वाले 'विक्ट्री डे परेड' समारोह में शामिल नहीं होंगे और उनकी जगह रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने बुधवार को यहां बताया कि रूस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया था। उन्होंने कहा कि भारत की ओर से रूस को पहले ही बता दिया गया था कि इस समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### मणिपुर के राज्यपाल ने की स्थिति की समीक्षा

**इंफाल।** मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने बुधवार को राजभवन में एक सुरक्षा बैठक की अध्यक्षता की और राज्य में समग्र कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। बैठक में सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव सिंह, जीओसी, 57 माउंटेन डिवीजन मेजर जनरल एसएस कार्तिकेय, एडीजीपी (इंटेलिजेंस) आशुतोष कुमार सिन्हा, एडीजीपी (कानून व्यवस्था) लुफेंग कैलुन, संयुक्त निदेशक, एसआईबी, नवदीप सिंह ग्रेवाल, सीआरपीएफ और बीएसएफ के अधिकारी में शामिल हुए।

# देश में होगी जातीय जनगणना

## कैबिनेट का अहम फैसला, देश में आजादी के बाद पहली बार होगी जाति जनगणना

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ बिहार विधानसभा चुनावों के पहले केंद्र सरकार ने उठाया बड़ा कदम

**नई दिल्ली।** देश में आजादी के बाद पहली बार जाति जनगणना कराई जाएगी। बिहार विधानसभा चुनावों के पहले सरकार ने राजनीतिक महत्व का एक बड़ा कदम उठाते हुए देश में आम जनगणना में जातियों की गणना कराने का फैसला किया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक में यह फैसला लिया गया। रेल, सूचना प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राजनीतिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने बुधवार को फैसला किया है कि जाति गणना को आगामी जनगणना में शामिल किया जाना चाहिए। श्री वैष्णव ने कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने आज तक जाति जनगणना का विरोध किया है। आजादी के बाद की सभी जनगणनाओं में जातियों की गणना नहीं की गई। वर्ष 2010 में, तत्कालीन प्रधानमंत्री दिवंगत डा. मनमोहन सिंह ने लोकसभा में आश्वासन दिया था कि जाति जनगणना पर कैबिनेट में विचार किया जाएगा। तत्पश्चात एक मंत्रिमंडल समूह का भी गठन किया गया था, जिसमें अधिकांश राजनीतिक दलों ने जाति आधारित जनगणना की संस्तुति की थी। इसके बावजूद कांग्रेस की सरकार ने जाति जनगणना के बजाए, एक सर्वे कराना ही उचित समझा जिसे एसईसीसी के नाम से जाना जाता है। इस सब के बावजूद कांग्रेस और इंडी गठबंधन के दलों ने जाति जनगणना के विषय को केवल अपने राजनीतिक लाभ के लिए उपयोग किया। सूचना प्रसारण मंत्री ने कहा कि जनगणना का विषय संविधान के अनुच्छेद 246 की केंद्रीय सूची की क्रम -शेष पृष्ठ दो पर

### कांग्रेस ने फैसले का किया स्वागत, पूछा तारीख बताएं



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार शाम दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि संसद में हमने कहा था कि हम जाति जनगणना करवाकर रहेंगे। साथ ही कहा था कि 50 फीसदी की जो दीवार (आरक्षण) है उसे भी तोड़ेंगे। न जाने अचानक क्या हुआ कि पीएम मोदी ने जाति जनगणना का आज ऐलान किया।

अब हम सरकार से जानना चाहते हैं कि ये कब तक होगा। तेलंगाना इस मामले में ब्लूप्रिंट बन सकता है। राहुल गांधी ने कहा कि पता नहीं क्या हुआ लेकिन अचानक 11 साल बाद बुधवार को सरकार की ओर से जाति जनगणना की घोषणा कर दी गई। हम इसका पूरा समर्थन करते हैं, लेकिन हम एक समयसीमा चाहते हैं। ये पहला कदम है। तेलंगाना जाति जनगणना में एक मॉडल बन गया है। हम जाति जनगणना की रूपरेखा तैयार करने में सरकार को अपना समर्थन देते हैं। बिहार और तेलंगाना इसके दो उदाहरण भी हैं। हालांकि, दोनों में बहुत अंतर है।

### गन्ने का एमएसपी 355 रुपये प्रति कुंतल घोषित



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने चीनी सीजन 2025-26 के लिए गन्ना का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 15 रुपये बढ़ाकर 355 रुपये प्रति कुंतल घोषित किया है। बुधवार को यहां हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि सरकार ने चीनी सीजन 2025-26 के लिए गन्ना उचित एवं लाभकारी मूल्य (एमएसपी) 340 रुपये प्रति कुंतल से बढ़ाकर 355 रुपये प्रति कुंतल तय कर कर दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस निर्णय से पांच करोड़ गन्ना किसानों को लाभ होगा। इसके अलावा गन्ना खेती के आश्रितों के साथ-साथ चीनी मिलों और संबंधित सहायक गतिविधियों में कार्यरत पांच लाख श्रमिकों को लाभ मिलेगा। श्री वैष्णव ने बताया कि इसके लिए प्रत्येक 0.1 प्रतिशत की वृद्धि के लिए 3.46 रुपये प्रति कुंतल का प्रीमियम किसानों को प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा सरकार ने गन्ना किसानों के हितों की रक्षा के लिए यह भी निर्णय लिया है कि जिन चीनी मिलों की रिकवरी 9.5 प्रतिशत से कम है, उनके मामले में कोई कटौती नहीं की जाएगी। चीनी सीजन 2025-26 के लिए गन्ने की उत्पादन लागत 173 रुपये प्रति कुंतल है। चीनी सीजन 2025-26 एक अक्टूबर, 2025 से आरंभ होगा और मूल्य किसानों से गन्ना खरीदने के लिए लागू होंगे।

## आतंकियों को निशाना बनाकर पाकिस्तान को करारा जवाब दे सरकार: कांग्रेस

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ भाजपा तय नहीं कर पा रही है निशाना किसे बनाया जाए, जबकि इस वक्त निशाना तय होना चाहिए

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि सरकार को इस समय भ्रमित होने की बजाय आतंकवादियों को निशाना बना कर पाकिस्तान को करारा जवाब देना चाहिए। कांग्रेस अपने आधिकारिक पेज पर ट्वीट किया कि भाजपा तय नहीं कर पा रही है कि निशाना किसे बनाया जाए, जबकि इस वक्त निशाना तय होना चाहिए।

सरकार का निशाना आतंकवादी होने चाहिए और पाकिस्तान को कड़ा जवाब मिलना चाहिए। हमने शुरुआत से ही इस संबंध में सरकार का समर्थन किया है और संसद के लिए विशेष सत्र की मांग भी की। फिर सर्वदलीय बैठक हुई, जिसमें प्रधानमंत्री नहीं थे, लेकिन हमने अपनी बात रखी। इसके बाद कांग्रेस पार्टी ने सीडब्ल्यूसी बैठक में प्रस्ताव भी पारित किया। पार्टी ने कहा कि देश के सामने ये संवेदनशील समय है। पहलगाम में जो हुआ, वह क्रूर हमला है, जिसका सूत्रधार पाकिस्तान है। पाकिस्तान को जवाब देना हमारा फर्ज बनता है। इस मामले में हमने सरकार को अपना समर्थन दिया और कहा कि आपके किसी भी एक्शन में हम आपके साथ हैं, लेकिन इसे ध्रुवीकरण का मुद्दा मत बनाइए। कांग्रेस ने इस हमले के संबंध में विशेष संसद सत्र की मांग की गई है, लेकिन उसका जवाब प्रधानमंत्री की तरफ से अभी तक नहीं आया है। पर आज जो लोग कांग्रेस को निशाना बना रहे हैं, उन्हें 26/11 हमले के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी की उस प्रेस कॉन्फ्रेंस को याद करना चाहिए, जो उन्होंने मुंबई हमले के दो दिन बाद ओबरॉय होटल के सामने की थी। ऐसा कभी नहीं हुआ था, जबकि इस मामले में खुद महाराष्ट्र सरकार ने मना किया था कि आप यहां मत आइए, ये सही समय नहीं है।

### भारत ने LOC पर फायरिंग के प्रति पाक को किया आगाह

**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान में उपजी तनावपूर्ण स्थिति के बीच भारत और पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशकों की मंगलवार रात हॉटलाइन पर बातचीत हुई, जिसमें भारत ने पाकिस्तान को नियंत्रण रेखा पर अकारण फायरिंग के प्रति आगाह किया।पाकिस्तानी सेना ने लगातार पांचवें दिन मंगलवार रात को भी जम्मू- कश्मीर के नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर सेक्टरों में नियंत्रण रेखा पर बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। सूत्रों के अनुसार दोनों देशों की सेनाओं के संचालन महानिदेशक हर सप्ताह मंगलवार को नियमित रूप से बात करते हैं।

## कोलकाता में ऋतुराज होटल में आग लगने से 15 लोगों की मौत

**कोलकाता।** मध्य कोलकाता के बड़ा बाजार में फलपट्टी मछुआ के पास ऋतुराज होटल में आग लगने से 15 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

कोलकाता पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मंगलवार रात ऋतुराज होटल में आग लग गई। अब तक 15 शव बरामद किए जा चुके हैं। वहीं कई लोगों को आपातकालीन टीमों ने बचा लिया है। मौके पर पहुंचे कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज कुमार वर्मा ने कहा कि परिसर में घना धुआं भर गया और अधिकांश पीड़ितों की मौत दम घुटने से हुई। छत से कूदकर भागने की कोशिश करते समय एक व्यक्ति की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए एक एसआईटी का गठन किया गया है।

### आंध्र प्रदेश में दीवार गिरने से सात की मौत

**विशाखापत्तनम।** आंध्र प्रदेश में विशाखापत्तनम जिले के प्रसिद्ध सिंहचलम मंदिर के पास बुधवार तड़के दीवार गिरने से तीन महिलाओं समेत कम से कम सात श्रद्धालुओं की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। घटना कथित तौर पर तड़के करीब तीन बजे घटित हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार भारी बारिश और तेज हवा के कारण दीवार गिर गई। हादसे के समय काफी संख्या में श्रद्धालु वार्षिक 'चंदनोत्सवम' उत्सव के अवसर पर श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी के 'निजरूपा दर्शन' के लिए 300 रुपये की टिकट खरीदने के लिए लाइन में इंतजार कर रहे थे। घटना की जानकारी मिलने के बाद जिला कलेक्टर एमएन हरेंधीरा प्रसाद, विशाखापत्तनम के सांसद एम. श्रीभारत और पुलिस आयुक्त शंकरब्रत बागची घटनास्थल पर पहुंचे।

### चंद्रयान-3 एपीएक्सएस ने दक्षिण ध्रुवीय क्षेत्र में वाष्पशील तत्वों को मापा

**चेन्नई।** भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (पीआरएल), अहमदाबाद के वैज्ञानिकों ने चंद्रयान-3 मिशन के प्रज्ञान रोवर पर लगे अल्फा पार्टिकल एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर (एपीएक्सएस) का उपयोग करके दक्षिण ध्रुवीय क्षेत्र के पास शिव शक्ति स्टेशन पर मापे गए वाष्पशील तत्वों की सांद्रता का विश्लेषण किया है। एपीएक्सएस द्वारा मापी गई प्रचुर मात्रा का अन्य उपलब्ध डेटा के साथ तुलना करने पर सोडियम और पोटेशियम में असामान्य कमी का पता चला लेकिन हाइलैंड लैंडिंग साइट पर मिट्टी में सल्फर की मात्रा में वृद्धि हुई।

## गंगोत्री के साथ यमुनोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खुले

■ दोनों धामों में कपाटोद्घाटन के अवसर पर मुख्यमंत्री ने की विशेष पूजा-अर्चना

चिरंजीव सेमवाल



**उत्तरकाशी।** अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर बुधवार सुबह 10:30 बजे गंगोत्री धाम के कपाट विधि-विधान के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। इस शुभ अवसर पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रथम पूजा अर्चना कर मां गंगा से देश और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंडवासियों के लिए यह पर्व किसी उत्सव से कम नहीं है। उन्होंने देशभर के श्रद्धालुओं को चारधाम यात्रा में सम्मिलित होने का आमंत्रण देते हुए बताया कि यात्रा को सुगम बनाने के लिए -शेष पृष्ठ दो पर

## सिंधु जल संधि के निलंबन पर हम कितने तैयार

### सिंधु नदी क्षेत्र के पारिस्थितिकी तंत्र की रक्षा करना होगी बड़ी चुनौती

अबूबकर शिब्ली

**सहारनपुर।** बीते 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी हमले के बाद पूरा देश प्रतिशोध की आग में जल रहा है।

इसी बीच भारत सरकार ने भी कड़ा कदम उठाते हुए लगभग 65 साल पुरानी 'अप्रासंगिक' हो चुकी सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया। जो भारत जैसे विशाल आबादी वाले देश की वर्तमान आवश्यकताओं को देखते हुए जरूरी भी था, लेकिन यहां एक बड़ा सवाल बार-बार विशेषज्ञों को परेशान कर रहा है कि क्या भारत वास्तव में इसके लिए तैयार है? वर्ष 1960 में



विश्व बैंक की मध्यस्थता से हुई सिंधु जल संधि अब भारत के लिए हितकारी नहीं रह गई थी। भारत अब 65 वर्ष पुरानी परिस्थितियों में नहीं रह गया है। तब से लेकर अब तक यहां की आबादी कई गुना तक बढ़ चुकी है। जिनकी जल की मांग पूरी करना कठिन होने लगा है। नीति आयोग की हालिया रिपोर्ट्स बताती हैं कि वर्तमान में लगभग 600 मिलियन भारतीय मध्यम से उच्च 'जल गरीबी' का सामना कर रहे हैं। आने वाले समय में यह संख्या और भी बढ़ सकती है। सिंधु जल संधि का निलंबन और अधिशेष जल का प्रबंधित उपयोग भारत में आसन्न गंभीर जल संकट को कम करने में मदद कर सकता है। लेकिन इसके लिए एक दीर्घकालीन एवं तार्किक रोडमैप की जरूरत होगी, क्योंकि -शेष पृष्ठ दो पर

#### भारत क्या-क्या कर सकता है...

भारत राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के विशेषज्ञों की देख-रेख में इस नदी के जलाधिक्य के सदुपयोग के लिए कृत्रिम जलग्रहण उपायों का विकास करने के साथ ही सिंधु नदी क्षेत्र का पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन कराकर नवीन जल विद्युत परियोजनाओं का निर्माण कर सकता है। इसके अलावा हिमालय नदियों के नहरीकरण की लंबित पड़ी प्रक्रिया में तेजी लाकर अतिरिक्त जल को सूखा प्रभावित क्षेत्रों या जल की कमी वाली अन्य नदियों में पहुंचाने,सिंधु नदी के जल को उत्तर भारत के अन्य राज्यों में सिंचाई तथा पेयजल हेतु आपूर्ति करने के लिए पाइपलाइन नेटवर्क बनाने तथा विश्व बैंक पर इस संधि की पुनर्समीक्षा के लिए दबाव बनाकर पाकिस्तान के लिए पूर्व में निर्धारित हिस्से की मात्रा घटाने की दिशा में काम कर सकता है।

## सुलह कानून के फैसलों को संशोधित कर सकती हैं अदालतें



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की संविधान पीठ ने यह तय करने के लिए बुधवार को फैसला सुनाया कि क्या अदालतें 1996 के मध्यस्थता और सुलह कानून के तहत मध्यस्थ फैसलों में संशोधन कर सकती हैं या नहीं।

सुप्रीम कोर्ट ने 4:1 बहुमत से फैसला सुनाया कि अदालतें मध्यस्थता और सुलह पर 1996 के कानून के तहत मध्यस्थता फैसलों को संशोधित कर सकती हैं। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की ओर से बहुमत से लिए गए फैसले में कहा गया है कि ऐसे फैसलों को संशोधित करने की शक्ति का प्रयोग अदालतों की ओर से सावधानी के साथ किया जाना चाहिए। पीठ में मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति संजय कुमार, न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन और न्यायमूर्ति आगस्टीन जॉर्ज मसीह शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 19 फरवरी को मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

# अखिलेश व मायावती ने किया जातीय जनगणना का स्वागत

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ फ़ैसला 90 प्रतिशत पीडीए की एकजुटता की शत प्रतिशत जीत

■ बीएसपी इसकी मांग काफी लम्बे समय से करती रही थी



**लखनऊ।** उप्र में मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने केंद्र सरकार के जातीय जनगणना के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह देर से उठाया गया सही फैसला है।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जाति जनगणना का फ़ैसला 90 प्रतिशत पीडीए की एकजुटता की शत प्रतिशत जीत है। हम सबके सम्मिलित दबाव से भाजपा सरकार मजबूरन ये निर्णय लेने को बाध्य हुई है। सामाजिक न्याय की लड़ाई में ये पीडीए की जीत का एक अतिमहत्वपूर्ण चरण है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को ये चेतावनी है कि अपनी चुनावी धांधली को जाति जनगणना से दूर रखे। एक ईमानदार जनगणना ही हर जाति को अपनी-अपनी जनसंख्या के अनुपात में अपना वो अधिकार और हक दिलवाएगी, जिस पर अब तक वर्चस्ववादी फन मारकर बैठे थे। ये अधिकारों के सकारात्मक लोकतांत्रिक आंदोलन का पहला चरण है और भाजपा की नकारात्मक राजनीति का अंतिम। भाजपा की प्रभुत्ववादी सोच का अंत होकर ही रहेगा। संविधान के आगे मनविधान लंबे समय तक चल भी नहीं सकता है। ये इंडिया की जीत है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि देश में मूल जनगणना के साथ ही जातीय जनगणना कराने का केन्द्र सरकार द्वारा आज लिया गया फैसला काफी देर से उठाया गया सही दिशा में कदम। इसका स्वागत। बीएसपी इसकी मांग काफी लम्बे समय से करती रही है। उम्मीद है कि सरकार जनगणना से जनकल्याण के इस फैसले को समय से जरूर पूरा कराएगी।

## योगी ने किया फैसले का स्वागत

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्र सरकार के जाति जनगणना के फैसले का स्वागत किया है। योगी ने एक्स पर लिखा कि 140 करोड़ देशवासियों के समग्र हित में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सीसीपीए द्वारा जाति जनगणना को आगामी जनगणना में शामिल किए जाने का निर्णय अभूतपूर्व एवं स्वागत योग्य है। वंचित, पिछड़े और उपेक्षित वर्गों को सही पहचान और सरकारी योजनाओं में उनकी उचित भागीदारी दिलाने की दिशा में यह एक निर्णायक पहल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी का हार्दिक आभार, जिनके नेतृत्व में भाजपा सरकार ने सामाजिक न्याय और डेटा-आधारित सुशासन को वास्तविकता में बदलने का यह ऐतिहासिक निर्णय लिया है।

## भाजपा ने की अखिलेश की निंदा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के साथ तस्वीर वाले पोस्टर छपवाने की कड़ी निंदा की है और कहा है कि आरक्षण विरोधी एवं बाबा साहब की विरोधी कांग्रेस से समझौता करने वाली सपा का साथ दलित कभी नहीं दे सकते हैं। केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अर्जुन राम मेघवाल ने बुधवार को यहां अपने आवास पर मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने दलित वोट बैंक की खातिर अपनी तस्वीर को बाबा साहब डा. भीम राव अंबेडकर के साथ जोड़कर बाबा साहब का अपमान किया है। यादव ने पिछड़ा (ओबीसी) आरक्षण के घोर विरोधी एवं बाबा साहब को संसद पहुंचने से रोकने वाली कांग्रेस पार्टी से गठबंधन किया, इसलिए दलित समाज उनका कभी भी साथ नहीं देगा।

# जाति जनगणना कराना सही कदम शुरू से रही हमारी यह मांग: खड़गे

नई दिल्ली, वार्ता



■ मैंने कई बार मामला संसद में उठाया, पीएम को पत्र भी लिखा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने जाति जनगणना कराने के सरकार के फैसले को सही ठहराते हुए बुधवार को कहा कि कांग्रेस शुरू से यही मांग कर रही है और सरकार ने इसे पूरा कर अच्छा कदम उठाया है।

खड़गे ने कहा कि कांग्रेस ने लगातार जातिगत जनगणना की मांग उठाई थी, जिसके सबसे मुखर पक्षधर पार्टी नेता राहुल गांधी रहे। आज मोदी सरकार ने जनगणना के साथ जातिगत जनगणना कराने की घोषणा की है। ये सही कदम है, जिसकी हम पहले दिन से मांग कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मैंने कई बार इसे संसद में उठाया और प्रधानमंत्री जी को पत्र भी लिखा। इंडिया गठबंधन के नेताओं ने भी कई बार जातिगत जनगणना की मांग की है और लोकसभा चुनाव में ये अहम मुद्दा बना। बार-बार प्रधानमंत्री मोदी सामाजिक न्याय की इस नीति को लागू करने से बचते रहे और विपक्ष पर समाज को बांटने का झूठा आरोप लगाते रहे। जातिगत जनगणना के अभाव में सार्थक सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण कार्यक्रमों का क्रियान्वयन अधूरा है, इसीलिए ये सभी वर्गों के लिए ज़रूरी है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि जनगणना के लिए इस साल के बजट में भी केवल 575 करोड़ रुपये का आवंटन है, इसलिए ये सवाल मुनासिब है कि सरकार इसको कैसे और कब पूरा करेगी। कांग्रेस पार्टी ये मांग करती है कि मोदी सरकार जल्द से जल्द बजट का प्रावधान कर जनगणना और जातिगत जनगणना का काम पूरी पारदर्शिता के साथ चालू करे। जातिगत जनगणना ज़रूरी है, हिस्सेदारी न्याय के बिना सबकी प्रगति अधूरी है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रतापगढ़ में सपा नेता की सात करोड़ की संपत्ति कुर्क

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिला प्रशासन ने समाजवादी पार्टी के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष गुलशन यादव की आपराधिक कृत्य से अर्जित सात करोड़ रुपये की चल अचल संपत्ति तत्काल प्रभाव से कुर्क करने का आदेश जारी किया है। जिला मजिस्ट्रेट शिव सहाय अवस्थी ने सपा नेता गुलशन यादव की अवैध स्रोतों से अर्जित चल-अचल सम्पत्ति/ आवासीय जमीन तत्काल प्रभाव से कुर्क करने का आदेश जारी किया है, एएसपी पश्चिमी संजय राय ने बुधवार को बताया है कि यह कार्यवाही उत्तर प्रदेश गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत की गई है।

### मोदी आज जाएंगे महाराष्ट्र, केरल और आंध्र के दौरे पर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल से महाराष्ट्र, केरल और आंध्र प्रदेश के दो दिन के दौरे पर जाएंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार मोदी गुरुवार को मुंबई में विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह केरल जाएंगे और शुक्रवार को विझिंजम इंटरनेशनल डीपवाटर मल्टीपर्पज सीपोर्ट को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इस अवसर पर वह उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री बाद में आंध्र प्रदेश जाएंगे और अमरावती में 58,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

### सिलचर से शिलांग के बीच गलियारे को केन्द्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने असम के सिलचर से मेघालय के शिलांग के बीच 22 हजार 864 करोड़ रूपये की लागत से राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या छह के 166.80 किलोमीटर लंबे गलियारे के हिस्से के विकास, रख रखाव और प्रबंधन के प्रस्ताव को बुधवार को मंजूरी दे दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी।

# विवाद में न पड़ें, एक होकर रहें: गुलाम नबी

श्रीनगर, वार्ता



■ पाकिस्तान को सबक सिखाने का सही समय आ गया

इस समय देश पहलगाम हमले का दंश झेल रहा है और पाकिस्तान के खिलाफ रणनीति तैयार करने में जुटा हुआ है। इस बीच जम्मू कश्मीर के पूर्व सीएम गुलाम नबी आजाद ने कहा कि 8 दिन हो गए, अब बहुत हो गया, अब कोई न कोई कार्रवाई करनी ही चाहिए। पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाना चाहिए कि वह सात जन्मों तक याद रखे। उन्होंने कहा कि सरकार ने कल सेना को पूरी छूट देकर अच्छा फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि मल्टी प्रोन स्ट्रैटेजी से आतंकी घटनाएं कम होंगी, एक ही साथ कई मोर्चों पर काम करना होगा।

उन्होंने कहा कि अधिकतर लोग जो आतंकी घटना में पाए जाते हैं, वो गरीब और बेरोजगार होते हैं। वैचारिक रूप से मजबूत आतंकी कम हैं। आतंकी धर्म पूछकर पहले भी मारते थे, पंजाब में सिखों को मारते थे, हिन्दू को छोड़ देते थे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के ट्रैप में देश को नहीं पड़ना चाहिए। पूर्व सीएम ने कहा कि सुरक्षा में कमी पर कमी रह जाती है, आज इस पर चर्चा करने की बजाय उचित समय का इंतजार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसी बातों से दुश्मन को फायदा मिलेगा। अलग-अलग भाषा बोलने का समय नहीं, यूनिटी का समय है। पाकिस्तान में फौज और सरकार में डिविजन है, हमें जानबूझकर विवाद में नहीं फंसना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। पाकिस्तान इस समय एक हो गया है, फौज, राजनीतिक दल में विवादों के बावजूद वो एक हो गए हैं। हमें भी एक रहना है, हमारे बीच का विभाजन पाकिस्तान को मौका देगा। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्रवाई हो कि दुश्मन भी मर जाए और लाठी भी न टूटे। उन्होंने कहा कि संसद का सत्र बुलाया भी जाए, तो सभी दल सिर्फ इसी विषय पर केंद्रित रहें, बाकी वाद-विवाद अगले सत्र में हो सकता है। उन्होंने कहा कि जिसने घटना को अंजाम दिया, वो पाकिस्तानी मुस्लिम था। अगर हिन्दू मुसलमान भी होता, तो गुनाह सिर्फ व्यक्ति करता है, उसके गुनाह की सज़ा कौम को नहीं मिलनी चाहिए।

## योगी सरकार का किसानों के लिए बड़ा ऐलान

# इजरायली तकनीक से दोगुनी होगी आमदनी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ राज्य में 26 करोड़ उन्नत पौध तैयार किए जाएंगे

■ प्रदेश के हर जिले में दो-दो हाइटेक नर्सरियां स्थापित होंगी

**लखनऊ।** यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार खेती-किसानी को आधुनिक तकनीक से जोड़कर किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रही है। अब प्रदेश में इजरायल की अत्याधुनिक कृषि तकनीक की मदद से सब्जी उत्पादन में गुणात्मक और मात्रात्मक सुधार की तैयारी हो रही है। इस योजना के तहत राज्य में 26 करोड़ उन्नत पौध तैयार किए जाएंगे, जिससे किसानों को अधिक उपज मिलेगी और उनकी आमदनी में इजाफा होगा।

प्रदेश सरकार द्वारा कौशांबी में 'सेंटर आफ एक्सीलेंस फार फ्रूट्स' और चंदौली में 'सेंटर आफ एक्सीलेंस फॉर वेजिटेबल्स' की स्थापना की जा रही है। इसके साथ ही प्रदेश के हर जिले में दो-दो हाईटेक नर्सरियों की स्थापना की योजना है। कुल मिलाकर 150 हाईटेक नर्सरियों का नेटवर्क तैयार किया जा रहा है, जो किसानों को अच्छी क्वालिटी की पौध, प्रशिक्षण और आधुनिक खेती के सभी संसाधन उपलब्ध कराएगा। प्रदेश के उद्यान राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने जानकारी दी कि इन प्रयासों से किसानों की आय को दोगुना करने में मदद मिलेग। उन्होंने बताया कि ड्रिप और स्प्रिकलर सिंचाई के लिए किसानों को भारी सब्सिडी दी जा रही है। ड्रिप सिंचाई पर लघु व सीमांत किसानों को 90 प्रतिशत और अन्य को 80 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। इसी तरह स्प्रिकलर सिस्टम पर 75 प्रतिशत से 65 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि सरकार का फोकस इस समय खेती की लागत कम करने, उत्पादन बढ़ाने और किसानों को बेहतर मार्केटिंग सुविधाएं देने पर है। हाईटेक नर्सरियों और सेंटर आफ एक्सीलेंस के जरिए किसानों को बीज, पौध, उर्वरक, कीटनाशक, जैविक उत्पाद, जल प्रबंधन और बाजार से जुड़ी हर जानकारी सुलभ कराई जाएगी।

### यूपी वालों को भी जारी होगा ई-पासपोर्ट

**लखनऊ।** यूपी के यात्रियों के लिए भी अब चिप लगे ई-पासपोर्ट उपलब्ध हो गए हैं। लगभग 3 साल के लंबे इंतजार के बाद इंडियन सिक्योरिटी प्रेस नासिक से ई-पासपोर्ट की खाली बुकलेट जारी होने के बाद ही इस नई सुविधा को अनौपचारिक रूप से शुरू कर दिया गया है। मई या जून तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे देश में ई-पासपोर्ट की सुविधा को शुरू कर सकते हैं। हालांकि नए फीचर वाले ई-पासपोर्ट की जानकारी लेने के लिए आवेदक पासपोर्ट कार्यालय पहुंच रहे हैं। ई-पासपोर्ट को जारी करने के लिए पासपोर्ट सर्विस प्रोग्राम 2.0 सॉफ्टवेयर की मदद ली गई है। इस नए ई-पासपोर्ट में सुरक्षा से जुड़े 41 फीचर है, जो लोगों के काफी मददगार साबित होने वाली है, जो यात्रा के दौरान काफी समय बचाएंगे। पासपोर्ट सेवा केंद्र और पीओपीएसके में दस्तावेज की प्रक्रिया को पूरा करते समय आवेदक के डिजिटल हस्ताक्षर, चेहरे की फोटो, बायोमीट्रिक को चिप में सुरक्षित स्टोर किया जाएगा। इस नए ई-पासपोर्ट से इंटरनेशनल सिविल एविएशन ऑर्गेनाइजेशन ऐसे में इस नए ई-पासपोर्ट की सहायता से पासबुक दिखाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### कब्जामुक्त कराएं जमीन, दबंगों को सिखाएं सबक: मुख्यमंत्री

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि गरीब और कमजोर वर्ग की जमीनों पर कब्जा करने वाले दबंगों को कड़ा सबक सिखाया जाए और जमीन को कब्जा मुक्त कराएं। मुख्यमंत्री ने बुधवार को यहां गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गरीबों की जमीन पर यदि किसी ने कब्जा किया है, तो तत्काल जमीन को कब्जा मुक्त कराने के साथ दबंगों को सबक सिखाया जाए। किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले बख्शे न जाएं।

उनके खिलाफ कानून सम्मत सख्त एक्शन लिया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता वह निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए। जनता दर्शन के दौरान एक महिला ने जमीनी विवाद से जुड़ी समस्या मुख्यमंत्री को बताई। इस पर योगी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही का निर्देश देते हुए महिला को भरोसा दिया कि उनके साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री का यह आश्वासन सुनते ही महिला ने भारी मन से एक और पीड़ा बता दी। कहा कि घर वापस जाने के लिए किराया नहीं है। महिला की यह बात सुन योगी ने कहा, परेशान मत होइए, घर जाने का किराया भी मिल जाएगा। इतना कहते ही उन्होंने मंदिर प्रबंधन से जुड़े लोगों से महिला को किराए की रकम देने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री के इस भावपूर्ण व्यवहार पर महिला करबद्ध होकर कृतज्ञता जताने लगी।

## अर्थ व्यापार

# बिकवाली से शेयर बाजार की तेजी थमी

मुंबई, वार्ता



विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, इंडस्ट्रियल्स, पावर और सर्विसेज समेत पंद्रह समूहों में हुई बिकवाली से बुधवार को शेयर बाजार की लगातार दो दिनों की तेजी थम गई। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 46.14 अंक टूटकर 80,242.24 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 1.75 अंक फिसलकर 24334.20 अंक पर सपाट बंद हुआ। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में अधिक बिकवाली हुई। इससे मिडकैप 0.72 प्रतिशत लुढ़ककर 42,883.72 अंक और स्मॉलकैप 1.74 प्रतिशत का गोता लगाकर 47,400.31 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4063 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2938 में गिरावट जबकि 975 में तेजी रही वहीं 150 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए कुल 2927 कंपनियों के शेयर रखे गए, जिनमें से 2228 में बिकवाली जबकि 631 में लिवाली हुई वहीं 68 के भाव स्थिर रहे। बीएसई में 15 समूहों में बिकवाली हावी रही। इस दौरान कमोडिटीज 0.93, सीडी 0.45, ऊर्जा 0.10, एफएमसीजी 0.32, वित्तीय सेवाएं 0.72, इंडस्ट्रियल्स 1.20, आईटी 0.55, यूटिलिटीज 0.88, बैंकिंग 0.57, कैपिटल गुड्स 0.80, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.87, धातु 0.41, पावर 0.89, सर्विसेज 1.10 और फोकस्ड आईटी के शेयर 0.49 प्रतिशत टूट गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इससे ब्रिटेन का एफटीएसई 0.16, जर्मनी का डैक्स 0.59, जापान का निक्केई 0.57 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.51 प्रतिशत चढ़ गया। वहीं, चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.23 प्रतिशत की गिरावट रही। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 82 अंक की बढ़ोतरी लेकर 80,370.80 अंक पर खुला और दमदार लिवाली की बदौलत दोपहर बाद 80,525.61 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 79,879.15 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया।

### धनखड़ करेंगे राज्यपाल पटेल की पुस्तक का विमोचन

**लखनऊ।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ गुरुवार को यहां उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के जीवन-वृत्तांत पर आधारित पुस्तक 'चुनौतियां मुझे पसंद है' का लोकार्पण करेंगे। यह गरिमामय कार्यक्रम डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के पंडित अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देशीय सभागार में संपन्न होगा। इस विशेष अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं ब्रजेश पाठक तथा राज्य मंत्रिमंडल के अन्य सदस्यगण, पद्म पुरस्कार विजेतागण, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारीगण, विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, विद्यार्थी, अध्यापकगण तथा समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े विशिष्ट जनों की उपस्थिति कार्यक्रम की गरिमा को और भी बढ़ाएगी।

# खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख, जिंसों में टिकाव

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजारों में लगातार जारी गिरावट और स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा, जबकि अन्य जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 39 रिंगिट उतरकर 3971 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.31 सेंट की गिरावट लेकर 49.02 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सरसों तेल 366 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया, जबकि मूंगफली तेल 733 और वनस्पति तेल 368 रुपये प्रति क्विंटल लुढ़क गया। वहीं सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे।

इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9150-9250, अरहर दाल 8400-8500 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3550-3650 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**देश में ....**

संख्या 69 पर अंकित है और यह केंद्र का विषय है। हालांकि, कई राज्यों ने सर्वे के माध्यम से जातियों की जनगणना की है। जहां कुछ राज्यों में यह कार्य सूचारू रूप से संपन्न हुआ है, वहीं कुछ अन्य राज्यों ने राजनीतिक दृष्टि से और गैरपारदर्शी ढंग से सर्वे किया है। इस प्रकार के सर्वे से समाज में भ्रांति फैली है। इन सभी स्थितियों को ध्यान में रखते हुए और यह सुनिश्चित करते हुए कि हमारा सामाजिक ताना बाना राजनीति के दबाव में न आए, जातियों की गणना एक सर्वे के स्थान पर मूल जनगणना में ही सम्मिलित होनी चाहिए। इससे यह सुनिश्चित होगा कि समाज आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से मजबूत होगा और देश की भी प्रगति निर्बाध होती रहेगी।

श्री वैष्णव ने कहा कि दिनांक 30 अप्रैल 2025 के दिन प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में राजनीतिक विषयों की कैबिनेट समिति ने यह निर्णय लिया है कि जातियों की गणना को आने वाली जनगणना में सम्मिलित किया जाए। यह इस बात को दर्शाता है कि वर्तमान सरकार देश और समाज के सर्वांगीण हितों और मूल्यों के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि इसके पहले भी जब समाज के गरीब वर्गों को 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया था, तो समाज के किसी घटक में कोई तनाव उत्पन्न नहीं हुआ था। उल्लेखनीय है कि सरकार के इस फैसले का बिहार विधानसभा के सितम्बर अक्टूबर में होने वाले चुनाव की दृष्टि से देखा जा रहा है जहां विपक्षी इंडी गठबंधन द्वारा उठाई गई जातीय जनगणना कराने की मांग जोर पकड़ रही है। केन्द्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार के इस फैसले को बिहार की राजनीति में उलटफेर करने वाला निर्णय माना जा रहा है।

**गंगोत्री के साथ...**

राज्य सरकार की सभी तैयारियां पूर्ण हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दोनों धामों में कपाटोद्घाटन समारोह में संकल्प लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से पहली पूजा की और चारधाम यात्रा के सफल आयोजन तथा देश-प्रदेश की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की मंगल कामना की है। पुष्कर सिंह धामी यमुनोत्री धाम के कपाटोद्घाटन में पहुंचने वाले पहले मुख्यमंत्री हैं। इस अवसर पर गंगोत्री एवं यमुनोत्री मंदिर के ऊपर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। इस मौके पर तीर्थ पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ देवी की भोग मूर्ति (चल विग्रह) को गर्भगृह में स्थापित कर विधिपूर्वक पूजा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से धाम में पहली पूजा संपन्न कराई गई। कपाट खुलते ही गंगोत्री धाम 'हर-हर गंगे' के जयकारों से गूंज उठा और मंदिर प्रांगण में फूलों की वर्षा की गई। धाम में उपस्थित तीर्थ यात्रियों और स्थानीय जनप्रतिनिधि इस अलौकिक दृश्य के साक्षी बने। इस दौरान तीर्थ पुरोहितों ने मुख्यमंत्री धामी के समक्ष झांगला मोटर मार्ग निर्माण की मांग भी रखी। गंगोत्री धाम में विशेष पूजा-अभिषेक के साथ पूर्वाह्न 10 बजकर 30 मिनट पर गंगोत्री मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले गए। मां यमुना की डोली शनिदेव महाराज की अगुवाई में शीतकालीन प्रवास स्थल खरसाली से चलकर यमुनोत्री धाम पहुंची। धार्मिक विधि-विधान के साथ पूर्वाह्न 11 बजकर 55 मिनट पर यमुनोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोले गए। कपाट खुलने के अवसर पर देश विदेश से आए हजारों श्रद्धालुओं ने अखंड ज्योति के दर्शन किए तथा गंगा और यमुना में स्नान कर पुण्य अर्जित किया। चारधाम यात्रा की परंपरा वामावर्ती क्रम में होती है, जिसमें यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बदरीनाथ शामिल हैं।

गंगोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष धर्मानंद सेमवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष नागेंद्र सिंह चौहान, सचिव सुरेश सेमवाल, विधायक सुरेश चौहान, पूर्व विधायक विजय पाल सजवाण, मुख्यमंत्री के गढ़वाल समन्वयक किशोर भट्ट, जिलाधिकारी डा. मेहरबान सिंह बिष्ट, पुलिस अधीक्षक सरिता डोभाल, अपर जिलाधिकारी पी.एल. शाह, डुंडा के उपजिलाधिकारी देवानंद शर्मा, भटवाड़ी की उपजिलाधिकारी भटवाड़ी शालीन नेगी, पालिकाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान, रावल रवीन्द्र सेमवाल व संजीव सेमवाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। यमुनोत्री धाम में कपाटोद्घाटन के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी उत्तरकाशी एस.एल सेमवाल, उप जिलाधिकारी बृजेश कुमार तिवारी, यमुनोत्री मंदिर समिति के उपाध्यक्ष संजीव उनियाल , सचिव सुनील उनियाल खंड विकास अधिकारी नौगांव प्रकाश पंवार भी मौजूद थे।

**सिंधु जल संधि...**

इस मामले में थोड़ी भी लापरवाही गंभीर पर्यावरणीय संकट खड़ा कर सकती है। दरअसल, सिंधु महज एक नदी नहीं है। बल्कि एक प्रणाली है, जो अनेक छोटी बड़ी अंतराष्ट्रीय नदियों के अतिरिक्त चिनाब, झेलम, रावी, व्यास, सतलुज जैसी विशाल जल राशि वाली नदियों से मिलकर बनती है। इन पांचों नदियों को सम्मिलित रूप से 'पंचनद' कहा जाता है। साथ ही यह नदी प्रणाली लद्दाख व कश्मीर जैसे पारिस्थितिकी रूप से अति संवेदनशील क्षेत्र से होकर बहती है। यह क्षेत्र पहले से ही पर्यावरणविदों के लिए चिंता का विषय रहा है। भारत सरकार द्वारा सिंधु जल संधि को निलंबित करने की घोषणा ने पारिस्थितिकी विशेषज्ञों को एक बार फिर से चिंतित कर दिया है। उनका कहना है कि सिंधु नदी तंत्र प्रतिदिन भारी मात्रा में जलराशि का परिवहन करता है। जो प्राकृतिक रूप से तिब्बत से शुरू होकर भारत व पाकिस्तान के रास्ते बहते हुए अरब सागर में जाकर मिल जाता है।

ऐसे में यदि इसके मार्ग को अवरुद्ध करने का प्रयास किया गया तो यह पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में भयंकर बाढ़ व भूकंप जैसी गंभीर प्राकृतिक आपदाओं को दावत देना होगा। जिससे भारी जन-धन की हानि होगी। साथ ही हिमालय के प्राकृतिक पर्यावरण के लिए भारी असंतुलन उत्पन्न होगा। यह नदी अनेक वितरिकाओं में बंटकर अन्य मार्गों का अनुसरण करने लगेगी। जिससे लद्दाख, कश्मीर से लेकर पंजाब व हरियाणा तक की मानव बस्तियां खतरे में आ जाएंगी।

इतना ही नहीं दीर्घकाल में यह पूर्वोत्तर भारत में बहने वाली ब्रह्मपुत्र नदी को भी प्रभावित कर सकती है। क्योंकि सिंधु, सतलुज और ब्रह्मपुत्र नदियों के उत्पत्ति बिंदु लगभग एक ही हैं। जो तिब्बत क्षेत्र की मानसरोवर रेंज में स्थित हैं। यह तो साफ है कि सिंधु जल संधि अब भारत की मौजूदा जरूरतों से मेल नहीं खा रही थी। साथ ही पाकिस्तान की 'नापाक हरकतों' पर लगाम लगाने और उसे यह संदेश कि 'पानी और खून साथ साथ नहीं बह सकते', देने के लिए इस संधि का निलंबन जरूरी भी था, लेकिन जरूरी यह भी है कि भारत सरकार जल्दबाजी से बचते हुए बहुत सोच समझ कर विशेषज्ञों की राय से साथ इस दिशा में आगे बढ़े। ताकि हिमालय के अति संवेदनशील क्षेत्र में उत्पन्न होने वाले संभावित पारिस्थितिकी सरोकारों को न्यूनतम किया जा सके।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैंडजॉगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# बहन के रिश्ते से नाराज किशोर ने प्रेमी पर चाकू से किए कई वार

**वारदात सीसीटीवी कैमरों में कैद डॉक्टरों ने ऑपरेशन के बाद भी युवक की हालत गंभीर बताई**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** समयपुर बादली इलाके मे लड़की से प्यार करने की एवज में लडकी के नाबालिग भाई ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर बहन के प्रेमी पर चाकू से कई वार किये। चाकू पेट में इतने गहरे लगे कि पेट से अतडियां भी बाहर आ गई।

वारदात के बाद तीनों मौके पर से फरार हो गए। वारदात सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जिनकी तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है और नाबालिग के परिजनों से पूछताछ भी कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि समयपुर बादली पुलिस को शाम चार बजे आरएफसी पिज्जा प्वाइंट वीर बाजार स्थित दुकान के बाहर एक युवक पर तीन से चार युवकों ने चाकू से कई वार किये हैं। पुलिस मौके पर पहुंची। लविश(२४) नामक युवक दुकान के बाहर खून से लथपथ हालत में अधमरी हालत में पड़ा था। लविश को तुरंत नजदीक के बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने ऑपरेशन के बाद लविश की हालत गंभीर बताई। फॉरेंसिक टीम की मदद से वारदात वाली जगह से सबूत इक्ठ्ठा किये।

सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। जिसमें वारदात कैद हुई। शुरूआती जांच में पुलिस को पता चला कि एक किशोर अपने दो साथियों के साथ उसकी दुकान पर आया और उस पर हमला कर दिया तथा चाकू से वार किया। घायल लविश का आरोपी की बहन से रिश्ता था जो शालीमार बाग, दिल्ली में लॉयन ब्लड सेंटर में काम करती है। उसके दो भाई हैं। दोनों भाई इस रिश्ते के खिलाफ थे। कुछ महीने पहले बड़े भाई ने लविश को अपनी बहन से दूरी बनाने के लिए कहा। कल उसके छोटे भाई जो १६ साल का है और एसकेवी, एफयू ब्लॉक, पीतमपुरा, दिल्ली में कक्षा १०वीं का छात्र है, ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर उसे चाकू मार दिया। परिजनों ने बताया कि लविश परिवार के साथ सी-४०, राणा पार्क,बदरपुर इलाके में रहता है। लविश और उसका परिवार रेस्टोरेंट चलाया करता है। जहां पर वारदात हुई,वह उसी दुकान में रेस्टोरेंट है। रेस्टोरेंट देर तक चलने पर लविश वहीं पर रुक जाता है। सोमवार को लविश की बहन की शादी हुई थी। मेहमानों के सोने के बैठने के लिये आए गद्दों को टेंट हाउस वाले को भेजने थे।

## अवैध फायर आर्म्स सिंडिकेट का भंडाफोड़, दो पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने इंटरस्टेट अवैध फायर आर्म्स सिंडिकेट का भंडाफोड़ कर दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से दो सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल, दो अतिरिक्त मैगजीन और चार सिंगल-शॉट पिस्टल बरामद की हैं।

आरोपी एमपी स्थित हथियार सप्लायर से हथियार खरीदकर उन्हें दिल्ली/एनसीआर और हरियाणा में अपराधियों को सप्लाई करते थे। दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मनोज सी ने बताया कि स्पेशल सेल/दक्षिणी रेंज के पास सूचना थी कि दिल्ली/एनसीआर में गैंगस्टर और हार्डकोर अपराधी मध्य प्रदेश स्थित हथियार सप्लायर से अत्याधुनिक हथियार खरीद रहे हैं।

# एसीबी ने सिसोदिया व सत्येंद्र जैन के खिलाफ दर्ज की एफआईआर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, और शिक्षा व पीडब्ल्यूडी मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ एंटी क्रप्शन शाखा ने अत्यधिक लागत पर कक्षाओं के निर्माण में हुए भ्रष्टाचार के आरोपों में एफआईआर दर्ज की है।

आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के शासनकाल में दिल्ली में १२,७४८ कक्षाओं/ भवनों के निर्माण में दो हजार करोड़ रुपये का भारी घोटाला हुआ था। निर्धारित अवधि के भीतर एक भी काम पूरा नहीं हुआ था।

निर्माण कार्य के लिए कंसलटेंट और आर्किटेक्ट की नियुक्ति भी मनमाने ढंग से की गई थी। इन्हीं के जरिए निर्माण की लागत बढ़ाई गई। इस मामले में बिना नए टेंडर के कुल ३२६.२५ करोड़ की लागत बढ़ाई गई, जिनमें २०५.४५ करोड़ सिर्फ रिचर स्पेसिफिकेशन के कारण खर्च हुए। आप नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायतें भाजपा प्रवक्ता हरीश खुराना, विधायक कपिल मिश्रा और नीलकंठ बक्शी ने दर्ज कराई थी।

एसीबी प्रमुख मधुर वर्मा ने कहा कि जांच में अज्ञात सरकारी अधिकारियों और ठेकेदारों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। बता दें कि सीवीसी की रिपोर्ट में कई अनियमितताएं सामने आईं, लेकिन इसे तीन साल तक दबाया गया। बताया गया कि १२,७४८ कक्षाओं/ भवनों के निर्माण का ठेका २४ ठेकेदारों को दिया गया था। जो पार्टी के ही कार्यकर्ता थे। आरसीसी कक्षाओं (७५ साल की उम्र) के बराबर लागत पर अर्ध-स्थायी संरचना (एसपीएस) कक्षाओं (३० साल की उम्र) का निर्माण और एसपीएस को अपनाने से स्पष्ट रूप से कोई वित्तीय लाभ नहीं हुआ। एसीबी रिपोर्ट की मानें तो जिस क्लासरूम को पांच लाख रुपये में बनाया जा सकता था,उसको २४.८६ लाख रुपए में बनाया गया। अर्ध-स्थायी संरचना (एसपीएस) निर्माण की लागत २२९२ रुपए प्रति वर्ग फीट तक दर्शाई गई, जो कि पक्के स्कूल भवनों की लागत २०४४ से २४१६ प्रति वर्ग फीट के लगभग बराबर है।

## एक नजर

### आतंक के आकाओं को पीएम मोदी का संदेश साफ: खंडेलवाल

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में २२ अप्रैल २०२५ को हुए आतंकी हमले के बाद से पूरा देश गुस्से में है। जगह जगह मार्च निकाले जा रहे हैं। इसको लेकर भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि भारत चुप नहीं बैठेगा। खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने बार-बार इसे स्पष्ट किया है कि आतंकी हमले के बाद भारत चुप नहीं बैठेगा। और करारा जवाब उन सब लोगों को दिया जाएगा। चाहे वह आतंकी हो या उनका सहयोग करने वाले या उनके पीछे काम करने वाले। पहले जब भी ऐसा मौका आया है, भारत ने मुंहतोड़ जवाब दिया है। प्रधानमंत्री मोदी फैसले भी लेते हैं और उन्हें लागू करने की क्षमता भी रखते हैं।

### ऑन द स्पॉट सबसे ज्यादा चालान बिना पीयूसी के

**नई दिल्ली।** राजधानी में सबसे ज्यादा ऑन द स्पॉट चालान .बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र (पीयूसीसी) के चलने वाले वाहनों के होते हैं। इनमें भी सर्वाधिक चालान शाम चार से रात आठ के बीच हैं। ये आंकड़ा जनवरी से मार्च के बीच का है। जनवरी में बिना पीयूसीसी चलने वाले ९१७२७ वाहनों के चालान हुए हैं। इनमें सुबह आठ से दोपहर १२ तक २८४६१, दोपहर १२ से शाम ४ के बीच २९०२९, शाम चार से रात आठ तक २९०१९ और रात आठ से १२ बजे तक ४२३४ चालान हुए हैं। जनवरी में सबसे कम चालान सुबह चार से आठ बजे तक कुल २८२ हुए हैं। हालांकि फरवरी में बिना पीयूसीसी वाले ६२४४३ चालान ही हुए हैं। मार्च में यह घटकर ६११३६ रह गई।

### सोनी पिक्चर्स ने हिंदी मूवी यूनिवर्स का विस्तार किया



**नई दिल्ली।** सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया (एसपीएनआई) ने हिंदी मूवी ब्रॉडकास्ट स्पेस में अपनी उपस्थिति को और सशक्त करते हुए अपने नए चौनल सोनी मैक्स १ की घोषणा की है, जिसे लीनियर टीवी दर्शकों के लिए सिनेमाई अनुभव को और भी ऊंचा उठाने के उद्देश्य से लॉन्च किया जा रहा है।फिल्मों का ऐसा चस्का, जो देखे हक्का-बक्का" जैसी जोशीली टैगलाइन के साथ यह चौनल दर्शकों के मनोरंजन के लिए फिल्मों का एक दिलचस्प और विशेष रूप से तैयार किया गया मिश्रण लेकर आ रहा है। सोनी मैक्स १, १ मई २०२५ से देशभर के प्रमुख डीटीएच और केबल प्लेटफॉर्म्स पर प्रसारित होने के लिए तैयार है, और यह हिंदी फिल्मों के प्रेमियों के लिए पसंदीदा डेस्टिनेशन बनने की ओर अग्रसर है।' तुषार शाह, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर (सीएमओ) एवं बिजनेस हेड ख्र मूवीज, रीजनल और इन्फोटेनमेंट चौनल्स, सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया (एसपीएनआई):'"प्रभावशाली ब्रांड्स विकसित करने की विरासत और दर्शकों की पसंद की गहरी समझ के साथ, सोनी मैक्स १ का लॉन्च हमारे हिंदी मूवीज क्लस्टर के विस्तार की दिशा में एक अहम कदम है।

### शिखर धवन ने किया इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स चैंपियनशिप की जर्सियों का अनावरण



**नई दिल्ली।** इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स चैंपियनशिप (आईएलसी) के पहले सत्र की आधिकारिक टीम जर्सियों का अनावरण बुधवार को राजधानी में किया गया। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने इस अवसर पर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उनके साथ पूर्व भारतीय क्रिकेटर परविंदर अवाना, प्रवीण कुमार और टूर्नामेंट के संस्थापक प्रदीप सांगवान भी उपस्थित रहे। चैंपियनशिप का आयोजन २७ मई से ग्रेटर नोएडा स्थित शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में किया जाएगा। इस अवसर पर धवन ने कहा, यह एक शानदार पहल है जो दुनिया भर के लीजेंड्स को एक मंच पर लाती है। यह टूर्नामेंट दर्शकों के लिए रोमांच और यादों का अनूठा संगम होगा।" कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के खानपुर क्षेत्र से विधायक उमेश कुमार भी उपस्थित रहे। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा, "शुरुआत में इस स्तर के आयोजन की कल्पना कठिन लगती थी, परंतु प्रदीप सांगवान की मेहनत ने इसे साकार कर दिखाया। आईएलसी में छह टीमों के बीच कुल १८ मैच खेले जाएंगे। टीमें छह महाद्वीपों का प्रतिनिधित्व करेंगीख्र अफ्रीकन लायंस, ट्रांस टाइटन्स (ऑस्ट्रेलिया व न्यूजीलैंड), यूरोप ग्लैडिएटर्स, अमेरिकन टाइगर्स, एशियन एवेंजर्स और इंडियन वॉरियर्स। टूर्नामेंट का सीधा प्रसारण सोनी नेटवर्क पर किया जाएगा। आईएलसी के संस्थापक प्रदीप सांगवान ने कहा, "यह टूर्नामेंट सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि क्रिकेट की वैश्विक एकता का उत्सव है।" आयोजन का प्रबंधन १०० स्पोर्ट्स द्वारा किया जा रहा है।

### तस्कर लाखों रुपये की ड्रग्स के साथ पकड़ा

**नई दिल्ली।** अपराध शाखा ने दिल्ली और एनसीआर में हेरोइन की तस्करी करने वाले एक अंतर्राज्जीय ड्रग्स तस्कर रोहित कुमार उर्फ बोंचा को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से २००.३२ ग्राम हेरोइन और वारदात में इस्तेमाल बाइक जब्त की है। पुलिस आरोपी के सॉर्स के बारे में जानकारी लेने की कोशिश कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अपराध शाखा को आरोपी के बारे में जानकारी मिली थी कि वह आउटर रिंग रोड, वजीराबाद में किसी को हेरोइन सप्लाई करने आएगा। एसीपी अजय कुमार की देखरेख में पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर पता चला कि वह पहले जीआरपी गाजियाबाद, यूपी और हजरत निजामुद्दीन रेलवे थाने में चोरी के मामलों में शामिल रहा है।

### हत्या के प्रयास का मामला सुलझाया, दो नाबालिग पकड़े

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरी जिला पुलिस के गुलाबी बाग थाने के स्टाफ ने हत्या के प्रयास का मामला सुलझाकर दो नाबालिगों को पकड़ा है। पुलिस ने उनके पास से अपराध का हथियार यानी चाकू बरामद किया है। दिल्ली के उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त राजा बंठिया ने बताया कि २५ अप्रैल को गुलाबी बाग थाने में पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी जिसमें, गुलाबी बाग के एक सार्वजनिक शौचालय के बाहर एक धारदार हथियार से हिंसक हमला किए जाने की सूचना मिली थी । स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची जहां स्थानीय लोगों ने पुलिस स्टाफ को बताया कि दो लड़कों ने अचानक और हिंसक विवाद के बाद सार्वजनिक शौचालय के गेट के बाहर दो व्यक्तियों पर धारदार हथियार से क्रूर हमला किया था। गंभीर रूप से घायल पीड़ितों को अस्पताल ले जाया गया।



निगम के पार्कों की समस्याओं पर बैठक करते हुए महापौर राजा इकबाल सिंह।

# निगम के पार्कों की समस्याओं पर बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के पार्कों की बेहतर देखरेख और सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, माननीय महापौर राजा इकबाल सिंह ने आज उप-महापौर एवं वरिष्ठ पार्षदों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में निगम के विभिन्न पार्कों से जुड़ी गंभीर समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

महापौर कार्यालय में आयोजित इस बैठक में प्रमुख रूप से टूटी हुई चारदीवारी, जर्जर पगडंडियां, अपर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, सूखे पत्तों का ढेर, माली की कमी, वन विभाग से छंटाई की अनुमति में देरी तथा पानी के पंपों की खराब स्थिति जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। महापौर श्री राजा इकबाल सिंह ने कहा, "पार्कों का रखरखाव जनहित का विषय है और हम इन समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करेंगे। पार्क नागरिकों के मनोरंजन, स्वास्थ्य और सामुदायिक जुड़ाव के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। हमें इन्हें स्वच्छ, हरा-भरा और सुरक्षित बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है।"महापौर ने अधिकारियों को तुरंत प्रभाव से मरम्मत कार्यों और नियमित देखरेख के लिए कार्य योजना तैयार कर लागू करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, वन विभाग के साथ समन्वय बनाकर पेड़-पौधों की छंटाई से संबंधित अनुमतियों को शीघ्र प्राप्त करने पर भी जोर दिया गया।

## एक कुख्यात ऑटो-लिफ्टर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण पश्चिम जिला पुलिस के स्पेशल स्टाफ ने एक कुख्यात ऑटो-लिफ्टर को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके पास से पांच चोरी किए गए दोपहिया वाहन बरामद किए है। आरोपी पालम गांव थाने का एक बी.सी. है और पहले भी एम.वी. चोरी और डकैती के आठ मामलों में शामिल रहा है।पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर एम.वी. चोरी के पांच मामलों को सुलझा लिया है। दिल्ली के दक्षिण पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि दक्षिण पश्चिम जिले के क्षेत्र में एमवी चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए एसीपी ऑपरेशन विजय कुमार की देखरेख में, इंस्पेक्टर विजय बालियान के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल सुमेर, सतपाल, जग परवेश, कांस्टेबल महावीर,उमेश, सूरज और पालम गांव थाने के एएसआई हरिलाल की टीम गठित की गई थी।

# ज्योति नगर में मना भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा पंजी २५८ दिल्ली प्रदेश कार्यकारिणी के तत्वाधान में भगवान परशुराम जन्मोत्सव का आयोजन शिव पार्वती मंदिर धर्मशाला पश्चिम ज्योति नगर शाहदरा में घूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम की शुरुआत भगवान परशुराम के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके भगवान परशुराम की आरती से हुई। सबसे पहले महासभा के संस्थापक सदस्य एवं राष्ट्रीय महामंत्री सुधीरकांत शर्मा के आकस्मिक निधन पर एवं पहलगाम में आतंकी हमले में जान गंवाने वाले २८ लोगों को श्रद्धांजलि दी तथा दो मिनट का मौन रखा गया महासभा के दिल्ली प्रदेश महामंत्री डॉ प्रवेश शर्मा दिवाकर ने गत वर्ष में महासभा के कार्यों से सभी को अवगत कराया प्रदेश कोषाध्यक्ष शिवकुमार कौशिक ने गत वर्ष की आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया । दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष श्री बी डी शर्मा करौरिया ने आगामी कार्ययोजनाओं से।अवगत कराते हुए बताया कि ब्राह्मणों का भविष्य तभी सुरक्षित रह सकता जब दिल्ली और देश में ब्राह्मण कल्याण बोर्ड की स्थापना हो अब दिल्ली में ट्रिपल इंजन सरकार है।

इसलिए दिल्ली में ब्राह्मण बोर्ड का गठन कराना हमारी प्राथमिकता होगी समाज को संगठित करने के लिए सभी पदाधिकारियों को ज्यादा से ज्यादा महासभा से जोड़ने के लिए सदस्यता अभियान चलाना होगा तथा कार्यक्रमों को दिल्ली के किसी सेंट्रल स्थान पर करने की भी घोषणा की । इस अवसर पर दिल्ली कार्यकारिणी के पदाधिकारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव कौशिक, उपाध्यक्ष ज्वाला शर्मा, एस के शर्मा, एम के शर्मा, संगीता शर्मा, सुनीला शर्मा,एडवोकेट भारत गौड़, हेमंत शर्मा सचिव लक्ष्मी नारायण शर्मा दिलीप शर्मा प्रशांत नरेश शर्मा सुशील कुमार शर्मा राहुल शर्मा जागेश्वर गॉड पंकज शर्मा हिमांशु शर्मा दंत कांति स्वरुप शर्मा एवं मीडिया प्रभारी कृष्ण देव पाठक एवं जिला अध्यक्ष मुकेश गौड़ दिनेश गौड़ विशेष शर्मा चित्रा शर्मा कुणाल कौशिक सुमन शर्मा आदि के अलावा सैकड़ों ब्राह्मणों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक भीष्म शर्मा पूर्व जॉन चेयरमैन संजय कौशिक पार्षद अनिल गौड़ एवं मुकेश बंसल ने अपने विचार रखे पूर्व एडिशनल कमिश्नर अमित कुमार शर्मा ने शिक्षा पर जोर देते हुए समाज को संगठित होने आवाह्न किया अंत में राष्ट्रीय सचिव दीपक शर्मा ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का धन्यवाद दिया।

# 'आप' निभाएगी जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका: अंकुश नारंग

**नई दिल्ली।**आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में चार इंजन की सरकार चला रही भाजपा को दिल्लीवालों की उम्मीदों पर खरा उतरने की सलाह दी है।

दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी के नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने सिविक सेंटर में प्रेसवार्ता कर कहा कि एमसीडी में अब आम आदमी पार्टी विपक्ष की भूमिका में है। पिछले दो वर्षों में भाजपा ने जिस तरह से विपक्ष की भूमिका निभाई, वह बहुत ही नकारात्मक था। भाजपा ने सदन नहीं चलने दिया, जनता की आवाज नहीं उठ पाई और पार्षद अपने क्षेत्र का कोई मुद्दा भी नहीं उठा पाया। भाजपा इससे ज्यादा नकारात्मक विपक्ष की भूमिका नहीं निभा सकती। लेकिन आम आदमी पार्टी विपक्ष में सकारात्मक भूमिका निभाएगी और जनता के मुद्दों को मजबूती से सदन में उठाएगी।

अंकुश नारंग ने कहा कि "आप" सरकार ने एमसीडी के १२ हजार कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया था। इसके लिए हमारी सरकार ने कट मोशन लगाकर बजट में भी प्रावधान किया था। एमसीडी के अंदर सबसे बड़ा सदन होता है और सदन ने विभिन्न विभागों के १२ हजार कर्मचारियों को पक्का करने का फैसला लिया। साथ ही बजट का प्रावधान किया। इसके बावजूद कर्मचारियों को पक्का करने की फाइल भाजपा के इशारे पर रूकी हुई है और पास नहीं की जा रही है।

## विधानसभाध्यक्ष ने उपराज्यपाल को लिखा पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने आज एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना को पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने विशेष आवश्यकता वाले बच्चों और युवाओं के लिए डी.डी.ए. के सभी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में समावेशी सुविधाएं सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है। गुप्ता ने भारत सरकार द्वारा स्पेशल ओलंपिक्स भारत के माध्यम से बौद्धिक नि:शक्तता वाले बच्चों और युवाओं के सशक्तिकरण की प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए दिल्ली में समावेशी खेल ढांचे की आवश्यकता पर बल दिया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि समावेशी ढांचे की अनुपस्थिति न केवल बैंच की प्रतिभा को सीमित करती है, बल्कि उन्हें खेलों में सक्रिय भागीदारी से भी हतोत्साहित करती है। उन्होंने यह भी कहा कि क्क। के खेल परिसर, अपनी श्रेष्ठता और व्यापक पहुंच के कारण, समावेशिता की दिशा में अग्रणी भूमिका निभा सकते हैं। इस उद्देश्य को साकार करने हेतु, गुप्ता ने प्रस्ताव दिया है कि क्क। के सभी खेल परिसरों में CWSN के लिए विशेष समय स्लॉट आरक्षित किए जाएं।

# स्वच्छ सार्वजनिक परिवहन को गति देने के लिए साझेदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जेबीएम ऑटो लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी और अग्रणी वैश्विक इलेक्ट्रिक बस ओईएम जेबीएम इलेक्ट्रिक व्हीकल्स ने हिताची जीरोकार्बन के साथ एक महत्वपूर्ण साझेदारी की घोषणा की है, जिसके तहत जीरोकार्बन बैटरी मैनेजर को इलेक्ट्रिक बसों में एकीकृत किया जाएगा। इस तकनीक से बैटरी की परफॉर्मेंस और उपयोग को बेहतर तरीके से समझा और बढ़ाया जा सकेगा।

यह अपनी तरह की पहली साझेदारी है, जो भारत के इलेक्ट्रिक बस बाजार में विशेषज्ञता और कौशल का एक अद्वितीय संयोजन लेकर आई है । यह हाई डिमांड वाले शहरी माहौल में इलेक्ट्रिक बसों की ताकत और भरोसेमंद कामकाज को जां. चने में मदद करेगी। इसका उद्देश्य है, कम खर्च में, साफ और असरदार सार्वजनिक परिवहन को



बढ़ावा देना।भारत और मध्य पूर्व जैसे इलाकों में मौसम में अक्सर बदलाव आते रहते हैं। कभी तेज गर्मी, कभी बारिश और कभी-कभी बहुत ठंड-शून्य डिग्री होना आम बात है। ऐसे में इन जगहें बैटरी के परफॉर्मेंस को जांचने के लिए बहुत कठिनाई होती हैं। हिताची का ष्जीरो कार्बन बैटरी मैनेजरष्जेबीएम की बसों में लगाकर रियल टाइम डेटा इकट्ठा किया जाएगा, जिससे चार्जिंग पैटर्न, रूट प्लानिंग और बैटरी के इस्तेमाल की जानक. ारी मिलेगी।

## लीन मैनुफैक्चरिंग युनिट का उद्घाटन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** प्रेसीजन इंजीनियरिंग में लीडर आजाद इंजीनियरिंग ने आज अपनी नई लीन मैनुफैक्चरिंग युनिट के उद्घाटन के साथ एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। जीई वर्नोवा की स्टीम पावर सर्विसेज बिजनेस युनिट के प्रति क्षमता प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए हैदराबाद के तुनिकीबोल्लारम में स्थित आजाद के सेंटर ऑफ एक्सीलेन्स एण्ड इनोवेशन सेंटर में यह युनिट डिजाइन की गई है।

७६०० वर्गमीटर में फैली इस आधुनिक युनिट का उद्घाटन जीई वर्नोवा से इन मेहमानों के द्वारा किया गया रोडोल्फो टोरेस, लीन लीडर,ी अंकुर चंडक, सोर्सिंग लीडर, मार्टिन शफेर, ग्लोबल कोमोडिटी लीडर ,अखोना कबाका, सप्लायर क्वालिटी लीडर, मिस कारले लोरेन्स, ग्लोबल प्लानिंग लीन लीडर और राकेश चोपदर, चेयरमैन एवं सीईओ, आजाद इंजीनियरिंग।

# इन्द्रप्रस्थ संजीवनी ने की सदस्यता अभियान की शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** दिल्ली की प्रसिद्ध सामाजिक संस्था इन्द्रप्रस्थ संजीवनी के अध्यक्ष डॉ संजीव अरोड़ा गंगापुत्र ने वर्ष २०२५-२६ के लिए अपनी नई टीम की घोषणा करते हुए संस्था के लिए नए सदस्यता अभियान की शुरुआत की। इन्द्रप्रस्थ संजीवनी के मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए डॉ अरोड़ा ने बताया कि वर्ष २०२५-२६ में कई नए चहरों को मौका दिया गया है, जो संस्था में पिछले कई वर्षों से विभिन्न शाखाओं में समर्पित भाव से काम कर रहे थे। नई टीम में महासचिव के रूप में श्रीमती रश्मि मल्होत्रा, उपाध्यक्ष की सूची में आकाश अरोड़ा, बलवीर सिंह, डॉक्टर बलजिंदर सिंह, जतिन नारंग, सरदार जगदीप सिंह, पूनम कुमारी, प्रतिमा सिंह, रितेश पटवारी, सतेन्द्र चौधरी, संजीव जैन शामिल हैं। जबकि ज्वाइंट सेक्रेटरी के रूप में अमित शर्मा, डिंपल शर्मा, मोनिका जैन, कल्पना मिश्रा, नितीन त्रिवेदी, जतिन मोटवानी, राहुल शर्मा, संजय भारद्वाज, रविंद्र कुमार गुप्ता, विक्रम नारंग को काम करने का मौका दिया गया है। कोषाध्यक्ष के रूप में अमन कालरा हैं। इसके अलावा, एनजीओ की महिला विंग निर्भय वूमेन टीम का संयोजक श्रीमती पवन अरोड़ा एवं यूथ विंग स्वामी विवेकानंद यूथ टीम का संयोजक कुंदन कुमार को बनाया गया है। इस अवसर पर संस्था के पुराने सदस्यों ने नई सदस्यों को मिठाई खिलाकर स्वागत किया।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## क्लास रूम घोटाले में केजरीवाल की भूमिका की भी हो जांच: भाजपा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की आज का दिन आम आदमी पार्टी एवं उसकी निवर्तमान सरकार के भ्रष्टाचार के विरुद्ध दिल्ली वालों की लड़ाई में निर्णायक दिन है जब भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने शिक्षा एवं शिक्षा इन्फ्रास्ट्रक्चर सुधार के नाम पर क्लास रूम निर्माण में घोटाला करने के दोषी तत्कालीन मंत्रियों मनीष सिसोदिया एवं सत्येंद्र जैन पर पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर जांच प्रारम्भ कर दी है। २०१५ में सत्ता में आते ही तत्कालीन अरविंद केजरीवाल ने विभिन्न तरह के भ्रष्टाचार एवं घोटालों की नींव रखनी शुरू कर दी थी और उस समय के भाजपा संगठन ने भी आवाज उठानी शुरू कर दी थी।दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की हम आशा करते हैं अब शीघ्र मनीष सिसोदिया एवं सत्येंद्र जैन की भूमिका साफ होकर इनकी गिरफ्तारी होगी।

## शौर्य राजपूत गौड़ को जन्मदिन की शुभकामनाएं



**नई दिल्ली।** शौर्य राजपूत गौड़ को दूसरे जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं ! तुम हमारे परिवार की खुशी का स्रोत हो। दादा-दादी, बुआ और माता-पिता की तरफ से तुम्हें विशेष प्यार और आशीर्वाद। दादा-दादी का प्यार भरा संदेश - ष्बेटा, तुम्हारी छोटी सी मुस्कान हमारे दिलों को भर देती है, तुम्हारे हर कदम पर हमारी दुआएं और प्यार हमेशा तुम्हारे साथ रहेगा।ष भगवान तुम्हें स्वस्थ, सुखी और समृद्ध जीवन प्रदान करें। तुम्हारे जीवन के हर पल में खुशियां और सफलता बनी रहे।

## चलती ट्रेन में यात्रियों का सामान चुराने वाले गिरोह का पर्दाफाश

# पांच गिरफ्तार, 16 लाख के जेवरात बरामद

**गाजियाबाद।** रेलवे पुलिस ने चलती ट्रेनों में यात्रियों के कीमती सामान की चोरी करने वाले एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के 5 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से करीब 16 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए हैं। मामले का खुलासा तब हुआ जब मुजफ्फरनगर निवासी चंद्रेश गुप्ता की ट्रेन यात्रा के दौरान 12 लाख रुपये के जेवरात चोरी हो गए। यह चोरी पुरुलिया एक्सप्रेस में हुई थी। एसपी रेलवे मुरादाबाद आशुतोष शुक्ला ने बताया कि मामले की जांच के लिए सर्विलांस टीम गठित की गई, जिसने तकनीकी मदद से आरोपियों की पहचान कर ली। गिरफ्तार आरोपियों में रमेश (गिरोह का सरगना), शमशेर, कृष्ण कुमार, अनिल और प्रवीण शामिल है। पुलिस के मुताबिक, ये सभी




आरोपी आपस में रिश्तेदार हैं। इनमें से दो आरा. पी हरियाणा के हिसार, दो भिवानी, और एक दिल्ली के सुल्तानपुरी का रहने वाला है।

पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, गिरोह की कार्यप्रणाली बेहद शातिर थी। वे सामान्य यात्रियों की तरह जनरल टिकट लेकर यात्रा करते थे, ताकि किसी को शक न हो। खासतौर पर उन यात्रियों को निशाना बनाते थे जो अपने बैग या सूटकेस की ज्यादा सुरक्षा करते नजर आते थे। स्टेशन पर ट्रेन रुकते ही वे भीड़ का फायदा उठाकर बैग या सूटकेस काटकर कीमती सामान पार कर देते थे।

गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में गिरोह ने चार अन्य चोरी की घटनाओं को भी स्वीकार किया है, जिनकी जांच अब पुलिस द्वारा की जा रही है। पुलिस का मानना है कि इस गिरोह के और भी सदस्य सक्रिय हो सकते हैं, जिनकी पहचान की जा रही है।

## डासना में वक्फ सुधार जनजागरण कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**डासना।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष कुँवर डॉ सौलत पाशा के सौजन्य से और जिलाध्यक्ष चेनपाल सिंह के नेतृत्व में डासना देवी मंदिर रोड एसआर फार्म हाऊस में वक्फ सुधार जनजागरण अभियान जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्यथिति गाजियाबाद मेयर सुनीता दयाल रही। वहीं धौलाना भाजपा विधायक धर्मेश तोमर, मोदीनगर विधायक मंजू शिवाच, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश सिंघल आदि की मौजूदगी भी कार्यक्रम में पहुंचे। मुख्यथिति सुनीता दयाल ने सभी को वक्फ बोर्ड बिल के विषय मे बारीकी से समझाते हुए कहा कि विपक्ष सालो से अरबो खरबो की कई कई हजार बीघे जमीन दबाए बैठे है। वही अब जब मोदी जी ने मुसलमानों को उनका हक देने की बात कहते हुए ये बिल लाए तो विपक्ष अब भोली भाली मुस्लिम जनता को



बरगला रहे है। वक्फ बिल मुसलमानों के हक में है और रहेगा। इसके लिए विपक्ष कुछ भी कर ले। वही धौलाना विधायक धर्मेश तोमर ने कहा कि ये बिल पूरी तरह मुस्लिम भाई बहनों के हक के लिए उनके हक में है।जिसका लाभ मुसलमानों को हो पहुँचेगा। धर्मेश तोमर ने इस दौरान आजम खान पर भी निशाना साधा। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्यथिति अथितियों का फूल मालाओं और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत और सम्मान किया गया। मुख्यथिति सुनीता दयाल को भाजपा की वरिष्ठ नेत्री रानी नफीस पाशा ने स्मृति चिन्ह देकर उनको सम्मानित किया इस दौरान डासना मण्डल अध्यक्ष अनिल प्रजापति, पवन सोम, हरिनाथ सिंह, नाजिम मेवाती, राज. कुमार यादव, बंटी लाला, महेंद्र यादव, बिजेंद्र यादव, कर्मवीर गुर्जर, योगेश शर्मा, इमरान अब्बासी, चरणसिंह शिशोदिया, जगदीश चौधरी आदि हजारो भाजपाई मौजूद रहे।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** ग्राम विकास समिति द्वारा छिजारसी के ग्राम सेक्टर 63 मे शोभा यात्रा निकाली गई तथा तीसरा भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। शोभा यात्रा एसजेएम हॉस्पिटल से निकल कर भगवान परशुराम मंदिर ग्राम छजारसी मे संपन्न हुई। इस अवसर पर अतिथि के रूप में मंत्री सुनील भराला, एमएलसी विधायक श्रीचंद शर्मा, गाजियाबाद विधायक संजीव शर्मा, जगदीश शर्मा, रेनोक्स ग्रुप चेयरमैन शैलेन्द्र शर्मा, नेक्सगेन ग्रुप चेयरमैन पियूस दुवेदी, प्रभारी एंटी टेररिस्ट फ्रंट पश्चिमी उत्तर प्रदेश राजेंद्र पंडित, फोनरवा अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा, लो. कमान प्रधान लखनावानी इत्यादि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अतिथि राजेंद्र पंडित ने कहा की भगवान परशुराम हम सब के आदर्श हैं। जिस तरह से उन्होंने अत्याचार अनाचार को पृथ्वी से बार-बार समाप्त किया उसी तरह से हमें सीख मिलती है, हम आतंकवाद का समूल नाश करें। उन्होंने शोभायात्रा को बहुत ही सार्थक बताया और कहा की इस तरह के आयोजन होते रहने चाहिये। हम सभी भगवान परशुराम के चरणों में अपना नमन करते हैं।

इस कार्यक्रम के आयोजक ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष पंडित गौरव नंबरदार ने बताया कि भगवान परशुराम की जयंती बहुत धूमधाम से बनाई गई और नम्बरदार मार्केट में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुमित त्यागी, सचिन हिंदू, राहुल शर्मा इंफ्लुएंसर, मेहुल पाराशर, विनय शर्मा, दक्ष चौधरी, वर्ष शर्मा, नितिन मारकपुरिया, विपिन पंडित पटड़िया, जतिन शर्मा, कार्तिक शर्मा इत्यादि सैकड़ो की संख्या मे पदाधिकारी एवं गणमान्य कार्यकर्ताओं उपस्थित रहे।

बिजली चोरी रोकने के लिए की छापेमारी

## विद्युत चोरी करने वालों को किसी भी हाल में नहीं बख्शा जाएगा: दुर्गेश कुमार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** बीते दिन विद्युत चोरी को रोकने के लिए विद्युत वितरण खंड मुरादनगर अभियंता दुर्गेश कुमार, अधिशासी अभियंता के निर्देशन में जलाल. पुर रोड, आदर्श कॉलोनी, नूरगंज, बसंतपुर सैतली में छापा अभियान चलाया गया। इस दौरान विद्युत चोरी करते हुए 12 उपभोक्ताओं को मौके पर पकड़ा गया जिन पर कार्रवाई करते हुए विद्युत चोरी निरोधक पुलिस थाना गाजियाबाद में विद्युत चोरी की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया गया साथ ही ऐसे आठ उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटा गया जिन पर विद्युत बिल का बकाया चल रहा था इनके खिलाफ भी एफ आई आर दर्ज कराई गई।

इस दौरान इंजीनियर एसपी यादव, और अभियंता जगपाल सिंह, अरुण कुमार, शहजाद आदि मौजूद रहे। इसके अलावा गत दिवस पूर्व ननुआ काला. नी डसना, दूधिया पीपल, मुर्गी फार्म डासना, मोहल्ला छत्ता में भी अभियान चला कर विद्युत चोरी रोकने के लिए छापा मारा गया था। इस दौरान भी 25 उपभोक्ता बिजली चोरी करते हुए पकड़े गए थे जिनके खिलाफ भी वैधानिक कार्यवाही करते हुए मुकदमा पंजीकृत कराया गया है ।दुर्गेश कुमार अभियंता मुरादनगर ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा ताकि विद्युत चोरी से होने वाले राजस्व के नुकसान को बचा जा सके।

## भीमराव अंबेडकर के अपमान पर मोदीनगर में जलाया अखिलेश यादव का पुतला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष द्वारा पोस्टर में अपने चेहरे को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चेहरे के साथ जोड़कर स्वयं को उनके समकक्ष दिखाने के विरोध में सैकड़ो लोगो ने मोदीनगर बस स्टैंड पर एक उनके खिलाफ प्रदर्शन किया व अखिलेश यादव का पुतला जलाकर विरोध जताया।



मोदीनगर चेयरमैन विनोद जाटव वैशाली ने कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा भारत रत्न, संविधान निर्माता एवं दलितों के मसीहा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के सम्मान को ठेस पहुंचाने के प्रयास किया गया है जिसकी हम निंदा करते हैं अखिलेश यादव ने अपने आधे चेहरे को बाबा साहब के साथ जोड़कर उन्हें अपने समकक्ष दिखाने का दुस्साहस किया गया है जिसकी जितनी भी निंदा की जाये कम है

इस अवसर पर दलित समाज के सैकड़ो लोगो के साथ साथ भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश सिंघल, स्वदेश जैन, अमित विद्यापुर, गुलाब (सभासद), सोनू जाटव, अमित तीसावड़, विजय वाल्मीकि, महेश वैध, दीपक कर्दम, अमित कराटे, रोहित खटीक, राकेश कर्दम, आकाश शर्मा, वेदप्रकाश (सभासद), लोकेश डोडी, संदीप सांगवान (सभासद), मोहन सिंह (सभासद), बलराज, संभव शर्मा, नवीन जायसवाल, पिंकी चौधरी, आशीष कश्यप, कपिल, अजेश श्रीवास्तव, बिट्टू बिश्नोई, दौलतराम जांगिड़, टेम्पाल पवार, हिमांशु थापर, नितिन मित्तल, संदीप सक्सेना, रोहित सक्सेना आदि शामिल रहे।

## सिल्वरलाइन प्रेस्टीज स्कूल में सम्मान समारोह का किया आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** अपने प्रतिष्ठित संगीत सलाहकार और संगीत 4 ऑल की संस्थापक, सास्किया राव-डी हास के सम्मान में सिल्वरलाइन प्रेस्टीज स्कूल ने एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित इस संगीतकार और सांस्कृतिक राजदूत को हाल ही में नीदरलैंड के राजा द्वारा प्रतिष्ठित 'रिडर इन डे ऑर्डे वैन ऑरेंज-नासाऊ' (नाइट इन द ऑर्डर ऑफ ऑरेंज-नासाऊ) से सम्मानित किया गया। इस अवसर के सम्मान को और बढ़ाते हुए, दक्षिण फ्लोरिडा विश्वविद्यालय के एआई के प्रतिष्ठित प्रोफेसर, प्रोफेसर भुवन को भी कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथियों का सिल्वरलाइन प्रेस्टीज स्कूल के उपाध्यक्ष नमन जैन, निदेशक प्रशासन प्रणव जैन, प्रिंसिपल डॉ. गीता जोशी और उपाध्यक्ष की पत्नी मोनिका जैन द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया और उन्हें सम्मानित किया गया। उत्साही छात्रों को संबोधित करते हुए, मेस्ट्रो सास्किया राव-डी हास ने शास्त्रीय संगीत के माध्यम से भारत की समृद्ध जड़ों से अपने गहन सांस्कृतिक संबंध को स्पष्ट रूप से साझा किया। उपाध्यक्ष।

नमन जैन ने भी छात्रों को संबोधित करते हुए उस्ताद सास्किया राव-डी हास और प्रोफेसर भुवन दोनों की उल्लेखनीय उपलब्धियों के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने छात्रों को उनकी असाधारण यात्राओं से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। यह कार्यक्रम प्रतिभा और अटूट समर्पण के दूरगामी वैश्विक प्रभाव की याद दिलाता है, जिसने निस्संदेह सिल्वरलाइन प्रेस्टीज स्कूल के छात्रों पर एक स्थायी और प्रेरक छाप छोड़ी है।

## बीच सड़क कार में डालकर राहगीर पर पुलिसकर्मी ने बरसाए थप्पड़

**गाजियाबाद।** पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गोड द्वारा जनता के साथ सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित करने के आदेश को मात्र 36 घंटे में ही ताक पर रख दिया गया। 28 अप्रैल को उन्होंने स्पष्ट निर्देश जारी किए थे कि पुलिस अब आमजन से बात करते समय "तुम" या "तू" की बजाय "आप" शब्द का प्रयोग करेगी, लेकिन 29 अप्रैल की रात इंदिरापुरम क्षेत्र में एक पुलिसकर्मी ने खुलेआम इस निर्देश की धज्जियां उड़ा दीं। घटना इंदिरापुरम थाना क्षेत्र स्थित कनावनी पुस्ता रोड की है, जहाँ एक पुलिसकर्मी ने सड़क पर एक युवक को अपनी ही सरकारी गाड़ी में जबरन बैठाकर उसकी पिटाई की। चश्मदीदों द्वारा बनाए गए वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि वर्दी में तैनात पुलिसकर्मी युवक को घसीटते हुए गाड़ी में डालता है और फिर उसे पीटता है। बताया जा रहा है कि युवक की गलती सिर्फ इतनी थी कि उसकी बाइक से पुलिसकर्मी की गाड़ी हल्की सी टच हो गई थी।

## विंग कमांडर अभिषेक तोमर का छाया स्कूल में किया गया जोरदार स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** गोविंदपुरी स्थित छाया पब्लिक स्कूल के प्रांगण में पूर्व छात्र विंग कमांडर अभिषेक तोमर का फूल माला पहनकर जोरदार स्वागत किया गया छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए विंग कमांडर अभिषेक तोमर ने कहा कि जिनके ऊपर माता-पिता व गुरुओं का आशीर्वाद होता है वह जिंदगी में कभी असफल नहीं होते उन्होंने अपनी सफलता के पीछे अपने माता-पिता और गुरुओं से मिली शिक्षा को अपनी कामयाबी का अहम हिस्सा बताया।

अभिषेक के पिता सतेंद्र तोमर जो लोक दल के वरिष्ठ नेता वह प्रसिद्ध समाजसेवी है उन्होंने कहा की छाया पब्लिक स्कूल हमारे क्षेत्र का एक ऐसा स्कूल है जिसने प्रदेश में ही नहीं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक विशेष पहचान बनाई हैं।

यहां की शिक्षा, संस्कार, सुरक्षा व सुविधा उच्च स्तरीय है स्कूल प्रबंधन द्वारा अभिषेक को शाल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया उन्होंने अपने स्कूल जीवन के सभी स्मरण अपने जूनियर छात्रों के साथ साझा किये और एयरफोर्स में किस तरीके से किस-किस पद पर हम अपनी नियुक्ति ले सकते हैं उसके बारे में भी विस्तार से बताया।

प्रधानाचार्य डॉक्टर अरुण त्यागी ने कहा कि अभिषेक बचपन से ही शिक्षा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों व खेल के क्षेत्र में तो आगे रहा ही साथ ही बहुत ही संस्कारों से परिपूर्ण भी रहा हमें इस बात पर बेहद गर्व है कि आज अभिषेक तोमर विंग कमांडर बना है और आगे भी और पदोन्नति करेगा इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक श्री अखिलेश द्विवेदी जी ने कहा कि वह दिन अब दूर नहीं जब हमारा अभिषेक एयर चीफ मार्शल के पद पर हमें नजर आएगा और छाया स्कूल ही नहीं पूरा क्षेत्र इस बात पर गर्व करेगा।

इस अवसर पर लोक दल की महिला जिला अध्यक्ष सुमन चौधरी, राम भरोसे मौर्य, युवा लोक दल जिला अध्यक्ष जयदीप चौधरी, तानिया मोटर्स के जनरल मैनेजर हरीश त्यागी व समस्त छात्र- छात्राएं शिक्षक, शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### एक नजर

## पहलगाम हमले में मारे गए लोगों को काइट कॉलेज में दी श्रद्धांजलि

## 700 छात्रों और शिक्षकों ने निकाला कैंडल मार्च

**गाजियाबाद।** दिल्ली-मेरठ मार्ग स्थित KITE कॉलेज में पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए 26 भारतीयों को श्रद्धांजलि देने के लिए कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 700 से अधिक छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया।

मार्च का नेतृत्व संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ. मनोज गोयल ने किया। यह मार्च मुख्य प्रशासनिक भवन से शुरू होकर पूरे केंद्रीय परिसर से होते हुए निकाला गया। प्रतिभागी हाथों में मोमबत्तियां और शहीदों के सम्मान में तख्तियां लिए हुए थे। इस दौरान मौन रखा गया और देशभक्ति के नारे गूंजते रहे।

मार्च में NCC के कैडेट्स ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में डॉ. कपिल शर्मा के मार्गदर्शन और कैप्टन के.पी. सिंह की उपस्थिति से अनुशासन और गरिमा का विशेष ध्यान रखा गया।

इस दौरान डॉ. मनोज गोयल ने कहा कि पहलगाम में 26 निर्दोष भारतीयों की हत्या ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। यह कैंडल मार्च उन शहीदों को सम्मान देने का हमारा छोटा-सा प्रयास है, जिनकी कुर्बानी को हम कभी भुला नहीं सकते।

मार्च के अंत में दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। KIET ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स ने कहा कि वे इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से छात्रों में देशभक्ति, संवेदना और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को निरंतर प्रोत्साहित करते रहेंगे।

इस घटना को लेकर गुस्से की लहर सिर्फ संस्थान तक ही सीमित नहीं रही। पास के मोदीनगर के गो. विंदपुरी इलाके में लोगों ने पाकिस्तान का पुतला फूंका और आतंकवाद के खिलाफ अपना आक्रोश जताया।

## भगवान परशुराम का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान श्रीपरशुराम के जन्मोत्सव पर शालीमार गार्डन में ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में सनी शर्मा के द्वारा आयोजित भगवान परशुराम का जन्मोत्सव माल्यर्पण कर हर्षोल्लास के साथ सभी लोगो के द्वारा मनाया गया।

इस अवसर पर अधिवक्ता गुड्डू तिवारी, अंकित गिरि, डॉ० योगी, बिट्टू तिवारी, लखीराम प्रधान, आदेश तिवारी, रमेश चंद मिश्रा, वप्रकाश जोशी, बब्लू शर्मा, दिनेश दुबे, पवन शर्मा, राजीव मिश्रा, सुरेश शर्मा आदि सभी लोग उपस्थित रहे।

## वैश्य युवक- युवती परिचय सम्मेलन 11 मई को

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**गाजियाबाद।** दुर्गा वाशिंग पाउडर के चौयरमेन प्रेमचंद गुप्ता ने बताया कि अगला वैश्य युवक- युवती परिचय सम्मेलन 11 मई दिन रविवार को होगा साथ ही उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि ज्यादा से ज्यादा फॉर्म भरवाए, जिससे कि रिश्ते ज्यादा से ज्यादा हो सके।

## नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा का किया भव्य स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** नगर विकास मंत्री एवं ऊर्जा मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार अरविंद कुमार शर्मा के गाजियाबाद आगमन पर पूर्व डिप्टी मेयर सरदार सिंह भाटी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं के जोरदार स्वागत किया गया। मंत्री अरविंद कुमार शर्मा का पार्षद रवि भाटी ने श्री हनुमान जी की प्रतिमा भेंट कर आर्शीवाद प्राप्त किया। पूर्व डिप्टी मेयर सरदार सिंह भाटी, पार्षद कालीचरण पहलवान, सुजीत गिरी ने गद्दा भेंट कर पुष्प वर्षा के साथ एलिवेटेड रोड पर जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर दीपक ठाकुर, टिंकू, सुधीर, भोपाल यादव, युगांक, अंकुर, सचिन, मुकेश, शशांक, पवन , रोहित, मुकेश यादव, राजीव सोलंकी, सोमनाथ चौहान आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन

## न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) राजेश टंडन ने किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने विधि शिक्षा के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम करते हुए अपनी प्रथम राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विधि छात्रों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना और उनके तर्क, विश्लेषण तथा न्यायालयीन शिष्टाचार को विकसित करना है।

इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम का उद्घाटन न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) राजेश टंडन, पूर्व न्यायाधीश, उत्तराखंड उच्च न्यायालय द्वारा किया



गया। उन्होंने विधि शिक्षा में व्यावहा. रिक प्रशिक्षण की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं छात्रों को भविष्य में सशक्त अधिवक्ता बनने की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करती हैं। उन्होंने इस कार्यक्रम को हर वर्ष आयोजित करने का सुझाव भी दिया।

उद्घाटन समारोह में विश्वविद्यालय के कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य संरक्षक, चेयरमैन एवं कुलाधिपति महेन्द्र अग्रवाल, कुल. पति प्रो. डॉ. प्रसनजीत कुमार, कुलसचिव डॉ. राजीव रतन, विधि एवं विधिक अध्ययन विद्यालय के निदेशक डॉ. हेमंत कुमार शर्मा और विधि संकाय निदेशक प्रो. डॉ. उर्मिला प्रमुख रूप से शामिल रहे। सभी संकाय सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति ने इस आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया।

इस प्रतियोगिता में भारत के विभिन्न हिस्सों से आई 16 टीमों ने भाग लिया। निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक टीम को एक विशिष्ट कोड प्रदान किया गया। उद्घाटन के दौरान प्रारंभिक राउंड के लिए फिक्स्चर की घोषणा की गई तथा मूट मेमोरियल्स का आदान-प्रदान किया गया।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस अवसर पर अपने इस संकल्प को दोहराया कि एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी, विधि छात्रों को सैद्धांतिक शिक्षा के साथ-साथ व्यवहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान करती रहेगी ताकि वे समाज में न्याय और विधि के सशक्त प्रहरी बन सकें। एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी इस मूट कोर्ट प्रतियोगिता को एक राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित वार्षिक परंपरा के रूप में स्थापित करने के लिए पूर्ण रूप से रूप से प्रतिबद्ध है।

# दिल्ली से हज उड़ानों का शुभारंभ

**केंद्रीय मंत्री किरेण रिजिजू ने यात्रियों को विदा किया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत सरकार के अल्प संख्यक कार्य मंत्रालय के अधीन हज कमेटी ऑफ इंडिया के सौजन्य और दिल्ली स्टेट हज कमेटी के प्रबंधन में उत्तर भारत के सब से बड़े हज एम्बरकेशन प्वाइंट इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से पवित्र हज यात्रा के लिए प्रस्थान करने वाले हज यात्रियों का पहला जत्था आज रात्रि ८ बजे सऊदी एयरलाइन की उड़ान संख्या एस.वी. ३०७९ से पवित्र शहर मदीना के लिए रवाना हुआ। इस अवसर पर दिल्ली के इंदिरा गांधी अंत. रराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल ३ पर दिल्ली स्टेट हज कमेटी की ओर से एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया जहां हज यात्रियों को विदा करने के लिए केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्री किरेण रिजिजू स्वयं मौजूद थे। मंत्री ने हज यात्रियों को फूल माला से स्वागत कर के विदा किया। इस अवसर पर दिल्ली स्टेट हज कमेटी की चेयरपर्सन कौसर जहां और भारत में सउदी दूतावास की ओर से जदी नाईफ अल रक्कास और भारत सरकार के अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव सी पी एस बक्शी भी मौजूद थे। प्रथम हज उड़ान समारोह को संबोधित करते हुए दिल्ली हज कमेटी की चेयरपर्सन कौसर जहां ने माननीय अल्पसंख्यक मंत्री जी का स्वागत किया और अपने स्वागत भाषण में सभी अतिथि और हज यात्रियों को मुबारकबाद पेश की। माननीय मंत्री महोदय ने इस अवसर पर सभी हज यात्रियों को संबोधित करते हुए उन की सफल और सुखद हज यात्रा के लिए भारत के आदरणीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी की ओर से और अपनी एवं अपने मंत्रालय की ओर से शुभ कामनाएं व्यक्त की। दिल्ली स्टेट हज कमेटी के कार्यकारी अधिकारी अशफाक अहमद आरफी ने आज की हज यात्रा के प्रारंभ के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक ३० अप्रैल से ३० मई तक चलने वाले सऊदी एयरलाइंस की उड़ानों के सिलसिले की आज पहली उड़ान में कुल ३९९ हज यात्री और उनकी सहायता के लिए दो स्टेट हज इंस्पेक्टर भी पवित्र शहर मदीना के लिए रवाना हुए जहां आठ दिनों तक ठहरने के बाद उन्हें मक्का भेजा जाएगा तत्पश्चात मक्का में हज की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद जेद्दाह से उनकी वापसी होगी। आरफी के अनुसार गत वर्षों की उपेक्षा इस साल दिल्ली से दोनों चरणों में हज यात्रा हो रही है। प्रथम चरण में ३० अप्रैल से १५ मई तक सारी उड़ानें मदीना जाएंगी जबकि दूसरे चरण में दिनांक १६ मई से ३० मई तक सभी उड़ानें जेद्दाह के लिए प्रस्थान करेंगी। इस साल सउदी एयरलाइन की कुल ३८ उड़ानों से दिल्ली एम्बरकेशन प्वाइंट से १६००० हज यात्री हज यात्रा के लिए रवाना होंगे।

दिल्ली स्टेट हज कमेटी ने बाहर से आने वाले यात्रियों के ठहरने के लिए रामलीला मैदान में वतानुकूलित हज शिविर की व्यवस्था की है। हज कैम्प से एयरपोर्ट तक हाजियों को लेकर जाने के लिए नवतानुकूलित बसों की भी व्यवस्था की गई है। तुर्कमान गेट पर स्थित दिल्ली स्टेट हज कमेटी के कार्यालय हज मंजिल में हज यात्रियों को सउदी मुद्रा रियाल उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न बैंकों और मुद्रा एक्सचेंज एजेंसियों के काउंटर की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है जहां उचित दरों पर हज यात्रियों को सऊदी रियाल उपलब्ध कराए जा रहे है।

## दो युवकों ने लगाई पुलिस की गाड़ी से छलांग, एक की मौत

**नई दिल्ली।** कापसहेड़ा थाना क्षेत्र में अवैध हथियार के साथ पकड़े गए दो युवकों को वसंत कुंज थाना में लॉकअप में बंद करने के लिए ले जाया जा रहा था। इसी दौरान दोनों युवकों ने पुलिस की गाड़ी से छलांग लगा दी। पुलिस के अनुसार, वसंत कुंज थाना क्षेत्र में दोनों युवकों ने गाड़ी से छलांग लगाई और नीचे कूद गए। दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां एक की मौत हो गई। वहीं, पुलिस का कहना है कि जब आरोपियों ने छलांग लगाई तब वाहन की रफ्तार धीमी थी। आरोपी पुलिस के वाहन से कैसे कूद गए कैदी? इस घटना पर सवाल उठ रहे है।

## 23 वारदातों में शामिल बदमाश पकड़ा

**नई दिल्ली।** 23 वारदातों में शामिल बदमाश अमन उर्फ कक्कू उर्फ प्रिंस को अपराध शाखा ने जहांगीरपुरी से गिरफ्तार किया है। जो पुलिस से बचने के लिये जल्दी जल्दी अपने ठिकाने बदल रहा था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एसीपी राजकुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर नितेश कुमार के निर्देशन में पुलिस टीम ने एक पुख्ता जानकारी के बाद जहांगीरपुरी से आरोपी अमन को गिरफ्तार किया।

# जुआ रैकेट चलाने वाले पांच जुआरी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आईपीएल क्रिकेट मैच सीरीज पर ऑनलाइन जुआ चलाने वाले सरगना सहित पांच जुआरियों को मध्य जिले की स्पेशल स्टाफ की टीम ने गिरफ्तार किया है।

भारत, दुबई, यूके और कनाडा से संचालित गिरोह किंग्स इलेवन पंजाब बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स और दिल्ली कैपिटल्स बनाम रायल चौलेंजर्स बेंगलुरु के बीच ऑनलाइन जुआ खेल रहा था। आरोपितों के कब्जे से नकद २० लाख से अधिक नकद, १६ स्मार्टफोन, ५५ नोकिया कीपैड मोबाइल फोन, दो लैपटाप, तीन लकड़ी के बक्से में भरी चार्जिंग केबल और एक नोटबुक भी बरामद की है। मध्य जिले के उपायुक्त एम हर्षवर्धन के मुताबिक, २६ अप्रैल को स्पेशल स्टाफ को गुप्त सूचना मिली थी कि बलजीत नगर स्थित एक मकान में ऑनलाइन सट्टेबा. जी का संचालन किया जा रहा है। सूचना पर एसीपी सुरेश कुमार खुंगा के देखरेख और इंस्पेक्टर रोहित कुमार के नेतृत्व में टीम बनाई गई। फिर बलजीत नगर के मकान नंबर-३९३ की पहली मंजिल में छापेमारी कर पवन गोस्वामी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।पूछताछ में उसने बताया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर स्टेडियम से लाइव कमेंट्री के जरिए रीयल टाइम सट्टेबाजी को अंजाम दे रहा था। उसकी निशानदेही पर दीपक नेगी, राजेश, कमाल हुसैन और महेश कुमार सिंह को अरुण जेटली स्टेडियम से मैच खत्म होने के बाद लौटते समय पकड़ा गया।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली यातायात पुलिस ने पूरे शहर में सडक सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (यातायात मुख्यालय) सत्य वीर कटारा की देखरेख में यह आयोजन किया गया। ये पहल साइकिल चाल. कों, स्कूली छात्रों, सार्वजनिक परिवहन चालकों और दैनिक यात्रियों समेत अन्य लोगों तक पहुंची। विशेष सीपी ट्रैफिक सहित वरिष्ठ अधिकारी अजय चौधरी, अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय यातायात सत्यवीर कटारा और पुलिस उपायुक्त मुख्यालय यातायात शशांक जायसवाल ने जागरूकता फैलाने में सडक सुरक्षा प्रकोष्ठ के प्रयासों की सराहना की। आयोजन का उद्देश्य यातायात नियमों, महिलाओं की सुरक्षा और जिम्मेदार सडक उपयोग के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। इस आयोजनों में जहां सडक सुरखा सेल की टीम ने रोहिणी सेक्टर-३ और आई पी एक्सटेंशन स्थित पब्लिक स्कूलों में किया। जहां साढ़े १२ सौ से अधिक छात्र और १८ शिक्षक को हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य युवा शिक्षार्थियों के बीच यातायात नियमों, सडक अनुशासन और सुरक्षा मानदंडों के बारे में आवश्यक ज्ञान पैदा करना था, ताकि उन्हें जिम्मेदार पैदल यात्री और भविष्य के ड्राइवर बनने के लिए तैयार किया जा सके। इसमें जहां सडक सुरक्षा को लेकर प्रदर्शनी लगाई वहीं सडक सुरक्षा को लेकर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी करवाई गई। आयोजन के सत्र में छात्रों को बीकेएस मार्ग स्थित ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्क में भी ले जाया गया। जहां उन्होंने नकली चौराहों, सिग्नल सिमुलेशन और ट्रैफिक मॉडल से जुड़े व्यावहारिक अनुभवों के माध्यम से ट्रैफि क के बारे में जानकारी ली। इसके अलावा पीरागढ़ी चौक (ब्लैक स्पॉट) और चंदगी राम अखाड़ा जैसे प्रमुख चौराहों पर जागरूकता अभियान चलाए।

पैदल यात्रियों, मोटर चालकों, साइकिल चालकों और दोपहिया व चार पहिया वाहनों के चालकों सहित ५,४५० से अधिक सडक उपयोगकर्ताओं से संपर्क किया और उन्हें यातायात संकेतों का पालन करने, हेलमेट/सीटबेल्ट पहनने और सामान्य सडक अनुशासन का अभ्यास करने के महत्व के बारे में शिक्षित किया।



दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल 3 पर दिल्ली स्टेट हज कमेटी की ओर से एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्री किरेण रिजिजू व चेयरपर्सन कौसर जहां मौजूद थीं।

# कालिंदी कॉलेज में शिक्षिका के सिर पर गिरा पंखा वीडियो हुआ वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विवि के कालिंदी कॉलेज में एक शिक्षिका के सिर पर छत से पंखा गिरने का मामला सामने आया है। पंखा गिरने से कंप्यूटर विज्ञान विभाग शिक्षिका के सिर पर चोट आई है। इस घटना के कारण कॉलेज में बुनियादी ढांचे को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में एक महिला कुर्सी पर बैठी हुई दिखाई दे रही है, जो दर्द से कराह रही है और उसके हाथ उसके सिर पर हैं और सिर से खून बह रहा है। छत का पंखा पूरी तरह से उखड़ी हुई अवस्था में फर्श पर पड़ा हुआ दिखाई दे रहा है। कॉलेज से प्राप्त जानकारी के अनुसार पंखा एक सहायक प्रोफेसर पर गिरा, जिसके बाद उन्हें उपचार के लिए तुरंत अस्पताल ले जाया गया। अब उनकी हालत ठीक है और कोई गंभीर चोट नही लगी है। इमारत में मरम्मत का कार्य पहले से चल रहा है। कॉलेज की और से दिल्ली विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग विभाग से इमारत की सरंचनात्मक स्थिति पर रिपोर्ट मांगने के लिए लिखा गया है। इमारत का ढांचा पुराना है, इसे १९६७ में बनाया गया था। बताया जा रहा है कि यह घटना शैक्षणिक ब्लॉक में हुई है। कॉलेज छात्र संघ की और से इस मामले को लेकर प्रिंसिपल को ज्ञापन सौंपा गया है और कॉलेज के बुनियादी ढांचे के ऑडिट की मांग की गई है।

# बुनियादी सुविधाओं को बेहतर करने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के समाज कल्याण, एससी/एसटी कल्याण, चुनाव और सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने बवाना में औद्योगिक श्रमिकों और कम आय वर्ग के लिए बनी कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाओं को लेकर दिल्ली राज्य औद्योगिक और अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड एवं दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड के अधिकारियों के साथ बैठक की। रविन्द्र इन्द्राज ने जरुरी कामों को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिये। रविन्द्र इन्द्राज ने औद्योगिक श्रमिकों और ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए विकसित की गई कॉलोनियों में सड़कों की मरम्मत व निर्माण, सीवर और ड्रेनेज व्यवस्था, बाउंड्री वॉल की स्थिति, बिजली और पानी की निर्बाध आपूर्ति, स्वच्छता कार्य और नियमित मेंटेनेंस के साथ, अतिक्रमण हटाने को लेकर निर्देश दिए। बैठक में बवाना लाल फ्लैट्स, शाहबाद डेयरी क्षेत्र, बवाना जे जे कॉलोनी, सेक्टर २० रोहिणी सहित अन्य क्षेत्रों की समस्याओं पर चर्चा हुई।

समाज कल्याण मंत्री ने कहा की गरीब एवं वंचित वर्ग की कॉलोनियों में विकास सरकार की प्राथमिकता है, उन्होंने अधिकारियों को आमजन को राहत देने के लिए तत्काल कदम उठाने और नई योजनाओं पर काम शुरू करने के लिए कहा।

## असीआईएससीई 10वीं, 12वीं का रिजल्ट घोषित

**नई दिल्ली।** काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन ने आज आईसीएसई (१०जी) और आईएससी (१२जी) का रिजल्ट घोषित कर दिया है। आईसीएसई में ९९.०९% पास प्रतिशत रहा, वहीं आईएससी का पास प्रतिशत ९९.०२% रहा। आईसीएसई परीक्षा के लिए २५२,५५७ छात्रों ने परीक्षा दी। वहीं आईएससी परीक्षा में ९९,५५१ छात्र उपस्थित हुए थे। आईसीएसई परीक्षा में छात्राओं का पास प्रतिशत ९९.३७ रहा, जबकि छात्रों का ९८.८४ प्रतिशत छात्र पास हुए। उधर, आईएससी में भी छात्राएं आगे रहीं और उनका पास प्रतिशत ९९.४५ रहा, जबकि छात्रों का पास प्रतिशत ९८.६४ रहा है।

# एनडीएमसी उपाध्यक्ष ने चरण गडनायक से की मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।**

नई दिल्ली।नई दिल्ली नगरपालि. का परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने पालिका केंद्र में पालिका परिषद अध्यक्ष केशव चंद्रा के साथ अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विशिष्ट मूर्तिकार अद्वैत चरण गडनायक से भेंट की और उन्हें भारत की राष्ट्रपति द्वारा प्रदत्त पद्मश्री सम्मान एवं कला क्षेत्र में उनके अद्वितीय योगदान के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं।ष्इस अवसर पर प्रसिद्ध शिल्पकार- अरुण पंडित, एनडीएमसी के कला एवं संस्कृति सलाहकार हर्षवर्धन शर्मा तथा युवा सलाहकार अंकित शर्मा भी उपस्थित रहे। इस मौके पर चहल ने बताया कि गडनायक जिनकी कृतियों ने भारत की सांस्कृतिक पहचान को वैश्विक मंच पर स्थापित किया है। उन्होंने विशेष रूप से "राष्ट्रीय पुलिस स्मारक" (नई दिल्ली), "दांडी यात्रा" स्मारक (राजघाट) और "नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा" (इंडिया गेट परिसर) जैसे भव्य स्मारकों की रचना की है। उनके द्वारा बनाया गया मोनोलिथिक ग्रेनाइट से निर्मित ३० फीट ऊँचा 'राष्ट्रीय पुलिस स्मारक' २१ अक्टूबर २०१८ को प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र को समर्पित किया गया था। इस भेंटवार्ता के दौरान एनडीएमसी क्षेत्र में कला और संस्कृति को बढ़ावा देने पर गहन चर्चा हुई।

# डीयू में वन नेशन वन इलेक्शन मैराथन का हुआआयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** डीयू के एक स्टेडियम में बुधवार को रन फॉर वन नेशन वन इलेक्शन मैराथन का आयोजन हुआ। इस मैराथन में छात्रों के साथ केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और मंत्री आशीष सूद समेत अन्य मंत्री-अधिकारी मौजूद रहे। सीएम रेखा ने एक्स पर पोस्ट कर तस्वीरें साझा कीं। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि आज छात्रों के साथ सहभागी होना एक अद्भुत अनुभव रहा। युवा छात्रों की ऊर्जा, राष्ट्र के प्रति समर्पण, और एक बेहतर लोकतंत्र की आकांक्षा ने गहराई से मन को छू लिया। यह केवल एक दौड़ नहीं है, यह एक सपना है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को कहा कि देश के विकास में बाधा डालने वाले ष्स्पीड ब्रेकरष को हटाना उनकी जिम्मेदारी है।

'विकसित भारत' को प्राप्त करने का एकमात्र तरीका श्एक राष्ट्र, एक चुनावश है। चुनावों में खर्च होने वाली भारी मात्रा में धनराशि के बारे में बोलते हुए कहा कि लोगों को केवल एक बार ही अपना चुनाव करना चाहिए, साथ ही उन्होंने देश को प्रदर्शन करने का मौका देने के लिए नए सुधारों की वकालत की। दिल्ली विश्वविद्यालय के नॉर्थ कैंपस में जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि हर बार चुनावों पर हजारों करोड़ रुपए खर्च होते हैं। पहले लोकसभा चुनाव हुए, उसके छह महीने बाद विधानसभा चुनाव हुए। हजारों सरकारी कर्मचारी, शिक्षक और स्कूल प्रबंधन सभी चुनाव कराने में व्यस्त रहते हैं। आगे कहा कि लोगों को एक बार ही चुनाव करना चाहिए और विकास में बाधा डालने वाले गतिरोधकों को हटाना हमारी जिम्मेदारी है। हमें सुधार करने चाहिए और देश को बेहतर प्रदर्शन करने का मौका देना चाहिए। हम चाहते हैं कि देश प्रगति के पथ पर आगे बढ़े। २०४७ हमारे लिए बड़ा लक्ष्य है। जब हम श्विकसित भारतश और श्विश्वगुरु भारतश की बात करते हैं।



मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा राजौरी गार्डन में पुनर्विकास परियोजना का उिद्घाटन करते हुए।

# मंत्री सिरसा ने राजौरी गार्डन में पुनर्विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने राजौरी गार्डन में पुनर्विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन दिल्ली के पर्यावरण एवं वन्यजीव मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने राजौरी गार्डन विधानसभा क्षेत्र में पुनर्विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इस परियोजना में सार्वजनिक शौचालयों का नवीनीकरण, नालियों का पुनर्निर्माण और पार्कों का कायाकल्प शामिल है। इसके तहत रघुबीर नगर स्थित टी-हट्स में सुलभ शौचालय का जीर्णोद्धार, श्याम नगर के एन ब्लॉक में ड्रेनेज सिस्टम में सुधार और चौखंडी स्थित जे.जे. कॉलोनी के बी ब्लॉक में पार्क का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इन परियोजनाओं का उद्देश्य स्थानीय निवासियों के लिए स्वच्छता और जल निकासी समेत अन्य सार्वजनिक सुविधाओं को और बेहतर बनाना है।इस अवसर पर स्थानीय लोगों से संवाद करते हुए पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा, की षपिछली सरकार ने राजौरी गार्डन समेत पूरी दिल्ली में अव्यवस्था फैलाने का काम किया। हम दिल्ली में लगे कूड़े के ढेरों को बारी-बारी से साफ कर रहे हैं।

# पहलगांव में मारे गए लोगों को दो मिनट का मौन रख दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत विकास परिषद सभा द्वारा साथ ही इस वर्ष की पहली कार्यकारिणी की सभा कल दिनांक २९/०४/२५ को सांय छह बजे श्रीमती मनु शिवपुरी ब्रांड एंबेसडर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के आवास ष्कनखलष में सम्पन्न हुई। सभा में पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष श्री आदर्श पाल तोमर जी श्री विजय सेठी जी पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष वैध एमङ्क आरङ्क शर्मा जी और पूर्व अध्यक्ष श्री नरेश जैनर जी अध्यक्ष श्री आशुतोष शर्मा जी सचिव श्री गजेन्द्र प्रसाद रतूडी जी, श्री मति मनु शिवपुरी जी,श्री सुरेश जैनर जी श्री तेजपाल खिल्लन जी एवं विशाल अरोड़ा जी उपस्थित रहें। कार्यकारिणी की सभा में पूरे वर्ष होने वाले कार्यक्रमों एवं बजट पर चर्चा हुई। कार्यकारिणी सभा में

दायित्व ग्रहण समारोह की तारीख पर भी चर्चा की गई। जो कि संभवत २५ मई के बाद में प्रांत के अधिकारियों से समय मिलने पर दायित्व ग्रहण समारोहों की तारीख का ऐलान कर दिया जाएगा। इसी के साथ यह भी तय किया गया कि प्रत्येक सदस्य अपने द्वारा परिषद में सदस्यों की संख्या का भी विस्तार



करें । एवं परिषद के सदस्यों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया जाए। इसी के साथ पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष श्री आदर्श पाल तोमर जी के द्वारा सभी सदस्यों की तरफ से श्रीमती मनु शिवपुरी आभार आभार एवं धन्यवाद भी किया। सभा द्वारा पहलगांव में आतंकवादियो द्वारा हमले में मारे गए हमारे २८ लोगों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि भी दी गई। और उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की गई। सभी में दायित्व धारी आशुतोष शर्मा अध्यक्ष,गजेन्द्र प्रसाद रतूडी सचिव,सुरेश जैनर कोषाध्यक्ष,सुशीला शर्मा , महिला आदि की सहभागिता रही ।

## ई-सिगरेट का कारोबार करने वाले दो दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड की प्रतिबंधित ई-सिगरेट का कारोबार करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड की १६८ प्रतिबंधित ई-सिगरेट बरामद की है जिसकी कीमत लगभग ३.५ लाख रुपये है। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा पुलिस उपायुक्त आदित्य गौतम ने बताया कि हेड कांस्टेबल सोनू तोमर को डिफेंस कॉलोनी मार्केट इलाके में प्रतिबंधित ई-सिगरेट बेचे जाने की सूचना मिली थी। इस सूचना पर एसीपी रमेश चंद्र लांबा की देखरेख में इंस्पेक्टर मनमीत मलिक के नेतृत्व में एएसआई सुरेंद्र, हेड कांस्टेबल सोनू तोमर, आशीष, अमरीश और अमित की टीम ने डिफेंस कॉलोनी ए ब्लॉक मार्केट, में एक स्टोर पर छापेमारी की। उक्त परिसर में छापेमारी के दौरान, ई-सिगरेट के विभिन्न स्वादों के १६८ पीस वाले दो कार्टन पाए गए। उक्त परिसर को चंदन चौधरी (४२) और उसके कर्मचारी दिलीप चौधरी (३२) द्वारा चलाया जा था। पुलिस द्वारा आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि वे दो साल से अधिक समय से इन प्रतिबंधित ई-सिगरेटों का व्यापार कर रहे थे।

उत्तर रेलवे
शुद्धिपत्र
संदर्भ : निविदा सूचना संख्या 100/2024-25 दिनांक 24.02.2025. क्र.सं. 04
निविदा संख्या 10255028A खुलने की तिथि 28.04.2025
उपरोक्त संदर्भित निविदा की तिथि 28.04.2025 से बढ़ाकर 27.05.2025 कर दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।
नोटः उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह तृतीय शुद्धिपत्र है।
दिनांकः 30.04.2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1280/25

उत्तर रेलवे
शुद्धिपत्र
संदर्भ : निविदा सूचना संख्या 100/2024-25 दिनांक 24.02.2025. क्र.सं. 03
निविदा संख्या 10255033A खुलने की तिथि 28.04.2025
उपरोक्त संदर्भित निविदा की तिथि 28.04.2025 से बढ़ाकर 27.05.2025 कर दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।
नोटः उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह तृतीय शुद्धिपत्र है।
दिनांकः 30.04.2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1279/25

उत्तर रेलवे
शुद्धिपत्र
संदर्भ : निविदा सूचना संख्या 100/2024-25 दिनांक 24.02.2025. क्र.सं. 02
निविदा संख्या 10255030A खुलने की तिथि 28.04.2025
उपरोक्त संदर्भित निविदा की तिथि 28.04.2025 से बढ़ाकर 27.05.2025 कर दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।
नोटः उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह तृतीय शुद्धिपत्र है।
दिनांकः 30.04.2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1275/25

ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी
रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए रेलवे द्वारा **दुर्ग-लालकुआं-दुर्ग** के बीच ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी निम्न समय-सारणी के अनुसार चलाई जाएगीः-

| 08771/08772 दुर्ग-लालकुआं-दुर्ग ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) | | | | 18 फेरे |
|---|---|---|---|---|
| रेलगाड़ी सं. 08771 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 08772 | |
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 10:45 | दुर्ग | 04:00 | -- |
| 11:20 | 11:25 | रायपुर जं. | 03:00 | 03:05 |
| 13:20 | 13:30 | उस्लापुर | 01:15 | 01:25 |
| 14:55 | 14:57 | पेन्ड्रा रोड | 23:00 | 23:02 |
| 15:40 | 15:45 | अनूपपुर जं. | 22:05 | 22:10 |
| 16:20 | 16:22 | शहडोल | 21:20 | 21:22 |
| 17:14 | 17:16 | उमरिया | 19:46 | 19:48 |
| 19:50 | 20:00 | कटनी मुड़वारा | 17:50 | 18:00 |
| 21:30 | 21:32 | दमोह | 15:15 | 15:17 |
| 22:40 | 22:45 | सागर | 14:00 | 14:05 |
| 02:10 | 02:15 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी | 10:05 | 10:10 |
| 06:20 | 06:25 | आगरा छावनी | 04:45 | 04:50 |
| 07:55 | 07:57 | मथुरा जं. | 03:35 | 03:40 |
| 11:25 | 11:35 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 01:20 | 01:30 |
| 12:35 | 12:37 | गाजियाबाद | 00:40 | 00:42 |
| 15:25 | 15:30 | मुरादाबाद | 22:38 | 22:43 |
| 16:03 | 16:05 | रामपुर जं. | 21:48 | 21:50 |
| 16:35 | 16:40 | रूद्रपुर सिटी | 20:50 | 20:55 |
| 17:50 | -- | लालकुआं | --- | 20:20 |

**चलने के दिनः 08771 दुर्ग** से दिनांक 01.05.2025 से 26.06.2025 तक (प्रत्येक वीरवार) और **08772 लालकुआं** से दिनांक 02.05.2025 से 27.06.2025 (प्रत्येक शुक्रवार) तक।
**स्थानः** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।
पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा-हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
1285/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### समस्याओं का समाधान जनपद स्तर पर ही हो ताकि महिलाओं को लखनऊ के चक्कर न काटने पड़े: मीनाक्षी भराल

# जनसुनवाई में महिला आयोग की सदस्य ने सुनीं महिलाओं की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बुधवार को उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य मीनाक्षी भराल ने विकास भवन सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ महिला उत्पीड़न व घरेलू हिंसा संबंधित मामलों की जनसुनवाई की और संबंधित प्रकरणों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान महिलाओं से जुड़े कुल विभिन्न प्रकार के मामलों की सुनवाई की गई, जिनमें महिला उत्पीड़न, दहेज प्रताड़ना, संपत्ति विवाद, अपहरण, तलाक, घरेलू हिंसा तथा बलात्कार जैसे गंभीर विषय शामिल थे। सदस्या मीनाक्षी भराला ने प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक मामले में पीड़िताओं को शीघ्र न्याय दिलाया जाए और कोई भी शिकायत लंबित न रखी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी समस्याओं का समाधान जनपद स्तर पर ही हो जाना चाहिए ताकि महिलाओं को लखनऊ के चक्कर न काटने पड़ें। जनसुनवाई के दौरान उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि कोई भी विभाग यदि किसी समस्या का सामना कर रहा है तो वह खुलकर अपनी बात रख सकता है। उन्होंने विभिन्न विद्यालयों में बुनियादी सुविधाओं जैसे वाटर कूलर, फर्नीचर आदि की उपलब्धता की जानकारी ली तथा फर्जी विद्यालयों पर कठोर कार्यवाही के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त मीनाक्षी भराला ने पेंशन रजिस्टर एवं दिव्यांग पेंशन रजिस्टर की स्थिति की जानकारी ली और यह निर्देश दिए कि पात्र महिलाओं को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ मिले। उन्होंने महिला अस्पताल का भी निरीक्षण किया और महिलाओं की स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान मीनाक्षी भराला ने कहा कि राज्य महिला आयोग महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर भावना सिंह, जिला विकास अधिकारी अखिलेश कुमार चौबे, जिला बेसिक शिक्षा अधिक. ारी गीता चौधरी, डिप्टी सीएमओ डा.यशवीर, जिला सूचना अधिकारी राहुल भाटी, पुलिस क्षेत्राधिकारी खेकड़ा प्रीता सहित आदि अधिक. ारी उपस्थित रहे।




# तालाब ओवरफ्लो होने से ग्रामीण परेशान, निकासी की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** पांची गांव में तालाब ओव. रफ्लो होने के कारण रास्तों मे पानी भरने से ग्रामीणों को परेशानी का सामने करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से तालाब के पानी की निकासी कराने की मांग की है।

पांची गांव मे तालाब की समस्या वर्षों पुरानी है। तालाब मे गंदगी के ढेर लगे है जिससे तालाब ओवरफ्लो हो जाता है और पानी सड़कों पर फैल जाता है। एक बार फिर तालाब ओवरफ्लो हो गया है जिससे पानी रास्तों गलियों मे भरने लगा है जिससे राहगीरों और ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही है। पांची निवासी कल्लू, मुस्तकीम, इसरार, फारूक, जुल्फिकार, सोनू आदि ने बताया कि तालाब का पानी ओवरफ्लो होने से गंदा पानी रास्तों मे भरा हुआ है जिससे गांव में बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। उन्होंने बताया कि तालाब की समस्या को लेकर ग्रामीण उच्च अधिकारीयों से मिल चुके है लेकिन आज तक समाधान नही हो पाया है। ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से पानी की निक. ासी की मांग की है।



## प्रतियोगिता में फुलैरा की बेटी ने स्वर्ण पदक जीत किया गांव का नाम रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** केरल मे आयोजित आल इन्डिया पुलिस कलस्टर 2025 प्रतियोगिता में फुलैरा की बेटी ने स्वर्ण पदक जीत गांव का नाम रोशन किया जिससे गांव मे जश्न का माहौल है।

फुलैरा की बेटी व उत्तर प्रदेश पुलिस मे नोएडा मे हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात प्रियंका अरोड़ा ने केरल में आयोजित आल इन्डिया पुलिस कलस्टर 2025 में स्वर्ण पदक हासिल किया। उत्तर प्रदेश पुलिस का प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होने टेबल टेनिस स्पधा मे पदक हासिल किया। प्रियंका ने फाइनल मुकाबले मे मणिपुर की नरसनी देवी को 4-1 से पराजित कर पदक जीता प्रियंका नोएडा के सुरजपुर पुलिस लाइन मे हेड कांस्टेबल है। फुलैरा गांव के लोगो को जब पदक जीतने का पता चला तो उनके घर शुभकामनाएं देने वालो का ताता लगा रहा वही गांव मे जश्न का माहौल है।



# आईसीएसई बोर्ड का परीक्षाफल हुआ घोषित

### शतप्रतिशत रहा क्रिस्टु ज्योति कॉनवेंट बागपत स्कूल का रिजल्ट, खुशी से झूमें छात्र-छात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** आईसीएसई बोर्ड का परीक्षफल बुधवार को घोषित कर दिया गया है। जनपद में क्रिस्टु ज्योति स्कूल के शतप्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण रहे। इंटर परीक्षा में बडौत कॉलिज की छात्र प्राची ने जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उसने 97. 25 प्रतिशत अंक प्राप्त किए जबकि दूसरा स्थान पर क्रिस्टु ज्योति बागपत की छात्रा अनुष्का रही। उसे 96.25 प्रतिशत अंक मिले। जनपद में तीसरे स्थान पर प्रांजल सूर्यान रही। उसने 95.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

इस संबंध में क्रिस्टु ज्योति स्कूल की प्रधानाचार्या सिस्टर साजिथा ने बताया कि बागपत स्कूल ने फिर गौरवशाली उपलब्धि हासिल की है और इंटर परीक्षा में जनपद में द्वितीय व तृतीस स्थान पर स्कूल की छात्राएं रही हैं जबकि हाई स्कूल में जनपद में प्रथम तीन स्थान प्राप्त कर स्कूल के छात्रों ने स्कूल का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्या ने इस सफलता के लिए छात्रों के साथ साथ शिक्षकों व अभिभावकों को भी बधाई दी है। उन्होंनें कहा कि यह करिश्मा शिक्षकों के मागदर्शन और छात्रों व अभिभावकों की कठोर मेहनत के कारण ही संभव हो सका है। कक्षा दस में क्रिस्टु ज्योति स्कूल की परी जैन ने जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उसने परीक्षा में 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। दूसरे व तीसरे स्थान भी इसी स्कुल के छात्र चिराग सूर्यान व सूर्यप्रताप सिंह रहे। चिराग ने 97.8 तथा सूर्य प्रताप ने 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। प्रधानाचार्या ने बताया कि स्कूल के कक्षा-12 व कक्षा- 10 का परीक्षाफल शतप्रतिशत रहा है।



## एक नजर

### पहलगाम में आतंकवादी हमले के विरोध मे शान्तिपूर्ण मशाल पदयात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** पुलवामा में हुए आतंकवादी हमले के विरोध मे ललियाना मे लोगों ने शान्तिपूर्ण मशाल पदयात्रा निकाल विरोध किया और आतंकवादीयो के खिलाफ कड़ी कारवाही की मांग की है।

पुलवामा में पर्यटकों पर आतंकवादी हमले के विरोध मे ललियाना गांव मे ग्रामीणों ने शान्तिपूर्ण मशाल पदयात्रा निकाली और आतंकवादीयो के खिलाफ कड़ी कारवाही की मांग की है। पदयात्रा के बाद ग्रामीणों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाये और पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कारवाही की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि आतंकवादीयो से बदला लेना चाहिए। इस मौकें पर गोविंद पंडित, हिमाशु शर्मा, मोहित, अनुज, राम कुमार आदि मौजूद रहे।




## हस्तिनापुर की पवित्र भूमि पर प्रथम बार की 400 दिन की कठोर तपस्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर में अक्षय तृतीया पालन महोत्सव में हजारों लोगों की श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। सैकड़ो वर्षीतप करने वाले तपस्वियों ने किया पारणा। स्थानकवासी जैन समाज मंडी के तत्वावधान में स्थानकवासी जैन समाज के प्रसिद्ध जैन मुनि अरुण चंद्र महाराज एवं उनके शिष्यमंडल के सानिध्य में सैकड़ो वर्षीतप करने वाले तपस्वियों ने अक्षय तृतीया महोत्सव के दौरान दिगंबर जैन कॉलेज के फील्ड एवं मानस्तंभ परिसर में किया पारणा। इस अवसर पर हजारों लोगों की भीड़ उत्तर भारत के विभिन्न प्रदेशों से उमड़ पड़ी।

पारणा महोत्सव के दौरान उपस्थित हजारों जैन श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए प्रसिद्ध जैन संत अरुण चंद्र महाराज ने कहा कि वर्कशीट तप करने की परंपरा जैन धर्म में सैकड़ो वर्षों से विद्यमान है क्योंकि जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव भगवान ने लाखों वर्ष पूर्व हस्तिनापुर की पवित्र भूमि पर प्रथम बार 400 दिन की कठोर तपस्या करने के बाद आहार दान का प्रारंभ करते हुए पारणा किया था।

उसी परंपरा के प्रति श्रद्धा निष्ठा जाहिर करने के लिए जैन समाज के लोग आज भी लाखों वर्षों के पश्चात भी वही तपस्या करके भगवान ऋषभदेव और जैन संस्कृति का पालन करते हैं। यह वाकई गौरव एवं गर्व की बात है। वर्षीतप अक्षय तृतीया महोत्सव के दिशा निर्देशक डा.अमित राय जैन ने कहा कि जैन मुनि अरुण चंद्र महाराज उत्तर भारत के जैन समाज के बहुत प्रमुख संतों में है। उनका बड़ौत आगमन वाकई ऐतिहासिक है क्योंकि यह महोत्सव प्राचीन कुरु जनपद की प्राचीन भूमि पर हो रहा है यह उस परंपरा के प्रति सम्मान है जो कि भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता को समृद्ध करने वाला है। संयोजक आशीष जैन ने इस अवसर पर बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए कहा कि जैन समाज अपने अतिथियों के लिए हमेशा की तरह कृत संकल्पित है उनको सुविधा और सेवा देने के लिए कार्यक्रम की अध्यक्षता शिखर चंद शहजाद राय जैन ने की। स्थानकवासी जैन समाज के अध्यक्ष शिखर चंद जैन महामंत्री संजय जैन ने अक्षय तृतीया महोत्सव के दौरान मुख्य अतिथियों का स्वागत अभिनंदन शॉल एवं माल्यार्पण के द्वारा किया एक विशेष रजत मुद्रा इस अवसर पर बनाकर सभी पारणा करने वाले तपस्वियों को एवं अतिथियों को भेंट की गई।

## भाई की ससुराल में आए युवक की सिर में क्रिकेट बैट मारकर हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** जनपद मुजफ्फरनगर के थाना बुढाना के गांव इटावा निवासी अनिल पुत्र प्रकाश थाना बिनौली के गांव मुकीम पुरा में आपने भाई की ससुराल आया हुआ था। आरोप है कि आपसे विवाद के चलते गांव के ही आधा दर्जन से अधिक युवको ने किकेट बैट से प्रहार कर उसकी हत्या कर दी। इस संबंध में मृतक के भाई सुनिल कुमार ने थाना बिनौली में आरो. पियों के विरूद्ध मुक. दमा दर्ज कराया। थाना प्रभारी बिनौली के अनुसार पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

इटावा निवासी सुनिल कुमार की गांव मुकीपुरा में सुसराल है। बताया गया है कि गत बुधवार को सुनिल का भाई अनिल अपने भाई की ससुराल गया था। आरोप है कि वहां पर किसी बात को लेकर अनिल का गांव के ही निखिल पुत्र अरविन्द के साथ विवाद हो गया। आरोप है कि निखिल व उसके साथियों ने मिलकर किकेट बैट से सिर पर प्रहार किया जिससे वह घायल हो गया। जब रिस्तेदार उसे लेकर डॉक्टर के पास पहुंचे तो डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में मृतक के भाई सुनिल ने भाना बिनौली में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। थाना प्रभारी बिनौली शिवदत्त ने बताया कि पुलिस ने वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के दौरान एक हत्यारोपी के गिरफ्तार कर उसकी निशानद. ही पर हत्या में प्रयुक्त बैट बरामद कर दिया है। पूछताछ में आरा. पी ने अपना नाम निखिल बताया है। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया है।



## शिलान्यास एवं पुनरुद्धार कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में धार्मिक विश्वास व मनोकामना पूर्ण करने के कारण आस्था और महत्व के केंद्र पंचवटी मंदिर में श्रीराधा कृष्ण मंदिर पंचवटी मंडी, ट्रस्ट के तत्वाधान में शिलान्यास एवं पुनरुद्धार कार्यक्रम का आयोजन मनोज गोयल उर्फ चाँद की अध्यक्षता मे हुआ। संचालन महामंत्री डा.योगेश जिन्दल ने किया।

इस दौरान पंचवटी धर्मशाला को विशाल रूप देने के लिए पंचवटी मंदिर प्रांगण मे एक विशाल हाल का शिलान्यास किया गया जो समाजस. ेवी योगेश मोहन सर्राफ एंव उनके परिवार द्वारा किया गया एवं भूमि पूजन आकाश बंसल द्वारा किया गया। श्रद्धा और विश्वास के साथ आयोजित कार्यक्रम में योगेश मोहन सर्राफ, आकाश बंसल, मोहित बिन्दल, राजेश गुप्ता मुरादनगर वाले, गुलाब राय नितिन कुमार मित्तल, कन्हैया लाल ओम प्रकाश, भाजपा नेता सुधीर मान, जितेंद्र सिंघल, सुनीता पत्नी मास्टर सुभाष, समा. जसेवी अभिमन्यु गुप्ता, सत्यनारायण अग्रवाल आदि ने ट्रस्ट को धर्मशाला निर्माण मे दिल खोलकर आर्थिक सहयोग दिया। सभी दानवीरों का समाज के गणमान्यों द्वारा स्वागत किया गया। बैठक मे डा. योगेश जिन्दल, रजत गोयल, ब्रह्म सिंह गोयल भट्टे वाले, विनोद गोयल पंसारी, प्रदीप गुप्ता, राहुल अग्रवाल, अशोक मित्तल प्रदीप गुप्ता, अमिय कुमार, रामप्रकाश भगत रामावतार गोयल, सत्यनारायण अग्रवाल, डा. राजेश गुप्ता, सुनील मित्तल अजय गर्ग, अनिल अग्रवाल रवि कांत उर्फ पप्पू, विनोद गोयल पंसारी आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



## दौड़ कर रहे युवक पर नकाबपोश युवकों ने किया जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बुधवार को सुबह नहर की पटरी पर दौड़ कर रहे एक मैजिक चालक पर चर नकाबपोशों ने लाठी-डंडों से हमला बोल दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित ने बडौत कोतवाली में अज्ञात में तहरीर दी है। पुलिस हमलावरों का पता लगा रही है।

गांव ढिकाना निवासी ईश्वर पुत्र दीपचंद ने बताया कि वह बडौत से बागपत तक मैजिक चलाता है। उसने बताया कि वह प्रतिदिन सुबह दौड करने के लिए जाता है। बुधवार को सुबह करीब साढे चार बजे घर से दौड़ के लिए निकला था। उसने बताया कि जब दौड़ करता हुआ वह बडौली नहर के पुल पर पहुंचा तो वह थोड़ा आराम करने के लिए रूक गया। आरोप है कि इस दौरान पीछे से चार नकाबपोश आए और उस पर लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। वह काफी चिल्लाया और आरोपियों से हमले का कारण पूछने का प्रयास किया लेकिन वह बिना कुछ बोले ही उस पर प्रहार करते रहे जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित ने इस संबंध में कोतवाली बडौत में अज्ञात में तहरीर दी है। पुलिस हमलावरों का पता लगा रही है।



## सनातन रक्षा दल ने धनौरा सिल्वर नगर में पाकिस्तान का पुतला फूंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** पहलगाम की आतंकी घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने क्षेत्र के गाँव धनौरा सिल्वर नगर में जोरदार प्रदर्शन करते हुए आतंकवाद के संरक्षक और प्रेरक पाकिस्तान का पुतला दहन किया। इस दौरान बडी संख्या में युवाओं ने प्रतिभाग किया तथा आतंकी मान. सिकता वाले किसी भी व्यक्ति का पूरी तरह से आर्थिक रूप से बहिष्कार का संकल्प भी लिया।

गत देर सांय आयोजित पुतला दहन कार्यक्रम का आयोजन सनातन रक्षा दल की ओर से किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने हिस्सा लिया तथा पाकिस्तान मुर्दाबाद, पहलगाम का बदला लो, आतंकवाद का करो खात्मा तभी शांत होंगी मृतकों की आत्मा, आदि नारेबाजी की गई। इस दौरान कपिल शास्त्ररी प्रांजुल शर्मा नीटू दीपक सौरभ अश्वनी राजीव आदि ने युवाओं के जोश को होश में रहकर संकल्प भी लिवाया कि, पाकिस्तान के प्रति या आतंकवादियों के प्रति सहानुभूति रखने वालों का पूर्ण रूपेण आर्थिक बहिष्कार करेंगे।



## भगवान परशुराम प्राकटय दिवस पर भगवान की प्रतिमा को गंगाजल से कराया स्नान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का प्राकटय दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शिव मंदिर पट्टी अहिरान में स्थापित भगवान परशुराम की प्रतिमा को गंगाजल, पंचामृत से स्नान कराकर, श्रद्धालुओं ने यज्ञोपवित, वस्त्र, फूल मालाओं से सुशोभित कर मंत्रोंच्चारण के साथ आरती के उपरांत खीर का भोग लगाया।

इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ समाजसेवी पंडित राजेंद्र शर्मा को ब्राह्मण समाज खेकड़ा की ओर से पटका, पगड़ी, स्मृति चिन्ह भेंटकर भगवान परशुराम पुरस्कार भेट किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पंडित अखिलेश शास्त्री ने भगवान का पूजन कराया और आरती के उपरांत खीर का भोग लगाकर सभी को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष उमेश शर्मा ने कहा कि समाज के बुजुर्गो को सम्मान देकर नई पीढ़ी को प्रेरणा प्रदान होती है। और समाज में सद्‌भभाव की भावना प्रवाहित होती है। शिव मंदिर में आयोजित कार्यक्रम का संचालन महामंत्री आशु शर्मा ने किया। कार्यक्रम में अनुज शर्मा, अरविंद शर्मा, मोहित भारद्वाज, विशाल शर्मा, राधेश्याम शर्मा, पप्पू शर्मा, अखिलेश कौशिक, कुलदीप शर्मा, नगर अध्यक्ष उमेश शर्मा उपस्थित रहे।



## नाबालिग लड़की के साथ गैंगरेप, पुलिस से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बिनौली थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के साथ गैंगरेप की घटना सामने आई है। पीड़िता की बहन ने बताया कि गांव का एक युवक फोन कर उसकी 13 वर्षीय बहन को बुला ले गया। आरोपियों ने करीब 6 घंटे तक पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया।

आरोपी पीड़िता को बेहोशी की हालत में एक गली में छोड़कर फरार हो गए। गांव के एक व्यक्ति ने पीड़िता के परिवार को सूचना दी कि उनकी बहन गंभीर हालत में मिली है। पीड़ित परिवार ने तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़ित परिवार की शिकायत पर दो नामजद और एक अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश में जुटी है।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र शहजाद व उसकी पत्नि शबाना से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। खलील पुत्र बुल्ला कुरैशी निवासी ग्राम बरनावा थाना बिनौली जनपद बागपत।

## हत्या के मामले में पुलिस ने नामजद दो अभियुक्त किए गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील के थाना बिनौली पर वादी सुभाष पुत्र सुक्खे निवासी ग्राम तितरौदा थाना सिंघावली अहीर ने लिखित तहरीर दी कि अभियक्त अरविन्द, ब्रिजू, पिन्टू पुत्रगण महरु, महरु व उसकी पत्नी निवासी ग्राम ग्वालीखेडा द्वारा उसकी पुत्री के साथ दहेज के लिये प्रताड़ित कर मारपीट की गयी व अतिरिक्त दहेज में 1 लाख रुपये नगद, 1 अपाचे मोटर साईकिल की मांग की गयी तथा दहेज की मांग पूर्ण न होने पर उसकी पुत्री को फांसी देकर मार दिया गया।

इस सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर विभिन्न धाराओं में मुक. दमा पंजीकृत किया गया तथा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत उप निरीक्षक विपिन कुमार व महिला उप निरीक्षक शीलेष चौधरी के नेतृत्व में नामजद अभियुक्त अरविन्द पुत्र मेहर चन्द निवासी ग्राम ग्वालीखेडा व पत्नी मेहर चन्द को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गई।



**NOTICE**

It is for general information that I, Krishan Kumar S/O Harnarayan R/O-228, Shikohpur, Baghpat, Baghpat, Uttar Pradesh -250609, declare that name of mine and my father has been wrongly written as Krashan Chand and Har Narayan Singh in my 10th and 12th educational documents and name of mine and my father has been wrongly written as Kirshan Chand and HNS in my B.Com degree and name of mine and my father has been wrongly written as Krashan Chand and HNS in my M. Com and L. L. B. Degree. The actual name of mine and my father are Krishan Kumar and Harnarayan.

# मुख्य सचिव ने किया जेवर एयरपोर्ट का स्थलीय निरीक्षण





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का स्थलीय निरीक्षण कर परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने एयरपोर्ट के निर्माण कार्यों में लगी विभिन्न एजेंसियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर निर्माण कार्यों की स्थिति की जानकारी ली।

इस दौरान यमुना विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अरुणवीर सिंह, जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा, यमुना विकास प्राधिकरण के ओएसडी/नोडल अधिकारी जेवर एयरपोर्ट शैलेंद्र कुमार भाटिया, उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह, जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के सीईओ क्रिस्टोफ श्रेलमैन, चीफ डेवलपमेंट ऑफिसर जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट निकोलस शेंक, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर किरन जैन सहित संबंधित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड, टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड एवं नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के अधिकारियों ने मुख्य सचिव को रनवे, टर्मिनल भवन, कार्गो सुविधाओं सहित अन्य बुनियादी ढांचे की प्रगति से अवगत कराया।

मुख्य सचिव ने सभी संबंधित एजेंसियों को निर्देशित किया कि एयरपोर्ट के शेष निर्माण कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि यह परियोजना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है, और इसके तहत उड़ान संचालन की अंतिम समय सीमा शीघ्र घोषित की जाएगी।

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एयरपोर्ट परियोजना की नियमित समीक्षा सुनिश्चित की जाए तथा निर्माण की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि जेवर एयरपोर्ट प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति देने के साथ-साथ युवाओं के लिए रोजगार एवं व्यापार के नए अवसर सृजित करेगा।

बैठक के उपरांत मुख्य सचिव ने टर्मिनल भवन, कार्गो स्थल एवं अन्य निर्माणाधीन स्थलों का स्थलीय निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

# ट्विन टावर केस की दूसरी जांच में भी नोएडा अथॉरिटी के 11 अफसर दोषी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में भ्रष्टाचार की बुनियाद पर खड़े किए गए सुपरटेक के ट्विन टावर मामले में नोएडा प्राधिकरण के 11 अफसरों पर कार्रवाई की तलवार लटक गई है। एसआईटी के बाद शासन के निर्देश पर हुई दूसरी जांच में भी इन अधिकारियों को दोषी पाया गया है।

जांच अधिकारी ने इस मामले में अपनी रिपोर्ट शासन को भेज दी है। अब शासन स्तर से आरोपियों पर कार्रवाई होनी है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर नोएडा के सेक्टर-93ए में बने सुपरटेक के ट्विन टावर एपेक्स और सियान 28 अगस्त 2022 को गिरा दिए गए थे। इसमें एक टावर 102 मीटर और दूसरा 95 मीटर ऊंचा था। इन टावर को गिराने के लिए एमरॉल्ड कोर्ट सोसाइटी की एओए ने लंबा संघर्ष किया। सुप्रीम कोर्ट ने ट्विन टावर को लेकर नोएडा प्राधिकरण की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठाए थे और सख्त टिप्पणी करते हुए कहा था कि प्राधिकरण के चेहरे ही नहीं, उसके मुंह, नाक, आंख सभी से भ्रष्टाचार टपकता है। प्राधिकरण के अधिकारियों की बिल्डर से साठगांठ है।

सुप्रीम कोर्ट की इस तल्ख टिप्पणी से प्राधिकरण की किरकिरी हुई थी। इसके बाद शासन ने इस मामले में सितंबर 2021 में उत्तर प्रदेश बुनियादी ढांचा एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में चार सदस्यीय कमेटी का गठन किया। जांच कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर मामले में शामिल 26 अधिकारियों/कर्मचारियों, सुपरटेक लिमिटेड के निदेशकों और उनके आर्किटेक्ट्स के खिलाफ कार्रवाई की गई। चार अक्टूबर 2021 को इस मामले में मुकदमा दर्ज किया गया। इस प्रकरण में जिन 26 अधिकारियों पर आरोप हैं, उनमें से 20 रिटायर हो चुके हैं, जबकि दो की मौत हो चुकी है। चार सेवा में थे, जिन्हें सस्पेंड किया जा चुका है।

शासन ने इन अधिकारियों में से 11 की जांच का जिम्मा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव को सौंपा था। उन्होंने एक सप्ताह पहले इस मामले में जांच पूरी कर शासन को रिपोर्ट दे दी है। उन्होंने जांच रिपोर्ट पर कोई भी टिप्पणी करने से इनकार करते हुए कहा कि इस मामले में आगे का निर्णय शासन को लेना है। वह अपनी रिपोर्ट शासन को भेज चुके हैं।

# डेबिट कार्ड बदलकर खाते से निकाले 85 हजार रुपये

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** थाना सेक्टर-63 क्षेत्र में एटीएम से रुपये निकालने गए एक व्यक्ति का डेबिट कार्ड बदलकर बैंक खाते से 85 हजार रुपये निकाल लिए। जालसाजों ने बूथ में मदद के बहाने घुसकर न केवल कार्ड बदला, बल्कि उसका पासवर्ड भी चोरी से प्राप्त कर लिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर करीब एक माह बाद केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

चोटपुर कॉलोनी निवासी दुर्गा नंद झा ने पुलिस को बताया कि वह एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते हैं। उनका खाता एक्सिस बैंक में है। 23 मार्च की दोपहर करीब तीन बजे वह सेक्टर-63 स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम से रुपये निकालने गए थे। मशीन में कुछ खराबी के चलते रुपये नहीं निकल रहे थे। तभी उनके पीछे दो युवक आ गए। उन्होंने परेशानी को समझते हुए मदद का आश्वासन दिया। एक युवक ने उनसे डेबिट कार्ड लेकर रुपये निकालने में मदद का प्रयास किया, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। दोनों ने मशीन खराब बताकर किसी और एटीएम से रुपये निकालने की बात कहकर वहां से टरका दिया। वह डेबिट कार्ड लेकर वहां से चले गए। पीड़ित ने बताया कि कुछ देर बाद जब वह घर पहुंचे तो मोबाइल फोन पर बैंक का मैसेज प्राप्त हुआ। पता चला कि खाते से 85 हजार रुपये निकल गए थे। जेब में रखे डेबिट कार्ड को देखा तो वह उनका नहीं था। एटीएम पर जाकर देखा तो दोनों युवक गायब थे। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# एक करोड़ की जूलरी, पांच लाख नकदी समेत दो गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** थाना सेक्टर 39 नोएडा पुलिस द्वारा घरों में चोरी करने वाले 02 चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से चोरी के 05 लाख रुपए नकद व जेवरात कीमत करीब 1 करोड रुपए बरामद किए गए है। चोरों की पहचान समरजीत और संदीप हुई है।

सेक्टर-41 में सौरभ जैन परिवार के साथ रहते है। वे कारोबारी है। समरजीत पीड़ित के घर में करीब 2.5 साल तक नौकर के रूप में काम कर रहा था। घटना को अंजाम देने से पहले उसे सौरभ ने घर से निकाल दिया था।

**नौकर और ड्राइवर ने मिलकर बनाया प्लान:** पुलिस ने बताया कि समरजीत और संदीप दोनों ने मिलकर चोरी का प्लान बनाया था। समरजीत पीड़ित के फ्लैट पर घरेलू काम करता था। जिसे पीड़ित ने घर से निकाल दिया था। पीड़ित को शक था कि आरोपी का चाल चलन ठीक नहीं है। जिस समय समरजीत ने पीड़ित का घर छोड़ा उसके घर की एक डुप्लीकेट आबी बनवा ली थी। दूसरा आरोपी संदीप पीड़ित के घर का ड्राइवर है।

**डुप्लीकेट चाबी का किया प्रयोग:** समरजीत और संदीप दोनों की दोस्ती थी।

समरजीत ने जब घर छोड़ने के बाद भी संदीप से मिलता रहता था। दोनों ने मिलकर चोरी का प्लान बनाया। पीड़ित एक रात परिवार के साथ बाहर गए थे। उसी रात समरजीत और संदीप ने डुप्लीकेट चाबी का प्रयोग किया और घर में प्रवेश कर गए।

वहां अलमारी का लॉक खोला और नगदी और जूलरी लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस से की।

**पांच लाख नगद और एक करोड़ की जूलरी बरामद:** पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनके पास से 5 लाख रुपए नगदी और 1 करोड़ कर जूलरी बरामद की गई।

इसमें दो चौन पीली धातु, दो चौन सफेद नग, 07 रिंग पीली धातु की नग लगी, 11 सिक्के पीली धातु , 64 सिक्के सफेद धातु, 13 सिक्के बडे सफेद व पीली धातु, 11 चूडिया पीली धातु नग लगी, 12 ईयर रिंग पीली धातु सफेद नग लगी, एक कर्ण फूल पीली धातु, एक ब्रेसलेट नग जडा बरामद किया गया।

## एक नजर

### सीमा हैदर ने अपनाया सनातन धर्म

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** वकील एपी सिंह ने सीमा हैदर के मामले में नया बयान दिया है। उन्होंने बताया कि सीमा ने सनातन धर्म अपनाया है और सचिन मीणा से शादी की है। सीमा की एक बेटी का जन्म भारत में हुआ है। एपी सिंह ने स्पष्ट किया कि सीमा का हाल ही में हुए पहलगाम हमले से कोई संबंध नहीं है। उनका मामला बिल्कुल अलग है। वर्तमान में सीमा अपनी बीमार बेटी का अस्पताल में इलाज करवा रही हैं। उत्तर प्रदेश एटीएस, पुलिस और अन्य एजेंसियां सीमा हैदर के मामले की जांच कर रही हैं। सीमा से जुड़े सभी आवश्यक दस्तावेज एजेंसियों के पास हैं। जांच प्रक्रिया नियमानुसार चल रही है। वकील ने लोगों से जांच एजेंसियों पर विश्वास रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है।

### पिकअप निकालने को लेकर विवाद लाठी-डंडों से हमला, चार लोग घायल

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कस्बे में मंगलवार रात एक पिकअप गाड़ी को लेकर हुए विवाद में चार लोग घायल हो गए। घटना मोहल्ला अम्बेडकर नगर की है।

मोहल्ला शहीद नगर निवासी फिरोज अपने भाई आमिर और चचेरे भाई तालिब के साथ पिकअप लेकर रबूपुरा स्टैंड से घर लौट रहा था। मोहल्ला अंबेडकर नगर से गुजरते समय कुछ लोगों से विवाद हो गया। आरोप है कि अजीत, सोनू और एक युवती समेत कुछ लोगों ने उनकी गाड़ी रोक ली। पहले गाली-गलौज की। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। इस हमले में फिरोज, आमिर और तालिब गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गए। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पीड़ित के भाई गुलफाम पर भी आरोपियों ने हमला किया। चारों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने एक युवती समेत चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### अज्ञात वाहन ने बुलेट बाइक सवार को कुचला, मौत

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र में दादरी रेलवे ओवर ब्रिज के समीप मंगलवार की रात अज्ञात वाहन ने बुलेट बाइक सवार युवक को कुचल दिया। हादसे में बाइक सवार की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात वाहन चालक पर मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक दादरी कोतवाली क्षेत्र के बोड़ाकी गांव का रहने वाला 30 वर्षीय विकास कुमार मंगलवार की रात बुलेट बाइक पर सवार होकर नोएडा से घर की तरफ लौट रहा था। दादरी रेलवे ओवर ब्रिज पर चढ़ते समय इसकी बुलेट बाइक में किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद आरोपी चालक गाड़ी लेकर मौके से भाग गया। इस दुर्घटना में विकास की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक पर मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है की घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज देखी जा रही है। अज्ञात वाहन का पता लगाकर आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### श्री राम मिलेनियम स्कूल के आईएससी में रिहान ने किया टॉप

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** आईसीएसई और आईसीएस का बुधवार को परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। नोएडा में स्कूलों में परीक्षा परिणाम आने के बाद स्टूडेंट्स में खुशी का माहौल है। तीनों स्कूलों का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। श्री राम राम मिलेनियम स्कूल का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। यहां आईएससी यानी 12वीं में रिहान अग्रवाल ने 99.3 प्रतिशत अंक हासिल किए। उन्होंने जिला टॉप किया। इसके अलावा तनुष ने 98.8 प्रतिशत अंक हासिल किए। इसी स्कूल में आईसीएसई यानी 10वीं में शौर्या महेश्वरी 98.8 और जारा बेदी ने 98.2 प्रतिशत अंक हासिल कर टॉप किया। वहीं जि सेस मैरी स्कूल में आईएससी में रिषभ कुमार ने 96.25 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। आईसीएसई में 99.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉप किया। यहां सेंट जोसफ स्कूल में दसवीं और बारहवीं दोनों में 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा। ग्रेटर नोएडा के सेंट जोसफ स्कूल में आईसीएसई में कुल 184 स्टूडेंट बैठे थे। सभी स्टूडेंट पास हो गए। आईसीएसई में वैश्नवी वैभव ने टॉप किया। वैश्नवी ने 96.60 प्रतिशत अंक हासिल किए।
आईसीएस में शाश्वत कुमार श्रियांश ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप किया। शाश्वत ह्यूमैनिटीज स्ट्रीम से है। अलग-अलग स्ट्रीम की बात करे तो साइंस स्ट्रीम में सक्षम मिश्रा ने 95.4 और कॉमर्स में सुहानी अग्रवाल ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। शाश्वत ने बताया कि वो आगे चलकर आईएएस बनना चाहते है। इसके लिए तैयारी की जा रही है। वो स्कूल में हेड बॉय भी रहे है। उन्होंने बताया कि टाइम मैनेजमेंट के साथ पढ़ाई करना बेहतर होता है। टीचर, पेरेंट्स के अलावा सोशल मीडिया में यू ट्यूब के जरिए भी काफी मदद मिली। पिता का नाम धन्नंजय है वो इंजीनियर है। वहीं माता नीलम प्राइवेट टीचर है। ऐसे में दोनों का काफी गाइडेंस मिलता रहा।

# गर्मी बढ़ते ही धनौरी वेटलैंड सूखा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना प्राधिकरण क्षेत्र स्थित धनौरी वेटलैंड (आद्रभूमि) गर्मी बढ़ते ही सूख गया। पर्यावरणविद् ने मंगलवार को इसकी लिखित शिकायत वन विभाग, प्राधिकरण और केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय में की। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) में भी शिकायत करने की बात कही। वन विभाग ने वेटलैंड में लगभग एक सप्ताह पहले गड्ढा खुदवाकर पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था कर दी। जिले के खेड़ी भनौता गांव के रहने वाले पर्यावरणविद् विक्रांत तोंगड़ को धनौरी वेटलैंड सूखने की जानकारी मिली थी। इस पर सोमवार को वह वेटलैंड साइट पर पहुंचे तो चारों तरफ सूखा पड़ा हुआ था। आसपास के लोगों से बातचीत कर जानकारी हासिल की। पर्यावरणविद् ने मौजूदा स्थिति की फोटो खींचकर इसकी लिखित शिकायत की। शिकायती पत्र में कहा गया है कि धनौरी वेटलैंड सारस, किंगफिशर, स्टॉर्क, बगुला और बत्तख समेत विभिन्न प्रकार के पक्षियों के लिए एक महत्वपूर्ण स्थल है। पिछले कुछ सप्ताह के दौरान यह वेटलैंड सूख गया है। इससे पक्षियों को परेशानी होने के साथ पर्यावरण संत. ुलन बिगड़ रहा है। वन विभाग और यमुना प्राधिकरण को लिखे पत्र में वेटलैंड में पानी बहाल करने और इसके पारिस्थितिक संतुलन की रक्षा के लिए तत्काल कदम उठाने का आग्रह किया गया।

पर्यावरणविद् का कहना है कि यदि समय रहते कोई कार्रवाई नहीं की गई तो एनजीटी का दरवाजा खटखटाया जाएगा। वहीं, यमुना प्राधिकरण द्वारा धनौरी वेटलैंड को संरक्षित करने की तैयारी चल रही है। धनौरी वेटलैंड लगभग 50 एकड़ में फैला है।

**नहर में पानी न आने से दिक्कत हुई:** जिला वन अधिकारी प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सिंचाई विभाग द्वारा कुछ काम कराने वजह से नहर में पानी नहीं आ पा रहा है। यह समस्या लगभग एक सप्ताह और रहेगी। इसको देखते हुए धनौरी वेटलैंड क्षेत्र में एक सप्ताह पहले गड्ढा खुदवाकर पानी भरवा दिया गया, ताकि पक्षियों को किसी तरह की दिक्कत न हो। सिंचाई विभाग द्वारा पानी छोड़ते ही समस्या का समाधान हो जाएगा। इससे संबंध में बातचीत हो चुकी है।

# नाइजीरियन नागरिक ने फ्लैट ओनर को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा के ग्रेटर नोएडा से एक नाइजीरियन नागरिक की ओर से फ्लैट ओनर के साथ मारपीट की घटना सामने आ रही है। दरअसल यमुना अथॉरिटी के सेक्टर-22 डी में स्थित अफॉर्डेबल सोसायटी में एक नाइजी. रियन नागरिक रेंट पर रहता है। कई दिनों से रेंट देने के नाम पर वह बहला-फुसला रहा था, उससे दोबारा मंगलवार रात जब रेंट मांगा तो आक्रोशित होकर फ्लैट ओनर के साथ मारपीट करने लगा।

थाना दनकौर क्षेत्र के यमुना अथॉरिटी के सेक्टर-22 डी की अफॉर्डेबल सोसायटी में रेंट को लेकर फ्लैट ओनर और किरायेदार के बीच विवाद हो गया। एक नाइजीरियन नागरिक ने फ्लैट ओनर रमेश वधावन के साथ मारपीट की। पूरी घटना मंगलवार रात की बताई जा रही है। रमेश वधावन ने बताया कि उनके दोस्त के फ्लैट में एक नाइजीरियन परिवार रहता है। कई दिनों से किराया मांगा जा रहा था। आरोपी टालमटोल कर रहा था, जब मंगलवार रात को फिर किराया मांगा गया तो वह आक्रोशित हो गया और रमेश के साथ मारपीट शुरू कर दी। नाइजीरियन नागरिक ने घटना का वीडियो बना रहे व्यक्ति को भी बख्शा नहीं, उसके साथ भी मारपीट की।

**नोएडा पुलिस ने शुरू की जांच:** रमेश ने आगे बताया कि वह पिछले दो वर्षों से इस सोसायटी में रह रहे हैं। पास में सुपरटेक गोल्फ कंट्री सोसायटी है, जहां बड़ी संख्या में नाइजीरियन नागरिक रहते हैं। कुछ समय से वे उनकी सोसायटी में भी रहने लगे हैं। इससे लोगों को परेशानी हो रही है।

## क्रिकेट खेलने से मना करने पर रॉड से हमला

**नोएडा।** कासना में क्रिकेट खेलने से मना करने पर तीन सगे भाइयों ने मिलकर एक युवक पर रॉड से हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित के पिता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

जमालपुर गांव के रहने वाले संजय ने पुलिस को बताया कि गांव के रहने वाले तीन सगे भाई सोमवार को खेत में क्रिकेट खेल रहे थे। इसी बीच संजय का बेटा गौरव वहां से निकालकर जा रहा था। आरोप है कि आरोपी भाइयों ने गौरव से क्रिकेट खेलने के लिए कहा, गौरव ने मना किया तो आरोपियों ने गाली गलौज कर मारपीट की। सिर पर लोहे की रॉड से हमला कर घायल कर दिया। घायल का अस्पताल में इलाज चल रहा है। अब इस मामले में गौरव के पिता संजय ने आरोपी मंगल, बंटी और दिलावर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

# पूर्वोत्तर राज्यों से गांजा की तस्करी करने वाले दो गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** पूर्वोत्तर राज्यों से गांजा लाकर दिल्ली-एनसीआर में आपूर्ति करने वाले दो तस्करों को मंगलवार रात पुलिस ने गिरफ्तार किया। दोनों डिलिवरी ब्वॉय के माध्यम से ऑनलाइन मांग होने पर सप्लाई करते थे। इनके पास से भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ है।

सेंट्रल नोएडा जोन के डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि मंगलवार रात टीम गढ़ी गोल चक्कर पर जांच कर रही थी। तभी बाइक पर दो संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिए। उन्हें रुकने का इशारा किया तो पर्थला फ्लाईओवर की तरफ मुड़ते हुए सर्विस रोड पर भागने लगे। टीम ने घेरकर दोनों को पकड़ लिया। दोनों की पहचान जिला कन्नौज के गांव रोहली निवासी योगेंद्र प्रताप और अरुण उर्फ कन्हैया के रूप में हुई। दोनों वर्तमान में गांव गढ़ी में रह रहे हैं। तलाशी लेने पर दोनों के पास से पांच किलो अवैध गांजा, दो मोबाइल फोन और तस्करी में इस्तेमाल बाइक बरामद हुई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह गांजा को शिलांग और पूर्वोत्तर राज्यों से लाते थे। ग्राहक की मांग के अनुसार माल को एक प्रतिष्ठित कंपनी के रैपर में पैक करके विभिन्न डिलिवरी कंपनियों के माध्यम से पोर्टर/पार्सल पर बुक कर उस डिलिवरी ब्वॉय के माध्यम से भेजते थे, इसका भुगतान ऑनलाइन लेते थे। यह फिनो पेमेंट बैंक में अन्य व्यक्तियों का खाता खुलवाते हैं और उनका एटीएम अपने पास रखते हैं। उस एटीएम का इस्तेमाल करके रुपये निकाल लेते हैं। बैंक खातों के संबंध में जांच की जा रही है।

# महिला से छेड़छाड़ में कश्मीरी युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** देश के लिए साल 1971 में युद्ध लड़ने वाले कर्नल की शादीशुदा बेटी के साथ कश्मीरी व्यक्ति द्वारा छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने फेज-1 थाने में केस दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

पीड़िता ने पुलिस को बताया- वह पांच साल के बच्चे की मां हैं और बुजुर्ग मां के साथ रहती है। वह मनोविज्ञान और कानून की स्टूडेंट रही हैं। पिता ने साल 1971 में हुए युद्ध में भाग लिया था। उन्हें सैन्य सेवा पदक भी मिला था। जब वह सिर्फ तीन साल की थीं तो 1994 में पिता का निधन हो गया था। वर्तमान में वह मोमबत्ती का कारोबार करती हैं। इसी को लेकर पिछले दिनों उनकी मुलाकात कश्मीर निवासी मोहम्मद आमीन कालू से हुई थी। उसने बताया- उसका परिचय सऊदी अरब के एक कारोबारी के साथ भी है।

**ऑफिस में की छेड़खानी:** उसने कहा- वह उनके मोमबत्ती के कारोबार को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने में मदद कर सकता है। इसी को लेकर आरोपी 23 अप्रैल को उन्हें सेक्टर-6 स्थित अपने ऑफिस लेकर गया था। पीड़िता का आरोप है कि काफी देर होने पर उन्होंने परिवार के सदस्य को उन्हें लेने के लिए बुलाया। उसके आने के बाद जब वह जाने लगीं तो आरोपी ने रोककर गलत तरीके से टच किया और आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। इस दौरान वह किसी प्रकार से उससे बचीं और धक्का देकर वहां से बाहर आकर अपने घर पहुंचीं।

## परिषदीय स्कूलों में स्पोर्ट्स क्लब बनेंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** परिषदीय स्कूलों में शासन ने स्पोर्ट्स क्लब गठन करने के निर्देश जारी किए है। इसमें छात्र-छात्राएं केवल शैक्षणिक ही नहीं, खेलकूद गतिविधियों में भी निपुण बनेंगे। जिले के कुल 511 परिषदीय स्कूलों में छात्रों को पारंपरिक खेलों के साथ-साथ एथलेटिक्स, बैडमिंटन, शतरंज, कैरम खेलों में प्रशिक्षित किया जाएगा। स्पोर्ट्स ग्रांट से प्राप्त धनराशि से स्कूलों में खेल सामग्री की खरीद की जाएगी। बीएसए राहुल पवार ने बताया कि बच्चों को प्रतिदिन उनकी रुचि के अनुसार खेलों में भाग लेने का निर्देश दिया गया है। हमारा प्रयास है कि छात्र शिक्षा के साथ खेलों में भी पूर्ण रूप से दक्ष बनें। बता दे कि शासन के निर्देश पर सभी उच्च प्राथमिक और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में स्पोर्ट्स क्लब बनाए जाएंगे।

# महिला से 84 लाख की ठगी में बैंक कर्मचारी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** डिजिटल अरेस्ट कर महिला के साथ 84 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने निजी बैंक के कर्मचारी को बुधवार को गिरफ्तार किया। गिरफ्त में आए आरोपी के पास से मोबाइल और दस्तावेज बरामद हुए। उसके तीन साथियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

डीसीपी साइबर प्रीति यादव ने बताया कि बीते साल एक महिला ने साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई। इसमें बताया कि ठगों ने उसे 23 जून से 25 जून 2024 तक डिजिटल अरेस्ट करके रखा। इस दौरान पार्सल में ड्रग्स होने का डर दिखाया। जांच के नाम पर पूरी जमा पूंजी विभिन्न खातों में ट्रांसफर करा ली। मामला संज्ञान में आते ही पुलिस ने केस दर्ज किया और ठग गिरोह तक पहुंचने के लिए एक टीम गठित की। इसी साल ठगी में शामिल राम सिंह, नरेंद्र और अक्षय को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मामले में निजी बैंक के कर्मचारी सीतापुर निवासी सोनू पाल की भी संलिप्तता सामने आई। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस बीते कई दिनों से संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी। आखिर बुधवार को टीम ने सोनू पाल को दबोच लिया। जिस निजी बैंक का वह कर्मचारी है, वहां के प्रबंधन को भी सोनू की ठगी में संलिप्तता की जानक. ारी दे दी गई है। सोनू ने ही राम सिंह का खाता खुलवाया था और किट अपने पास रख ली थी। सोनू द्वारा खुलवाए गए खाते में ठगी के 69 लाख रुपये कई बार में ट्रांसफर हुए थे। कमीशन के तौर पर सोनू ने कई लाख रुपये अपने पास रख लिए थे। सोनू का मुख्य काम ठगी के लिए ठगों को बैंक खाते मुहैया कराने का था। वह पूर्व में हुई साइबर ठगी में भी ठगों को बैंक खाते उपलब्ध करा चुका है। सोनू द्वारा खुलवाए गए खाते में अबतक करोड़ों रुपये आ चुके हैं।

पूछताछ में सामने आया कि सोनू भोले भाले लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने समेत अन्य लुभावने ऑफर देता था। किसी के घर में अगर कोई बीमार हो और उसे तुरंत लोन की आवश्यकता हो तो सोनू उसे मदद के नाम पर झांसे में लेता था और खाते खुलवा लेता था। बैंक किट सोनू अपने पास ही रख लेता था। कुछ समय बाद बैंक खाते और उससे संबंधित पूरी जानकारी ठग गिरोह के पास पहुंच जाती थी। इसके एवज में सोनू ठग गिरोह से मोटी रकम लेता था। जब खातों में ठगी की रकम आती थी, तब भी सोनू को कमीशन मिलता था। बीते एक साल से वह इस प्रकार का काम कर रहा है। करीब 22 साल पहले वह सीतापुर से चंडीगढ़ गया था। वर्तमान में वह वहां फेज दो में रह रहा था।

**कैसे होती है डिजिटल गिरफ्तारी:** डिजिटल गिरफ्तारी एक तरह का घोटाला होता है, जहां धोखेबाज व्यक्ति को ऑनलाइन (व्हाट्सएप, वीडियो कॉल आदि) के माध्यम से गिरफ्तार होने का झूठा डर दिखाते हैं। वे व्यक्ति को किसी अवैध गतिविधि में फंसाने का दावा करते हैं, जैसे कि किसी अपराध में शामिल होना या कर चोरी करना, और उसे पैसे ट्रांसफर करने के लिए दबाव डालते हैं। धोखेबाज अक्सर पुलिस या किसी अन्य सरकारी एजेंसी की वर्दी पहनकर या फर्जी पहचान पत्र दिखा कर अपना दावा करते हैं। रकम ट्रांसफर कराने के बाद ठग संपर्क तोड़ लेते हैं।

## गोशाला में पशु चिकित्सक की नियुक्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शहर में लावारिस पशुओं (कुत्ते, बिल्ली आदि) की संख्या लगातार बढ़ रही है। पशुओं के बीमार होने, चोटिल या हिंसक व्यवहार के कारण जन सुरक्षा से संबंधित शिकायतें प्राधिकरण को प्राप्त हो रही हैं।

इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए प्राधिकरण ने क्षेत्र के जलपुरा स्थित गोशाला में एक पशु चिकित्सक की नियुक्ति कर दी है। आउटसोर्स एजेंसी के माध्यम से सेवानिवृत्त पशु चिकित्साधिकारी सत्यपाल सिंह राठी को पशु चिकित्सक के पद पर तैनात किया गया है। डॉ॰ राठी गोशाला में गोवंशों के उपचार के साथ ही क्षेत्र में रहने वाले चोटिल, बीमार अथवा रेबीज प्रभावित पशुओं के उपचार, पकड़ने एवं उनके व्यवहार के निरीक्षण का कार्य भी देखेंगे। यह पहल जनसुरक्षा के साथ-साथ पशु कल्याण की दिशा में भी एक सराहनीय प्रयास है।

गौशाला के महाप्रबंधक आरके भारती ने बताया कि यदि किसी नागरिक को ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में बीमार या चोटिल पशु की जानकारी मिलती है, तो वह 8860006496 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। सूचना के आधार पर आवश्यक कार्रवाई तत्काल की जाएगी।

शाह टाइम्स

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

प्रवेश सिंह दतानियां

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

सी-311, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# नौकरी से लौट रही महिला पर धारदार हथियार से हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** अशोक नगर की रहने वाली नेहा बुधवार सुबह जवाहर बाजार में घायल अवस्था में मिली। वह मंगलवार सुबह नौकरी के लिए निकली थी। शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।



नेहा की शादी चार साल पहले थाना सिंभावली निवासी सोनू से हुई थी। पति-पत्नी के बीच अनबन के कारण वह मायके में रह रही थी। वह रिलायंस रोड स्थित एक कंपनी में काम करती थी। स्थानीय लोगों ने घायल नेहा की सूचना परिजनों को दी। परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। नेहा को पहले सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसकी स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे मेरठ रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि नेहा के सिर पर धारदार हथियार से हमला किया गया है। उसका मोबाइल फोन और पर्स भी गायब है। कोतवाली प्रभारी पटनीश कुमार के अनुसार, पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद को जांच का प्रमुख बिंदु माना जा रहा है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है।

## धार्मिक भेदभाव के चलते फल विक्रेता को धमकाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढमुक्तेश्वर।** गंगा नगरी ब्रजघाट में एक फल विक्रेता के साथ धार्मिक भेदभाव का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में एक व्यक्ति फल विक्रेता को धमकाते हुए दिख रहा है। वीडियो में आरोपी व्यक्ति फल विक्रेता को उसके सम्प्रदाय के कारण व्यापार करने से रोक रहा है।

वह विक्रेता को ठेले पर अपना नाम लिखने का दबाव बना रहा है। साथ ही दोबारा क्षेत्र में दिखने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दे रहा है। इस घटना की जानकारी मिलने पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि अभी तक इस मामले में कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि वायरल वीडियो की जांच कराई जाएगी और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# दानवीर भामाशाह की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**हापुड़।** हापुड़ में दो महत्वपूर्ण व्यापारिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। दोपहर में क्षेत्राधिकारी धर्मप्रकाश की अध्यक्षता में व्यापारी गोष्ठी हुई। व्यापारियों ने अपनी समस्याएं रखीं। अधिकारियों ने समाधान का आश्वासन दिया।

संयुक्त हापुड़ उद्योग व्यापार मंडल कार्यालय पर दानवीर भामाशाह की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। व्यापारी नेता ललित अग्रवाल ने बताया कि भामाशाह महाराणा प्रताप के निष्ठावान सहयोगी थे। उन्होंने मुगलों से संघर्ष में महाराणा की मदद के लिए अपनी संपूर्ण संपत्ति राष्ट्रहित में समर्पित कर दी थी। कार्यक्रम में जगदीश प्रधान, लोकेश रोहतगी, सुनील जैन, बिजेंद्र गर्ग और प्रभात अग्रवाल को सम्मानित किया गया। मंडल अध्यक्ष ललित अग्रवाल ने संगठन विस्तार करते हुए संजय गर्ग को वरिष्ठ उपाध्यक्ष और शरद गर्ग को मंत्री नियुक्त किया। संजय अग्रवाल के संचालन में हुए कार्यक्रम में सोनू बंसल, मनीष मखन, मनीष गर्ग, वीरेन्द्र गर्ग, संजय डाबर समेत कई व्यापारी नेता मौजूद रहे। सभी व्यापारियों का पटका पहनाकर स्वागत किया गया।




# दलित युवक की सड़क पर पिटाई, कांग्रेस कमेटी ने की कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** अलीगढ़ में दलित युवक की सड़क पर पिटाई के मामले में हापुड़ जिला कांग्रेस कमेटी ने कार्रवाई की मांग की है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश कुमार त्यागी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उप जिलाधिकारी को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

जिला अध्यक्ष राकेश त्यागी ने बताया कि घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है। इससे समाज में भय और आक्रोश का माहौल बन गया है। उनका कहना है कि ऐसी घटनाएं जातीय विद्वेष और नफरत को बढ़ावा देती हैं। कांग्रेस कार्यकताओं का आरोप है कि यह घटना उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था की विफलता को दर्शाती है। उन्होंने दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही पीड़ित युवक को न्याय दिलाने पर जोर दिया है। ज्ञापन में कहा गया है कि यह घटना संविधान में दिए गए समानता के अधिकार का उल्लंघन है। इससे कमजोर वर्गों में असुरक्षा की भावना पैदा होती है। ज्ञापन पर सुबोध शास्त्री, इरशाद अहमद, नरेंद्र शर्मा, वसीम अहमद सहित कई कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हस्ताक्षर किए हैं।



# चीनी मिल कर्मचारियों का धरना खत्म, विधायक की मध्यस्थता में समझौता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढमुक्तेश्वर।** सिंभावली चीनी मिल में बकाया भुगतान को लेकर चल रहा दो सप्ताह का धरना बुधवार को समाप्त हो गया। गढ़मुक्तेश्वर विधायक हरेंद्र सिंह तेवतिया की मध्यस्थता में मिल प्रबंधन और कर्मचारियों के बीच समझौता हुआ।

मिल के मुख्य महाप्रबंधक करण सिंह, दिनेश शर्मा ने बताया कि कर्मचारियों का करीब एक करोड़ रुपए बकाया है। उन्होंने कर्मचारियों के खातों में बकाया राशि ट्रांसफर करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। धरने के दौरान किसान संगठनों ने भी कर्मचारियों का समर्थन किया था। कर्मचारियों ने अपने बकाया भुगतान की मांग को लेकर कार्य का बहिष्कार कर रखा था। समझौता वार्ता में भाजपा नेता सतपाल यादव भी मौजूद थे।

इस दौरान के पी राना, विरेंद्र गुर्जर, परविंदर चौधरी, कैश मोहम्मद, अमरपाल, नारायण सिंह, रणजीत सिंह, दानवीर सिंह, पवन त्यागी, अरुण त्यागी, बबलू चौधरी और हरेंद्र पवार सहित अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।




# सैनिक कल्याण विभाग ने पंचायत अधिकारियों को दी पुस्तक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढमुक्तेश्वर।** जिले में वीर शहीदों और युद्ध नायकों की गौरवगाथा को समेटी गई स्मारिका का वितरण किया गया। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास विभाग द्वारा सिंभावली ब्लॉक में कर्मचारियों और ग्राम विकास अधिकारियों को यह पुस्तक दी गई।

पुस्तक के संपादक वारंट ऑफिसर चौधरी मनवीर सिंह ने बताया कि इस स्मारिका में देश की आजादी के बाद जिले के वीर सपूतों के बलिदान का विवरण दिया गया है। उन्होंने कहा कि पुस्तक का मुख्य उद्देश्य जिले के सभी शहीद सैनिकों का विवरण नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। स्मारिका को हर गांव की लाइब्रेरी तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इसका वितरण निशुल्क किया जा रहा है। कार्यक्रम में बीडीओ डा. हरित कुमार, एडीओ पंचायत शिवम पांडे, अवनीश और अमित सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।




# जेएमएस वर्ल्ड स्कूल ने अपना पहला नो बैग डे किया आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में नो बैग डे का आयोजन किया गया। नो बैग डे का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों का समग्र विकास करना और उन्हें पारंपरिक शिक्षा पद्धतियों से इतर, सहगामी क्रियाओं के माध्यम से सीखने-सिखाने की प्रक्रिया को आनंददायक बनाना है। यह विद्यार्थियों को स्कूल बैग के बिना स्कूल आने और आनंददायक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता है।

विद्यार्थी विद्यालय में बिना अध्ययन सामग्री के उपस्थित हुए तथा उन्होंने विभिन्न विभिन्न क्रियात्मक गतिविधियों के साथ अपने दिन का आनंद लिया। मूवी टाइम में आज बच्चों को चिल्लर पार्टी मूवी दिखाई गई जिसके माध्यम से बच्चो में लाइफ स्किल वैल्यू एजुकेशन एवं कम्पैशन के प्रति जागरूक किया गया। विद्यालय निदेशक डा.आयुष सिंहल ने भी इस तरह की गति. विधियों को बच्चो के विकास में बहुत ही महत्वपूर्ण बताया।




## एक नजर

### अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई बाईक, युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धौलाना।** हाफिजपुर थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग नौ पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। शिवा ढाबे के पास बाइक डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बाइक चला रहे 20 वर्षीय समीर की मौके पर ही मौत हो गई। उनके साथ मौजूद मामा का लड़का गंभीर रूप से घायल हुआ।



घायल को दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक समीर थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के गांव लालपुर का रहने वाला था। उसकी बहन की रविवार को डासना में शादी हुई थी। मंगलवार रात को समीर अपने मामा के लड़के के साथ बाइक पर बहन को घर वापस लाने जा रहा था। राष्ट्रीय राजमार्ग नौ पर पहुंचते ही बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। उन्होंने बिना पुलिस कार्रवाई के ही समीर के शव को ले जाकर दफनाया। मृतक के पिता का नाम बाबूद्दीन सैफी है।

### चोरी व लूटी हुई मोटरसाइकिल के साथ दो शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर पुलिस ने चैकिंग के दौरान दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वाहन चोरों के कब्ज़े से जनपद गाजियाबाद से लूटी गई मोटर साइकिल, दिल्ली से चोरी की गई मोटर साइकिल, दो अवैध चाकू व चोरी करने के उपकरण बरामद किए है।

नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वाहन चोरों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान दो शातिर वाहन चोरों को नगर कोतवाली क्षेत्र के दिल्ली रोड आनन्द विहार नाले के पास से गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से जनपद गाजियाबाद से लूटी गई मोटर साइकिल, दिल्ली से चोरी की गई मोटर साइकिल, दो अवैध चाकू, चोरी करने के उपकरण दो सुये, एक प्लास, एक पैजकस व एक रिन्ज आदि बरामद हुए हैं। वाहन चोरों की पहचान अभिषेक पुत्र बबली निवासी ग्राम झन्डा मुसरतपुर थाना हाफिजपुर जनपद हापुड़ और अरीब पुत्र नोशाद निवासी मोहल्ला लियाकत वाली गली रसीदनगर थाना लिसाड़ीगेट जनपद मेरठ के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि वाहन चोरों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### चैकिंग के दौरान अवैध चाकू के साथ एक युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक युवक को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। थाना हापुड़ देहात प्रभारी मनोज बालियान ने बताया कि हापुड पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना देहात पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान एक युवक को गौशाला चौराहे से असोड़ा की ओर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने युवक के कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद किया है। युवक की पहचान दीपक पुत्र दयाराम निवासी मोहल्ला गिरधरपुर थाना हापुड़ देहात जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हाफिजपुर पुलिस द्वारा मुक. दमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# अखिलेश की बाबा साहब से तुलना पर भाजपा कार्यकर्ताओं में आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** समाजवादी पार्टी द्वारा अखिलेश यादव की डा. भीमराव अंबेडकर से तुलना करने पर भाजपा ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष नरेश तोमर के नेतृत्व में नगर में बाबा साहब की प्रतिमा स्थल पर प्रदर्शन किया।

जिलाध्यक्ष नरेश तोमर ने कहा कि डा. अंबेडकर भारतीय संविधान के निर्माता हैं। वे दलितों के अधिक. ारों के सजग प्रहरी रहे हैं। समा. जवादी पार्टी ने एक तस्वीर जारी की है। इसमें अखिलेश यादव को बाबा साहब के समकक्ष दिखाया गया है। नरेश तोमर ने इसे अंबेडकर जी का अपमान और देश की जनता की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला बताया। भाजपा ने सपा से सार्वजनिक माफी की मांग की है। साथ ही भविष्य में ऐसी गति. विधियों से दूर रहने की चेतावनी दी है। कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। उन्होंने श्रद्धांजलि दी और उनके विचारों को आत्मसात करने की शपथ ली। मौजूद लोगों ने सपा के इस कदम को राजनी. तिक फायदे के लिए किया गया दुर्भाग्यपूर्ण प्रयास बताया। प्रदर्शन में भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे। इनमें जिला महामंत्री राजीव सिरोही, मोहन सिंह, पुनीत गोयल, सुयश वशिष्ठ समेत अन्य नेता शामिल थे।




# पुलिस ने चैकिंग के दौरान पशु चोर को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धौलाना।** पिलखुवा कोतवाली पुलिस ने पशु चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से दो भैंस और एक गाय बरामद की है। सीओ अनीता चौहान के अनुसार, पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चल रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई।

पुलिस ने जिंदल पाइप फैक्ट्री के पास से आरोपी फरहान को पकड़ा। फरहान गाजियाबाद के मसूरी थाना क्षेत्र के ग्राम नाहल का रहने वाला है। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह चोरी किए गए पशुओं को हापुड़ से गाजियाबाद ले जा रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी पर पहले भी पशु चोरी के आरोप लग चुके हैं। मामले की गहन जांच जारी है।



# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई व्यापार एवं जिला उद्योग बंधु की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय की अध्यक्षता में व्यापार बंधू एवं जिला स्तरीय उद्योग बन्धु की मासिक बैठक का आयोजन कलैक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में मुख्य रूप से औद्योगिक क्षेत्र एमजी रोड हापुड़ पर सड़क एवं नाला निर्माण के प्रकरणों पर महोदय द्वारा वरिष्ठ प्रबन्धक, यूपीसीडा को प्रेषित आंगणनों पर शीघ्र कार्यवाही कराने हेतु निर्देशित किया गया।

ग्राम पटना स्थित इकाईयों की जल निकासी हेतु अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग एवं सिंचाई विभाग तथा अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत की संयुक्त टीम का गठन करते हुए तकनीकी सर्वेक्षण कराये जाने हेतु जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया, ताकि जल निकासी की समस्या का समाधान सम्भव हो सके। जिलाधिकारी निर्देशित करते हुए कहा कि व्यापार बंधु एवं जिला उद्योग बंधु द्वारा जो भी समस्या बैठक में प्रस्तुत की गई है उनका निस्तारण आगामी बैठक से पूर्व करना सुनिश्चित करें। बैठक में उपायुक्त उद्योग, उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, विद्युत विभाग, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, यूपीसीडा के अधिकारियों के साथ-साथ, विभिन्न एसोसिएशन के पदाधिकारी तथा उद्यमी बैठक में उपस्थित रहे।



# माइंडफुलनेस एंड वेल-बीइंग विषय पर अतिथि व्याख्यान आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मोनाड विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटीज़ एंड सोशल साइंसेज के तत्वाधान में माइंडफुलनेस एंड वेल-बीइंग प्रैक्टिकल स्ट्रेटेजी फोर स्टूडेंट्स एंड फैकल्टी विषय पर एक विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ वि वि के प्रतिकुलाधिपति डा. एनके सिंह, कुलपति डा. मोहम्मद जावेद, उपकुल. पति एवं कुलसचिव कर्नल डा. डीपी सिंह आदि ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्जवलन कर किया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों एवं विद्यार्थियों में विचारों, भावनाओं और व्यवहारों की खोज करके मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूक करना था। इस कार्यक्रम में एक आत्म-जागरूकता गतिविधि और एक मिथक बनाम तथ्य आयोजित किया गया, जिसमें हिमांशु शर्मा ने छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर चर्चा की। शिक्षकों को उन लक्षणों को पहचानने में मदद की। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मोहम्मद जावेद ने कहा कि मान. सिक स्वास्थ्य का अकादमिक सफलता पर सीधा प्रभाव पड़ता है और भावनात्मक कल्याण का समर्थन करने वाली प्रथाओं को विकसित करना महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम का संचालन डा. सुशील कुमार द्वारा किया गया वही डा. शईस्ता बेगम के धन्यवाद ज्ञापन एवं वक्तव्य के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर डा. अरविन्द कुमार, डा. कविता रानी, ममतेश सोलंकी, डा. अमान अहमद, डा. विनीता शर्मा आदि शिक्षकों के साथ बड़ी संख्या में छात्र व छात्रायें भी मौजूद रहे।



# पति की दाढ़ी से नाराज बीवी देवर संग फरार

## पहली रात से ही पति से शेविंग कराने की कर रही थी मांग, थाने में दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एक दुल्हन को मौलाना पति की दाढ़ी पसंद नहीं आई इसलिए उसने नया कांड कर दिया। चार महीने की नई नवेली दुल्हन देवर संग फरार हो गई। परेशान पति अपनी शिकायत लेकर थाने पहुंचा। उसने कहा कि पत्नी छोटे भाई के साथ भाग गई है। पुलिसवालों ने भागने का कारण पूछा तो कहा कि उसको मेरी दाढ़ी पसंद नहीं है। कहती है तुम लंबी दाढ़ी रखते हो मुझे ये बिल्कुल अच्छी नहीं लगती। इसलिए मुझे छोड़ गई। पति ने पुलिस से पत्नी को वापस लाने की गुहार लगाई है।

दरअसल मामला मेरठ लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के उज्जवल गार्डन कालोनी का है जहां के रहने वाले शाकिर का निकाह 4 महीने पहले इंचौली की अर्शी के साथ हुआ था। शाकिर दाढ़ी रखता है। शाकिर का कहना है कि उसकी दाढ़ी उसकी दुल्हन को पसंद नहीं है। कहा कि निकाह की रात से ही पत्नी लगातार उस पर दाढ़ी कटवाने का दबाव बना रही है। शाकिर ने कहा कि शादी की पहली रात पत्नी ने उसे खुद को छूने नहीं दिया। कहने लगी तुम दाढ़ी रखते हो मैं तुम्हारे साथ नहीं रह सकती। जब मैंने कहा कि दाढ़ी से दिक्कत थी तो निकाह से पहले कहना था। अब शादी हो चुकी क्या तो करुं। तो वो कहने लगी कि उसे तलाक दे



दो। कहा कि शादी के लिए उसके परिजनों ने दबाव बनाया था जिसके कारण शादी हुई है और साथ ही रहना है तो दाढ़ी हटानी पड़ेगी। शाकिर ने दाढ़ी कटवाने से मना कर दिया और पत्नी के परिजनों से शिकायत की। इसी दौरान आरोप है कि शाकिर की पत्नी का प्रेम प्रसंग अपने देवर से हो गया। अब शाकिर की पत्नी देवर संग फरार हो गई। शाकिर ने पत्नी और भाई की गुमशुदगी दर्ज कराई है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** मंगलवार की देर रात चौधरी चरण सिंह कावड़ मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। वाहन चालक फरार हो गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घटना की खबर घर वालों को पता चलते ही को. हराम मच गया सिवाल खास चौकी इंचार्ज नरेश कुमार माहोर ने बताया कि मंगलवार की देर रात को करीब तीन बजे उन्हें सूचना प्राप्त हुई की कावड़ मार्ग पर किसी अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिसमें दो व्यक्ति की मौत हो गई तभी मौके पर पहुंचे पुलिस ने जांच पड़ताल की जहां उनकी पहचान अंकित पुत्र विजेंद्र रवि पुत्र राम निवासी खेड़ा थाना पिलखवा के रूप में हुई जहां उनकी मोटर साइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, वहीं पुलिस ने परिजनों को सूचना दी मौके पर पहुंचे परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था उसके बाद परिवार वालों में कोहराम मच गया।

## लालकुर्ती थाने के कसेरूखेड़ा चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार की सड़क हादसे में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर बुधवार तड़के तीन बजे अज्ञात वाहन की टक्कर से कार सवार दरोगा और हेड कांस्टेबल की मौत हो गई। जबकि महिला सिपाही घायल हो गई। आगरा के रहने वाले दरोगा प्रदीप कुमार (36) प्रयागराज हासिमपुर के रहने वाले हेड कांस्टेबल अभय (32) और यही की रहने वाली आरक्षी रूपा कार से लखनऊ जा रहे थे। जिगना गांव के पास अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई। सभी को घायल अवस्था में सीएचसी जगतपुर पहुंचाया गया, जहां पर दरोगा और हेड कांस्टेबल को मृत घोषित कर दिया गया। जगतपुर पुलिस का कहना है कि दरोगा प्रदीप कुमार की तैनाती मेरठ, हेड कांस्टेबल की लखनऊ और महिला सिपाही की तैनाती नोएडा में है। हादसे की जांच कराई जा रही है। वहीं पुलिस महकमे में गम का माहौल बना हुआ है।

# सपा मुखिया अखिलेश यादव के खिलाफ भाजपाइयों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर कचहरी चौराहे पर माल्यार्पण कर नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां उन्होंने सपा मुखिया पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का अपमान करने का आरोप लगाया है। उनका कहना था कि समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने बाबा साहब की तस्वीर को आधा काट कर उनके चेहरे पर अपना आधा फोटो लगा दिया जिससे देश व प्रदेश में जनता में रोष है।



अम्बेडकर चौराहे पर माल्यार्पण के बाद विरोध करते भाजपाई।

उन्होंने कहा कि इस तरह का कार्य करने वाली समाजवादी पार्टी हमेशा से ही दलितों के विरोध में रही है बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने देश का संविधान लिखा है सपा के मुखिया अखिलेश यादव उनके पैर की धूल भी नहीं है उन्होंने इस तरह का हरकत करके बहुजन समाज को गहरा आघात पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव इसके लिए माफी मांगे अन्यथा दलित समाज उन्हें किसी भी कीमत पर माफ नहीं करेगा। वहीं कैंट विधायक अमित अग्रवाल ने सपा मुखिया पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह पार्टी केवल परिवारवाद पार्टी है। ऊर्जा राज्य मंत्री सोमेन्द्र तोमर ने कहा कि सपा ने हमेशा से ही दलित वर्ग के खिलाफ कार्य किए हैं जबकि भारतीय जनता पार्टी में दलितों को हमेशा सम्मान मिला है। सपा के खिलाफ प्रदर्शन महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तोगी के नेतृत्व में किया गया जिसमें अमित अग्रवाल, सोमेंद्र तोमर, महापौर हरिकांत अहलूवा. लिया, एमएलसी सरोजनी अग्रवाल, गौतम रामचन्द्र आदि मौजूद रहे।

# मोड़खुर्द से मोहम्मदपुर शकिस्त जाने वाले रास्ते पर पानी बहने से ग्रामीणों में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** गांव मौडखुर्द में मोहम्मदपुर शकिस्त जाने वाले मार्ग पर तालाब में पानी न जाने के कारण पानी सड़क पर रह गया। जिससे आने-जाने वाले ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि ग्राम पंचायत सचिव चार गांव को अकेला ही देख रहा है। जिसमें उसकी गांव में जाने का समय भी नहीं है। वहीं ग्राम प्रधान गांव की समस्याओं को नहीं देख रहा है। उन्होंने उच्चाधिकारियों को शिकायत करने की बात कही। बताते चले कि क्षेत्र के गांव मोड़खुर्द से मोहम्मदपुर शकिस्त जाने वाले मार्ग पर तालाब में पानी न जाने के कारण सड़क पर अलग-अलग लबालब बह रहा है। जिसमें दो पहिया वाहनो के लिए आने जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव गांवो में समस्याओं का निवारण नहीं कर रहे हैं। जिससे ग्रामीणों में उनके प्रति रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने समस्या का समाधान करने के लिए उच्चाधिकारियों से शिकायत करने की बात कही।

### क्या कहते हैं ग्राम प्रधान

ग्राम प्रधान इंतेजार देशवाल ने बताया कि उनके गांव में तालाब की साफ सफाई की जा रही है जिसके कारण सड़क पर पानी चला गया है। इसका जल्द ही कर्मचारियों को लगाकर समाधान कराएंगे।



## एडीएम सिटी की अध्यक्षता में संपन्न हुई व्यापार बंधु की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**मेरठ।** अपर जिलाधिकारी नगर मेरठ की अध्यक्षता में व्यापार बन्धु की बैठक विकास भवन, कलेक्ट्रेट, मेरठ में अयोजित की गयी। बैठक का संयोजन अरूण कुमार पाण्डेय, उपायुक्त प्रशासन राज्य कर, मेरठ द्वारा कराया गया। बैठक में व्यापार बन्धु संबंधी कुल 32 समस्यायें शामिल थी, जिनसे संबंधित विभाग के प्रतिनिधियों से समस्याओं के समाधान पर चर्चा की गयी, जिनमें से कुछ समस्याओं का निस्तारण किया गया, व्यापारी बन्धुओं ने प्रसन्न होकर अध्यक्ष को धन्यवाद दिया। अध्यक्ष ने नगर निगम के अधिकारियों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओ को शीघ्र निस्तारित कराने के निर्देश दिये। अध्यक्ष ने सहायक नगर आयुक्त को भगत सिंह मार्केट, खैर नगर मार्केट आदि चौराहों पर खराब लाईटों को ठीक कराने के निर्देश दिये। अध्यक्ष ने शहर के मुख्य चौराहो पर लगने वाले जाम, खैर नगर बाजार में चार पहिया वाहन के आवागमन पर रोक लगाने हेतु निर्देश दिये।

# जनपद में शत प्रतिशत रहा आईसीएसई कक्षा 10 आईएससी कक्षा 12 का रिजल्ट

**सेंट जेम्स स्कूल कक्षा-12 के टॉपर्स**




**सेंट जेम्स स्कूल कक्षा-10 के टॉपर्स**




**सेंट थॉमस स्कूल साइंस स्ट्रीम कक्षा-12 के टॉपर्स**



Pari Garg (94.8%) | Ananya Gupta (94.5%) | Pratyaksha (94.5%)

**सेंट थॉमस स्कूल कॉमर्स स्ट्रीम कक्षा-12 के टॉपर्स**



Mauli Tyagi (95.3%) | Shikhar Rastogi (89.3%) | Mazyuna (84.5%)

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशंस कक्षा 10 सीआईएससीई और कक्षा 12 आईएससी का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। मेरठ के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर सफलता हासिल की है जिसमें सेंट थॉमस इंग्लिश मीडियम स्कूल, सेंट जेम्स स्कूल, सेंट मेरी सोफिया, ऑल सेंट आदि स्कूलों के छात्रों ने पास होने की खुशी में स्कूल पहुंच कर भी जश्न मनाया। वहीं रिजल्ट से संतुष्ट न रहने वाले परीक्षार्थी काउंसिल वेबसाइट पर परीक्षा परिणाम को रि-चेक व रि-इवैल्यूएशन के लिए 4 मई तक आवेदन कर सकते हैं जिसके लिए एक हजार रूपए प्रति विषय अभ्यर्थी शुल्क है और परिणाम चार सप्ताह में जारी किया जाएगा। इसके बाद भी अगर परीक्षार्थी संतुष्ट नहीं है तो रि-चेक का परिणाम जारी होने के तीन दिन तक रि-इवैल्यूएशन के लिए आवेदन करना होगा जिसके लिए 1500 रुपये प्रति विषय प्रति छात्र शुल्क लगेंगे। इस दौरान कक्षा 12 में 10 के छात्र छात्रों ने एक दूसरे को लड्डू खिलाकर मुंह मीठा किया। विद्यार्थियों का रिजल्ट आने के बाद स्कूल के प्रधानाचार्य ने सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

**सेंट थॉमस स्कूल कक्षा-10 के टॉपर्स**



Naman Gupta (96.8%) | Aakarsh Saxena (94.8%) | Paridhi Gupta (94%)

# पहलगाम हमले में मारे गए लोगों को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सरगम आर्ट कल्चरल सोसायटी द्वारा बुधवार को एक विशाल प्रोग्राम का आयोजन शहीद स्मारक पर किया गया। जिसमें पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए लोगों के लिए कैंडल जलाकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष जुनैद फारुकी, आसिफ अनवर वारसी, शीबा खान, सरदार मंजीत सिंह, सरताज गाजी, रईस भाई, मोहम्मद अशरफ, पूजा सिंघल, डॉक्टर मोहम्मद जैद, उषा शर्मा, कुलदीप, संजय माथुर, एजाज, शहजाद उस्मान, राजू मेहरोल, दिलशाद आलम खान, बॉबी राज, अरशद खान, शमीम असगर, अजीज ठेकेदार, रूपराम, इरशाद मंसूरी, नरेंद्र सचदेवा, नौशाद सलमानी, नदीम राज, शाहिद सिद्दीकी, मोहम्मद नईम आदि रहे।

# दिन दहाड़े ट्रैक्टर चालक से लूट पुलिस ने तीन आरोपी दबोचे

## ट्रैक्टर में डीजल डलवाने जा रहा था पीड़ित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत मवाना फलावदा मार्ग पर स्थित पेट्रोल पंप के पास बाइक सवार बदमाशों द्वारा ट्रैक्टर चालक से की गई नगदी व मोबाइल लूट की घटना पुलिस ने वर्कआउट कर दी। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बाइक सहित लूटा हुआ माल आरोपियों के साथ बरामद कर लिया।

जानकारी के मुताबिक कई दिन पूर्व ग्राम नगला हरेरू निवासी रोहित सैनी कुमार पुत्र वेदपाल बड़ागांव के सामने स्थित पेट्रोल पंप पर अपने ट्रैक्टर में डीजल डलवाने के लिए बड़ागांव के सामने स्थित पेट्रोल पंप पर गया था। जब वह डीजल डलवाकर पानी पीने के लिए सड़क पर खड़ा था। इसी दौरान अपाची बाइक पर सवार तीन युवकों ने उससे नगदी तथा मोबाइल छीन लिया था। पुलिस ने मामले में सीसीटीवी कैमरों का सहारा लेकर आरोपियों का पता

**अपाची बाइक सवार युवकों ने पीड़ित से नकदी व मोबाइल लूटा**

लगा लिया। एएसपी देवेश चतुर्वेदी ने बताया कि विवेचक ने तीनों आरो. पियों को सरधना इलाके के ग्राम खिर्वा निवासी अर्जुन पुत्र जगनेर, मनीष पुत्र बृजेश, गौरव पुत्र राजवीर को गिरफ्तार करके लूटी गई नगदी व मोबाइल फोन के साथ घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। बताया गया है कि एक आरोपी की बहन ग्राम बातनौर में ब्याही गई है। तीनों आरोपी उसके घर से बाइक मांगकर हस्तिनापुर मछली खाने गए थे। इस दौरान उन्होंने लूट की वारदात अंजाम दे दी। फुटेज के आधार पर खिर्वा गांव से हुई गिरफ्तारी के बाद पुलिस में तीनों आरोपी को जेल भेज दिया। पीड़ित द्वारा उनकी पहचान की गई है।

# मजदूरी के 10 हजार रुपये मांगने पर युवक को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** ईकड़ी निवासी एक मजदूर ने गन्ना छिलाई के रुपये मांगे तो उसको सरिए से पीटकर घायल कर दिया गया। घायल अवस्था में थाने पहुंचे पीड़ित ने पुलिस को मामले से अवगत कराया और नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। राहुल पुत्र देव गिरी ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि वह मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता है। बीते दिनों उसने गांव के ही एक किसान के यहां गन्ने की छिलाई का कार्य किया था। जिसकी मजदूरी लगभग 10 हजार रुपये बैठी। बुधवार को उसने किसान से मजदूरी के रुपये मांगे। उसने देने में आनाकानी की तो राहुल ने भविष्य में कार्य न करने की बात कह दी। आरोप है कि इसी से क्षुब्ध होकर आरोपी किसान ने उसको पीटा और सरिया मारकर उसे लहुलुहान कर दिया। घायल अवस्था में थाने पहुंचे पीड़िता का पुलिस ने सीएचसी में मेडिकल कराया और तहरीर के आधार पर जांच में जुट गई।



# मुजफ्फरनगर के युवक से पिस्टल खरीदने वाले सरूरपुर पुलिस ने दबोचे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना सरूरपुर पुलिस और स्वाट टीम ने एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए दो लोगों को अवैध पिस्तौल के साथ दबोच लिया। जिनको शनिवार को पुलिस लाइन में पत्रकारों के सामने पेश किया गया।

वहां एसपी देहात ने बताया कि कंकरखेड़ा निवासी आदित्य और लिसाड़ी गेट निवासी शावेज को पुलिस ने अवैध पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है जब इनसे पूछताछ की गई तो इन्होंने बताया कि वह यह पिस्तौल और कारतूस छोटू नाम के युवक से खरीदते थे जो मुजफ्फरनगर का रहने वाला है लेकिन उसका पूरा पता इन्हें नहीं पता है। यह लोग 30हजार की एक पिस्टल खरीदते थे। जिसे ग्राहक को आगे 50हजार में बेच दिया करते थे इसी से यह लोग जीवन यापन कर रहे थे। शनिवार को वह पिस्टल बेचने की फिराक में खड़े थे तो पुलिस ने इन्हें दबोच लिया। इनके पास से पांच अवैध पिस्टल 32 बोर मय मैगजीन चार, जिंदा कारतूस एक मोटरसाइकिल पल्सर बरामद हुई है।

# भक्ति की विजय का प्रतीक है श्री परशुराम जन्मोत्सव: राजीव शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगानगर।** सनातन प्रेमी सेवा समिति द्वारा बुधवार को विष्णुजी के छठें अवतार भगवान श्री परशुराम जी का जन्मोत्सव महायज्ञ करके मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता स्वयं भगवान परशुराम जी ने तथा संचालन कुलदीप नारायण शर्मा ने किया। महायज्ञ के मुख्य यजमान गजेंद्र शर्मा, रजनी शर्मा, ओंकार सिंह काम्बोज और पुष्प लता काम्बोज रहे। महायज्ञ पंडित अतुल राम शास्त्री व आचार्य गिरीश शर्मा के द्वारा पूर्ण कराया गया।



इसके पश्चात कार्यक्रम के मुख्य संयोजक राजीव शर्मा, संयोजक विनोद गौड, दीपक वर्मा, सहसंयोजक ओंकार सिंह काम्बोज, देवेंद्र कौशिक, जसवीर सिंह राठी, प्रेम कुमार शर्मा, सुबोध शर्मा, व कोषाध्यक्ष यतेंद्र कुमार शर्मा के द्वारा क्षेत्र में उत्कर्ष कार्य करने वाले गणमान्य व्यक्तियों को समिति के द्वारा सम्मानित किया गया। मुख्य रूप से संतराम पांडे, ओमपाल सिंह, सत्येंद्र सिंह, डॉक्टर अश्विनी कुमार, कविता शर्मा आदि रहे। सम्मान समारोह के पश्चात विशाल भंडारे का भी आयोजन समिति की तरफ से किया गया। समिति के संयोजक विनोद गौड़ ने बताया कि समिति प्रतिवर्ष श्री परशुराम जन्मोत्सव को बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाती आ रही है। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक राजीव शर्मा ने बताया यह दिन धर्म, साहस और भक्ति की विजय का प्रतीक है। आज के दिन छत्रपति शिवाजी की जयंती भी मनाई गई। महायज्ञ में मुख्य रूप से रविंद्र शर्मा, ओमपाल सिंह, दिनेश रस्तोगी, कार्तिकेय, रुद्रा, संजीव शर्मा, शिखा शर्मा, करुणेश गौड़, सतेंद्र सिंह, सतीश रस्तोगी, देबू, विवेक शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, उज्जवल शर्मा, संगीता शर्मा, नवीन चौधरी, रमा शर्मा, प्रवीन शर्मा, मोना शर्मा, मनीष उपाध्याय, विपुल सैनी, सरिता सिंह कृष्णा कुमारी, संतराम पांडे, योगराज उपाध्याय, आनंद पार्षद, भरत शर्मा पार्षद पति, प्रमोद चित्रकार, प्रमोद गिरी, डॉ. संतोष शर्मा, डॉ. सर्वेश शर्मा, डीआर वीपी शर्मा, नैन सिंह जितेंद्र, कीर्ति सिंह, विनीता तेवतिया आदि सैकड़ो सनातन प्रेमी मौजूद रहे।



# IPL के रोबोटिक स्वान चंपक पर विवाद गहराया

## चंपक के प्रकाशक दिल्ली प्रेस प्रकाशन ने खटखटाया हाईकोर्ट का दरवाजा



**नई दिल्ली, वार्ता।** बच्चों की पत्रिका चंपक के प्रकाशक दिल्ली प्रेस पत्र प्रकाशन ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के दौरान पेश किए गए रोबोटिक स्वान का नाम 'चंपक' रखने को लेकर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय में ट्रेडमार्क उल्लंघन का मुकदमा दायर किया है।

आईपीएल की प्रचार गति. विधियों के तहत पेश किए गए एआई संचालित रोबोट स्वान को प्रशंसकों की वोटिंग के बाद 23 अप्रैल को आधिकारिक तौर पर चंपक नाम दिया गया, जिसको लेकर बच्चों की पत्रिका 'चंपक' के प्रकाशक ने आपत्ति जताई और दावा किया कि यह नाम उसके पंजीकृत और व्यापक रूप से मान्यता प्राप्त ट्रेडमार्क का उल्लंघन है। बुधवार को मामले की सुनवाई करने वाले न्यायमूर्ति सौरभ बनर्जी ने बीसीसीआई को नोटिस जारी किया और मामले की अगली सुनवाई नौ जुलाई को निर्धारित की। न्यायालय ने हालांकि नाम के इस्तेमाल पर रोक लगाने के लिए एकपक्षीय अंतरिम आदेश देने से इनकार कर दिया। वादी की ओर से पेश अधिवक्ता अमित गुप्ता ने दलील दी कि चंपक पत्रिका, जो अपनी पशु-आधारित कहानियों और पात्रों के लिए जानी जाती है, सभी पीढ़ियों के बच्चों के बीच एक घरेलू नाम रही है और बीसीसीआई द्वारा एक व्यावसायिक क्रिकेट आयोजन के दौरान रोबोट इकाई के लिए इस नाम का उपयोग करना स्पष्ट रूप से अनधिकृत उपयोग का मामला बनता है।

# क्षेत्ररक्षण के दौरान रहाणे-अक्षर हुए चोटिल

**केकेआर के कप्तान रहाणे को डुप्लेसी के शॉट को रोकने के दौरान लगी चोट**



**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मंगलवार रात खेले गए मैच में दोनों टीमों के कप्तान अक्षर पटेल और अजिंक्य रहाणे क्षेत्ररक्षण के दौरान चोटिल हो गए।

दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल को कोलकाता नाइट राइडर्स की पारी के 18वें ओवर में रोवमन पॉवेल के शॉट को रोकने के लिए प्रयास में क्षेत्ररक्षण के दौरान उनका हाथ अभ्यास पिच पर रगड़ गया। इसके बाद फिजियो पैट्रिक फारहाट मैदान पर आए और अक्षर उनके साथ ही मैदान से बाहर चले गए। दूसरी पारी में हालांकि अक्षर बल्लेबाजी के लिए आए और 23 गेंदों में 43 रन बनाए, लेकिन इस दौरान उनके हाथ में दर्द था। मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि मेरी हथेली छलांग लगाने के दौरान अभ्यास पिच पर रगड़ने से छील गई। जब भी मैं शॉट मार रहा था तो मुझे दर्द महसूस हो रहा था, लेकिन अच्छा है कि एसआरएच के साथ होने वाले अगले मैच से पहले हमारे पास 3-4 दिन का ब्रेक है, तब तक उम्मीद है कि मैं पूरी तरह से ठीक हो जाऊंगा। वहीं केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे को फाफ डुप्लेसी के शॉट को रोकने के दौरान चोट लगी। इसके बाद रहाणे तुरंत मैदान से बाहर चले गए और वह क्षेत्ररक्षण के लिए नहीं आए और उनके हाथ में पट्टी लगी हुई दिखी। शेष बचे नौ ओवरों में सुनील नारायण ने कप्तानी की। मैच के बाद रहाणे ने कहा कि यह चोट उतनी गंभीर नहीं है और मैं जल्दी ही ठीक हो जाऊंगा। केकेआर के एक प्रतिनिधि ने बताया कि शुरुआती आकलन में यह चोट अधिक गंभीर नहीं लग रही है, लेकिन फिर भी टीम के फिजियो प्रशांत पंचदा बुधवार सुबह इसकी जांच करेंगे। केकेआर का अगला मैच चार मई को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ कोलकाता होना है।

**खेल विशेष**

## जापान में एशियाई खेल 2026 में खेला जाएगा क्रिकेट

**नई दिल्ली, वार्ता।** एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) ने जापान के ऐची-नागोया में 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक होने वाले एशियाई खेल 2026 में क्रिकेट को बनाए रखा है। ओसीए ने कहा कि खेल कार्यक्रम के बारे में फैसला 28 अप्रैल को नागोया सिटी हॉल में एआईएनएजीओसी बोर्ड की 41वीं बैठक में लिया गया। इसमें क्रिकेट और मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स को औपचारिक रूप से मंजूरी दे दी गई है। इस टूर्नामेंट के सभी मैच ऐची प्रीफेक्चर में खेले जाएंगे, लेकिन अभी तक मैच स्थल का चयन नहीं हुआ है। यह चौथी बार है जब क्रिकेट को एशियाई खेलों में शामिल किया गया। इससे पहले 2010 के ग्वांगझू और 2014 के इंचियोन में इन खेलों को अंतर्राष्ट्रीय दर्जा नहीं दिया गया था, लेकिन 2023 के एशियाई खेलों में क्रिकेट को शामिल किया गया, तो मैचों को टी-20 प्रारूप का दर्जा दिया गया था। वर्ष 2023 में पुरुषों की श्रेणी में भारत ने स्वर्ण, अफगानिस्तान ने रजत और बंगलादेश ने कांस्य पदक जीता था।

## छत्तीसगढ़ ने जीत से की विजय अभियान की शुरुआत

**नारायणपुर, वार्ता।** अखिल भारतीय फुटबाल फेडरेशन द्वारा आयोजित स्वामी विवेकानंद अंडर-20 नेशनल फुटबाल चैंपियनशिप में मेजबान छत्तीसगढ़ ने जीत के साथ अपने विजय अभियान की शुरुआत की। यहां रामकृष्ण मिशन-आश्रम मैदान (आरकेएम) में सुबह खेले गए मैच में छत्तीसगढ़ ने अंडमान निक. ोबार को एकतरफा मुकाबले में 4-0 से हराया। मैच के हीरो स्थानीय खिलाड़ी शशिकांत कुमेटी रहे। शशिकांत ने दो शानदार गोल कर अच्छे फार्म में होने का संकेत दे दिया है। उन्हें प्लेयर आफ दि मैच घोषित किया गया। तुषाल यादव ने भी दो गोल किए। छत्तीसगढ़ मैच में पूरे समय अंडमान निकोबार पर हावी रहा। मैच का पहला गोल खेल के 13वें मिनट में तुषाल यादव ने किया। इसके 12 मिनट बाद शशिकांत कुमेटी ने गोल किया। मध्यांतर के कुछ समय पहले तुषाल यादव ने अपना दूसरा व टीम के लिए तीसरा गोल किया।

## एनआरएआई ने किया सनी थॉमस के निधन पर शोक व्यक्त

**नई दिल्ली, वार्ता।** नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष कालिकेश नारायण सिंह देव ने बुधवार को महान निशानेबाजी कोच प्रो- सनी थॉमस के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। केरल के कोट्टायम जिले के उझवूर में श्री सिंह देव ने कहा कि यह एक ऐसा खालीपन है जिसे भारतीय निशानेबाजी शायद ही कभी भर पाए। प्रोफेसर थॉमस निशानेबाजी में एक संस्था समान थे और भारत आज निशानेबाजी में जो शक्ति बना है, वह उनके निस्वार्थ योगदान के बिना संभव नहीं हो पाता।

# फ्रांसिस्को ने किया उलटफेर ज्वेरेव हुए मैड्रिड ओपन से बाहर

**जैकब अलेक्जेंडर को 6-2, 6-3 से हराकर अगले दौर पहुंचे**

**मैड्रिड, वार्ता।** जर्मनी के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरिव को राउंड ऑफ 16 मुक. ाबले में उलटफेर का सामना करना पड़ा है वह अर्जेंटीना फ्रांसिस्को सेरुंडोलो से हारकर मैड्रिड ओपन से बाहर हो गए है। स्पेन में बिजली संकट के कारण सोमवार को मुक. ाबले नहीं हो पाये थे। पुरुष वर्ग में मंगलवार को खेले राउंड ऑफ 16 के एकल मुकाबले में जर्मनी के शीर्ष वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरिव अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरुंडोलो 5-7, 3-6 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए है। जबकि एक अन्य मुकाबले में चेक गणराज्य के जैकब मेन्सिक ने कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक को 6-2, 6-3 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। राउंड ऑफ 32 में 11वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल ने रूस के करेन खाचानोव पर 6-3, 3-6, 6-2 से जीत हासिल की, जबकि पॉल के साथी अमेरिकी फ्रांसेस टियाफो ने फ्रांस के एलेक्जेंडर मुलर को 6-3, 6-3 से हराया। एक अन्य मैच में कनाडा के गेब्रियल डायलो ने पहला सेट हारने के बाद वापसी करते हुए ब्रिटेन के कैमरून नोरी को ढाई घंटे में 2-6, 6-4, 6-4 से हराया। यूनान के स्टेफानोस त्सित्सिपास ने 17वीं वरीयता प्राप्त इटली के 10वीं वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेट्टी पर 7-5, 7-6 (3) से जीत हासिल सभी को चौका दिया। जबकि ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर ने कनाडा के डेनिस शापोवालोव को 6-2, 7-6 (3) से हराया। महिला वर्ग की स्पर्धा में, पोलैंड की इगा को क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी।

# बांग्लादेश ने जिम्बाब्वे को टेस्ट मैच में हराया

## मेहदी ने 104 रन बनाकर पांच विकेट भी चटकाए



**चटगांव, वार्ता।** मेहदी हसन मिराज (104 रन और पांच विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत बांग्लादेश ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन बुधवार को जिम्बाब्वे को दूसरी पारी में 111 रन पर समेट कर मुकाबला 106 रनों से जीत लिया। इसी के साथ बांग्लादेश ने दो मैचों की सीरीज एक-एक से बराबर कर ली है। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र आठ रन के स्कोर अपने दो विकेट गवां दिए। ब्रायन बेनेट (छह) और निक वेल्च (शून्य) पर आउट हुए। इन दोनों बल्लेबाजों को तैजुल इस्लाम ने आउट किया। इसके बाद मेहदी हसन मिराज ने शॉन विलियम्स (सात) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। कप्तान क्रेग एर्विन ने बेन कर्रन के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 30 ओवर में मिराज ने क्रेग एर्विन (25) को आउटकर बांग्लादेश को चौथी सफलता दिलाई। इसी ओवर में उन्होंने वेस्ली मधेवेरे (शून्य) को भी अपना शिकार बनाया। इसके बाद जिम्बाब्वे का कोई भी बल्लेबाज बांग्लादेश के गेंदबाजों के आगे अधिक देर तक नहीं टिक सका।

टी त्सिगा (शून्य), वेलिंग्टन मसाकाट्जा (10) और रिचर्ड एन्गारावा (पांच) रन बनाकर आउट हुए। जिम्बाब्वे के लिए बेन कर्रन ने सर्वाधिक (46) रनों की पारी खेली। जिम्बाब्वे की पूरी टीम दूसरी पारी में 46.2 ओवर में 111 रन पर सिमट गई। इसी के साथ बांग्लादेश ने वापसी करते हुए दो मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर दी। बांग्लादेश की ओर से मेहदी हसन मिराज ने 21 ओवर में 32 रन देकर पांच विकेट लिए। तैजुल इस्लाम ने 16-2 ओवर में 42 रन देकर तीन विकेट झटके। नईम हसन ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले बांग्लादेश ने कल के सात विकेट पर 291 से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में विन्सेंट मसेकेसा ने तैजुल इस्लाम (20) को आउट जिम्बाब्वे को आठवीं सफलता दिलाई इसके बाद बल्लेबाजी करने आए तनजीम हसन साकिब ने मेहदी हसन मिराज के साथ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नौवें विकेट के लिए 96 रनों की साझेदारी कर बांग्लादेश को बड़ी बढ़त दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान मेहदी हसन मिराज ने अपना शतक पूरा किया। वेस्ली मधेवेरे ने साकिब (41) को आउटकर इस साझेदारी का अंत कर दिया। बांग्लादेश का आखिरी विकेट मेहदी हसन मिराज के रूप में गिरा। मेहदी हसन मिराज ने 162 गेंदों में 11 चौके और एक छक्के की मदद से 104 रनों की शतकीय पारी खेली। बांग्लादेश की पूरी टीम ने 129-2 ओवर में 444 रन पर समिट गई। इसी के साथ बांग्लादेश को जिम्बाब्वे के पहली पारी में बनाए गए स्कोर के आधार पर 217 रनों की बढ़त मिल गई है।

# हॉकी इंडिया ने कोहली, भोरे और लालरिनफेला को दी बधाई

**नीतिन कोहली, मनोज के उपाध्यक्ष बनने पर किया स्वागत**

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने नितिन कोहली और मनोज भोरे को उपाध्यक्ष तथा लालरिनफेला को संयुक्त सचिव बनाए जाने पर बधाई दी है। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की ने कहा कि हमें नितिन कोहली, मनोज भोरे का उपाध्यक्ष के रूप में उनकी नई भूमिकाओं और लालरिनफेला का संयुक्त सचिव के रूप में उनकी नियुक्ति पर स्वागत करते हुए खुशी हो रही है।

भारतीय हॉकी के विकास के लिए उनका विशाल अनुभव और प्रतिबद्धता सभी स्तरों पर खेल को बढ़ाने के हमारे प्रयासों में सहायक होगी। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा कि कार्यकारी बोर्ड की बैठक के दौरान की गई नियुक्तियाँ प्रशासनिक उत्कृष्टता और दीर्घकालिक दृष्टि पर हमारे निरंतर ध्यान को दर्शाती हैं। हमें विश्वास है कि कोहली, भोरे और लालरिनफेला भारतीय हॉकी में बहुमूल्य योगदान देंगे, और हम कमांडर आरके श्रीवास्तव को उनकी उचित पदोन्नति के लिए बधाई देते हैं।

उल्लेखनीय है कि केरल में मंगलवार को आयोजित कार्यकारी बोर्ड की 112वीं बैठक में हॉकी इंडिया के प्रशासनिक ढांचे को और मजबूत करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण प्रशासनिक बदलाव भी किए गए।

## आजमगढ़ 16 स्वर्ण पदकों के साथ बना ओवरऑल चैंपियन

**लखनऊ, वार्ता।** आजमगढ़ ने 7वीं यूपी स्टेट प्री-टीन, सब जूनियर, जूनियर व 8वीं सीनियर पेंचक सिलाट चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 16 स्वर्ण पदक के साथ ओवरऑल चैंपियनशिप की ट्रॉफी अपने नाम कर ली। वहीं सुल्तानपुर उपविजेता रही जबकि जौनपुर को तीसरा स्थान मिला। चौक स्टेडियम के लालजी टंडन बहुउद्देश्यीय हॉल में पेंचक सिलाट स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ यूपी के तत्वावधान में आयोजित चैंपियनशिप के समापन समारोह में पेंचक सिलाट स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ यूपी के कार्यकारी अध्यक्ष जसपाल सिंह व महासचिव सूरज प्रकाश श्रीवास्तव ने पदक प्रदान कर खिलाड़ियों को सम्मानित किया। अंतिम दिन जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार पाण्डेय व भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री सोनू सिंह ने भी पदक विजेताओं की हौसला-अफजाई की।

## जुबा संघा, सुदेवा और नोएडा सिटी की शानदार जीत

**नई दिल्ली, वार्ता।** कविता, सलोनी, गायत्री, खुशबु और कोमल के दर्शनीय गोलों से जुबा संघा फुटबाल क्लब ने नेहरू स्टेडियम परिसर में खेली जा रही वूमेंस प्रीमियर लीग में रेंजर्स स्पोर्ट्स क्लब को 5- 0 से पीट कर एक और बघी जीत दर्ज की। यहां दिन के पहले मुकाबले में सुदेवा फुटबाल क्लब ने कीर्ति सिंह और देविका तांती के गोलों से सिटी फुटबाल क्लब को 2-0 से हराया। जुबा संघा की पूनम और सुदेवा की कीर्ति को प्लेयर ऑफ द मैच आंका गया। अन्य मैचों में हॉप्स और सिग्नेचर फुटबाल क्लब ने क्रमश हंस कैपिटल और ईव्स स्पोर्ट्स क्लब को 5-0 और 1-0 से हराया। हॉप्स की जीत का आकर्षण प्लेयर ऑफ द मैच संतोष के दो शानदार गोल रहे। हिमांशु, पूजा और शैलजा ने एक एक गोल किए। सिग्नेचर की प्लेयर ऑफ द मैच लक्ष्मी ने इकलौता गोल दागा।

**● कुलदीप-रिंकु थप्पड़ विवाद ●**

# केकेआर ने किया खारिज

**सोशल मीडिया पर एक वीडिया वायरल हुआ, जिसमें कुलदीप यादव ने रिंकु सिंह को दो बार थप्पड जड़े**



**नई दिल्ली, वार्ता।** कुलदीप यादव और रिंकू सिंह के बीच थप्पड़ विवाद पर अब कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने चुप्पी तोड़ी है और ऐसी किसी घटना को खारिज किया है। दरअसल, दिल्ली कैपिटल्स और केकेआर के बीच मंगलवार को खेले गए मैच के बाद सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें दिख रहा था कि कुलदीप ने रिंकू को दो बार थप्पड़ जड़े। इस वीडियो के सामने आने के बाद फैंस हैरत में पड़ गए थे कि आखिर किस कारण कुलदीप ने रिंकू को थप्पड़ लगाए। वीडियो देखकर लग रहा था कि कुलदीप ने मजाकिया अंदाज में रिंकू के चेहरे पर दो बार थप्पड़ मारे, जिससे केकेआर का यह बल्लेबाज असमंजस में पड़ गया। भारतीय टीम के लिए साथ खेलने वाले कुलदीप और रिंकू के बीच अच्छी दोस्ती है और यह दोनों खिलाड़ी अरुण जेटली स्टेडियम में मैच के दौरान खुश नजर आ रहे थे। वीडियो में भी दिखा था कि रिंकू हंस-हंस कर बातें कर रहे हैं, लेकिन तभी किसी बात पर कुलदीप रिंकू को थप्पड़ मार देते हैं। इसके बाद रिंकू हैरानी भरी नजर से कुलदीप को देखते हैं और फिर से कुलदीप रिंकू को थप्पड़ मारते हैं। विवाद उठने के बाद केकेआर ने एक वीडियो शेयर किया है जिसमें कुलदीप और रिंकू का याराना दिख रहा है। इस वीडियो में दोनों श्लवश का साइन बनाते दिख रहे हैं और एक दूसरे के कंधे पर हाथ डालकर खड़े हैं। वीडियो में आगे दोनों के बीच कितनी गहरी दोस्ती है उसे दर्शाया गया है। मैच की बात करें तो केकेआर ने दिल्ली को 14 रनों से हराकर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदें जीवंत रखी है। गत विजेता केकेआर ने अंगक्रिष रघुवंशी की 44 रनों की शानदार पारी की बदौलत 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 204 रन बनाए। जवाब में दिल्ली निर्धारित ओवर में नौ विकेट खोकर 190 रन बना पाई और लगातार दूसरा मुकाबला हार गई। दिल्ली ने इस सत्र में अब तक कुल चार मुकाबले अपने घर में खेले हैं। इनमें उन्होंने तीन मैच गंवाए जबकि एक में उन्हें सुपरओवर में जीत मिली है। वहीं, घर से बाहर अक्षर पटेल की टीम ने छह में से पांच मुकाबले जीते।

# चेन्नई ने पंजाब को 191 रन का टारगेट दिया

## युजवेंद्र चहल ने ली आईपीएल 2025 में दूसरी हैट्रिक, सैम करन ने 88 रन बनाए



**चेन्नई, वार्ता।** पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) ने आईपीएल के 49वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को 190 रन पर ऑलआउट कर दिया है। इस तरह पंजाब को 191 रन का टारगेट मिला है। चेपाक के एमए चिदंबरम स्टेडियम में पंजाब ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी।

चेन्नई ने 19.2 ओवर में 190 रन पर ऑलआउट कर दिया। युजवेंद्र चहल ने आईपीएल में दूसरी बार हैट्रिक ली। उन्होंने 19वें ओवर में नूर अहमद (शून्य), अंशुल कंबोज (शून्य), दीपक हुड्डा (2 रन) और एमएस धोनी (11 रन) को आउट किया। उन्होंने 2022 में कोलकाता के खिलाफ भी एक ओवर में 4 विकेट झटके थे। चहल के अलावा, अर्शदीप सिंह और मार्को यानसन को 2-2 विकेट मिले। सैम करन (88 रन) को मार्को यानसन ने विकेटकीपर जोश इंग्लिस के हाथों कैच कराया। डेवाल्ड ब्रेविस (32 रन), रवींद्र जडेजा 17 रन बनाए। एमएस धोनी ने 4 बाल पर 11 रन बनाए।

इनमें एक चौका और एक छक्का शामिल रहा। पारी का आखिरी ओवर डाल रहे अर्शदीप सिंह ने दूसरी बाल पर शिवम दुबे को शशांक सिंह के हाथों कैच कराया। 19वां ओवर डाल रहे युजवेंद्र चहल ने एक ओवर में 4 विकेट झटके। उन्होंने हैट्रिक भी पूरी की। चहल ने नूर अहमद (शून्य), अंशुल कंबोज (शून्य), दीपक हुड्डा (2 रन) और एमएस धोनी (11 रन) को आउट किया। उन्होंने 2022 में कोलकाता के खिलाफ भी एक ओवर में 4 विकेट झटके थे। 18वें ओवर में चेन्नई ने 5वां विकेट गंवाया।

यहां सैम करन 88 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मार्को यानसन ने विकेटकीपर जोश इंग्लिस के हाथों कैच कराया। सैम करन ने आईपीएल करियर की सबसे बड़ी पारी खेली है। सैम करन ने सूर्यांश शेडगे के ओवर में 26 रन बटोरे। चेन्नई की पारी के 16वें ओवर में करन ने 2 चौका और 2 सिक्स लगाया। उन्होंने पहली बाल पर लान्ग आफ के ऊपर से छक्के के लिए मार दिया।

# नरेंद्र कुमार ने माउंट अन्नपूर्णा पर फहराया तिरंगा

**चंडीगढ़, वार्ता।** हरियाणा के हिसार जिले के लमगनी खेड़ा गांव के निवासी पर्वतारोही नरेंद्र कुमार ने विश्व की सबसे खतरनाक चोटियों में से एक माउंट अन्नपूर्णा जिसकी ऊंचाई 8,091 मीटर है, पर तिरंगा झंडा फहरा कर हरियाणा का पहला पर्वतारोही बनने का गौरव हासिल करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। पर्वतारोही नरेंद्र कुमार ने अपनी माउंटेनियरिंग की यात्रा 2019 में अटल बिहारी इंस्टीट्यूट, मनाली से बेसिक कोर्स से शुरू की थी, और इसे 2021 में हिमालयन माउंटेनियरिंग इंस्टीट्यूट, दार्जिलिंग में एडवांस कोर्स से आगे बढ़ाया। पर्वतारोही नरेंद्र कुमार के पिता, सुभाष चंद्र, जो एक्साइज एंड टैक्सेशन ऑफिसर के पद से रिटायर हैं, ने हमेशा उनका समर्थन किया है। पर्वतारोही नरेंद्र कुमार ने विश्व की सबसे खतरनाक चोटियों में से एक माउंट अन्नपूर्णा पर तिरंगा झंडा फहराने के साहसी अभियान की शुरुआत 25 मार्च 2025 को की थी और अपनी इस माउंटेनियरिंग को सात अप्रैल को सुबह 10:30 बजे तिरंगा फहराकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। पर्वतारोही नरेंद्र कुमार ने अपने इस अभियान को 12 दिन में पूरा किया, जिसमें उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। अन्नपूर्णा पर्वत नेपाल में स्थित है और जो हिमालय पर्वत श्रेणी का हिस्सा है। माउंट अन्नपूर्णा पर हर 1-2 घंटे में हिमस्खलन का खतरा बना रहता है, जो पर्वतारोहियों के लिए जानलेवा भी हो सकता है।

## उदारवाद की वापसी

कनाडा में उदारवाद की बयार बहने के पुख्ता संकेत मिले हैं। तय हो चुका है कि लिबरल पार्टी के मार्क कार्नी पीएम बन रहेंगे। चुनाव में बड़ी जीत के बाद कार्नी ने पहले संबोधन में अमेरिका के साथ कनाडा के रिश्तों के अंत का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने विश्वासघात किया है और ये बात कनाडा कभी नहीं भूलेगा। अमेरिका के साथ हमारा पुराना संबंध, जो लगातार बढ़ती एकजुटता पर टिका हुआ था, अब खत्म हो चुका है। अमे. रिका की ग्लोबल ट्रेड पॉलिसी, जिस पर कनाडा ने दूसरे विश्व युद्ध के बाद से भरोसा किया और जिसकी वजह से कई साल तक हमारे देश में समृद्धि रही, अब खत्म हो चुकी है और यह हमारी भी नई सच्चाई है। हम अमेरिका के विश्वासघात के झटके से उबर चुके हैं, लेकिन हमें इस सबक को कभी नहीं भूलना चाहिए। अब हमें खुद का ध्यान रखना होगा। और सबसे जरूरी, हमें एक-दूसरे का ख्याल रखना होगा याद रहे कि जनवरी में जब जस्टिन ट्रूडो ने कनाडा के पीएम पद से इस्तीफा दिया, तो ऐसा लगा कि उनकी लिबरल पार्टी चुनावी हार की ओर बढ़ रही है। उस समय लिबरल्स जनमत सर्वेक्षणों में कंजर्वेटिव्स से 25 अंकों के अंतर से पीछे चल रहे थे। लगभग एक दशक से सत्ता में कायम ट्रूडो आर्थिक मुश्किलों के बीच काफी अलोकप्रिय हो गए थे। कंजर्वेटिव नेता पियरे पोइलीवर ने अपना प्रचार अभियान बदलाव के आह्वान पर खड़ा किया। उन्होंने लिबरल पार्टी के लगातार तीन कार्यकालों को कनाडा के लिए गंवा दिया गया दशक करार दिया। फिर भी, चौंकाने वाला उलट-फेर हुआ और लिबरल पार्टी ने 28 अप्रैल के राष्ट्रीय चुनाव में कंजर्वेटिव्स को चित कर दिया। ट्रूडो के इस्तीफे और चुनावों के बीच दो अहम घटनाक्रमों ने देश के राजनीतिक परिदृश्य को बदल दिया। पहला, अर्थशास्त्री और पूर्व बैंकर मार्क कार्नी को ट्रूडो का उत्तराधिकारी चुना गया। कार्नी ने खुद को ट्रूडो की विरासत से अलग किया और चुनाव को कनाडा की अर्थव्यवस्था को दोबारा खड़ी करने के अवसर के रूप में पेश किया। दूसरा, कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की ट्रम्प की बयानबाजी ने कनाडाई राष्ट्रवाद को जगा दिया और कार्नी की चुनावी लड़ाई को एक नया मकसद और परिप्रेक्ष्य प्रदान किया। कार्नी ने ट्रम्प की धमकियों और सीमा शुल्क के सामने डटकर खड़े होने के लिए खुद को सबसे लायक उम्मीदवार के रूप में पेश किया। एक सफल केंद्रीय बैंकर, जिन्होंने 2008-09 की मंदी के दौरान कनाडा और ब्रेक्सिट के उथल-पुथल भरे वर्षों के दौरान ब्रिटेन का नेतृत्व किया, के रूप में उनके रिकॉर्ड ने भी उनके मकसद में सहयोग किया। नतीजे कंजर्वेटिव्स के लिए पूरी तरह निराशाजनक नहीं हैं। प्राथमिक आंकड़ों के मुताबिक, पार्टी ने 41.4 फीसदी वोट हासिल किए, जो 2011 में 39.6 फीसदी वोट के साथ उन्हें मिले बहुमत से ज्यादा है, लेकिन इस बार यह हुआ कि प्रगतिशील और उदारवादी वोट लिबरल्स के पक्ष में ज्यादा एकीकृत ढंग से एकजुट हुए।

## यह एकता और एकजुटता का समय



यह एकता और एकजुटता का समय है, यह वह समय है, जब हमें सामूहिक संकल्प के साथ पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाना है, जिसे वह कभी न भूल पाए, पहलगाम आतंकी हमले के तुरंत बाद 22 अप्रैल की रात को ही कांग्रेस ने सर्वदलीय बैठक की मांग की थी, यह बैठक दो दिन बाद हुई, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी उसमें शामिल नहीं हुए, फिर इस मामले में 24 अप्रैल को पारित कांग्रेस कार्य समिति का प्रस्ताव बिल्कुल स्पष्ट है, कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने संसद का विशेष सत्र बुलाने की भी मांग की है, हम सभी को इस बेहद संवेदनशील समय में जिम्मेदारी और एकजुटता के साथ खड़े रहना चाहिए, देश इंतज़ार कर रहा है।

**जयराम रमेश**
**प्रभारी, कांग्रेस संचार विभाग**

# नफरत की ये आग कब बुझेगी?






**निर्मल रानी**

जम्मू और कश्मीर में पहलगाम से लगभग पांच किलोमीटर दूर प्राकृतिक आकर्षण का केंद्र रहे प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बैसरन घाटी में गत 22 अप्रैल को पांच-छह सशस्त्र आतंकवादियों द्वारा निहत्थे व बेगुनाह पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलीबारी की गई जिसमें 27 लोगों की जानें चली गईं जबकि 20 से अधिक लोग घायल हो गए। प्राप्त समाचारों के अनुसार इस दुर्दांत आतंकी हमले की ज़िम्मेदारी पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा के ही एक छाया संगठन द रेज़िस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने स्वीकार की है। पाकिस्तान में पनाह पाने वाले विभिन्न आतंकी संगठन गत तीन दशकों से भी लंबे समय से भारत में आतंकी हमले करते रहे हैं। पाकिस्तान में अनेक आतंकवादी संगठन सक्रिय हैं। इनमें कई संगठनों के विरुद्ध संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रतिबंध भी लगाए गए हैं। इन आतंकियों द्वारा जहां घाटी में सैनिकों व आम नागरिकों को निशाना बनाया जाता रहा है वहीं इन्होंने कश्मीर के बाहर भी 26/11 जैसा बड़ा हमला अंजाम दिया। इतना ही नहीं बल्कि अक्षर धाम, जम्मू, वाराणसी, अयोध्या जैसे देश के कई प्रमुख मंदिरों को भी इन आतताइयों ने नहीं बख्शा। मंदिरों पर इनके हमले का उद्देश्य हमेशा से स्पष्ट रहा है कि यह अपनी आतंकी गतिविधियों को अंजाम देकर भारत में साम्प्रदायिक विभाजन कराना चाहते थे। परन्तु पूर्व की सरकारों ने सूझवान भारतीय जनता के सहयोग से पाकिस्तानी आतंकियों के ऐसे नापाक मंसूबे कभी कामयाब नहीं होने दिए।

निश्चित रूप से 22 अप्रैल के पहलगाम के बैसरन घाटी के हमले का भी मक़सद भारत में साम्प्रदायिक उबाल पैदा करना था। तभी आतंकियों ने 2008 के मुंबई हमलों के बाद इस तरह की सबसे घातक घटना को अंजाम दिया। परन्तु इस हमले के दौरान और इसके फ़ौरन बाद से ही घाटी के स्थानीय लोगों द्वारा इस हमले का जिस स्तर पर विरोध किया गया और पर्यटकों की जिसतरह सहायता की गई उससे आतंकियों के इरादों पर एक बार फिर पानी फिर गया। इनमें एक नाम जो सबसे अधिक सुर्ख़ियों में रहा वह था पहलगाम के नज़ाकत अहमद शाह का, जिन्होंने अपनी बहादुरी और सूझबूझ से 11 पर्यटकों की जान बचाई। नज़ाकत अहमद शाह ने छत्तीसगढ़ के 11 लोगों के जीवन को बचा लिया। जिनकी जान नज़ाकत अली उर्फ़ नज़ाकत अहमद शाह ने बचाई उनमें मुख्यत: छत्तीसगढ़ के चार परिवार के लोग शामिल हैं। इसमें बीजेपी युवा मोर्चा के नेता अरविंद अग्रवाल, कुलदीप स्थापक, बीजेपी पार्षद पूर्वा स्थापक, पूर्व पार्षद शिवांश जैन और हैप्पी बाधवान का परिवार तथा कई बच्चे शामिल है। स्वयं भाजपा नेता अरविंद अग्रवाल ने नज़ाकत अली के साथ अपनी फ़ोटो पोस्ट सोशल मीडिया साइट एक्स पर साझा कर उनकी मदद की तारीफ़ करते हुए लिखा

**आतंकियों ने 2008 के मुंबई हमलों के बाद इस तरह की सबसे घातक घटना को अंजाम दिया, परन्तु इस हमले के दौरान और इसके फ़ौरन बाद से ही घाटी के स्थानीय लोगों द्वारा इस हमले का जिस स्तर पर विरोध किया गया और पर्यटकों की जिस तरह सहायता की गई उससे आतंकियों के इरादों पर एक बार फिर पानी फिर गया**

कि आपने अपनी जान दांव पर लगा कर हमारी जान बचाई। हम नज़ाकत भाई का एहसान कभी नहीं चुका पाएंगे। अरविंद अग्रवाल ने यह भी लिखा कि 'जब मेरी पत्नी के कपड़े फट गए तो कश्मीरी मुस्लिम ने अपना कुर्ता दे दिया था'।

इसी तरह पहलगाम की एक पर्यटक शिवांशी जैन ने बताया कि जब गोली चलने लगी तो उनके साथ कश्मीर के व्यवसाई नज़ाकत अली ने सामने आकर सभी को बाहर निकाला। जब आतंकी गोलियां बरसा रहे थे उस समय नज़ाकत सभी पर्यटकों को सुरक्षित स्थान पर ले गए। नज़ाकत अली ने जो मानवता और कश्मीरियत की मिसाल पेश की है उससे चिरमिरी (छत्तीसगढ़) वासी गदगद हैं। ग़ौरतलब है कि कश्मीर के नज़ाकत प्रत्येक वर्ष सर्दियों में कश्मीरी शॉल और गर्म कपड़े बेचने हेतु चिरमिरी आते रहे हैं। उनका पूर्व पार्षद शिवांश जैन से घनिष्ठ संबंध बना हुआ है। इसी नाते जब चिरमिरी के 11 लोग पहलगाम पहुंचे थे तो नज़ाकत अली ने ही उन्हें वादियों की सैर कराने की ज़िम्मेदारी ली थी। और आतंकी हमला होने पर नज़ाकत अली ने ही अपनी बहादुरी से छत्तीसगढ़ के इन मेहमान पर्यटकों की जान बचाई।

बहादुरी की मिसाल पेश करने वाले ऐसे ही एक और कश्मीरी युवक का नाम था सैयद आदिल हुसैन शाह। आदिल एक पेशेवर स्थानीय घुड़सवार था जो पर्यटकों को कार पार्किंग क्षेत्र से पहलगाम के बैसरन घास के मैदान तक ले जाया करता था। आतंकी हमले के दौरान आदिल ने असाधारण वीरता व साहस का परिचय दिया। जब आतंकी हमला शुरू हुआ, तो सैयद आदिल अपने साथ लाए गए पर्यटकों की जान बचाने के मक़सद से एक हमलावर की बंदूक़ के सामने पर्यटक की ढाल बनकर खड़े हो गए। आदिल के इसी साहसी प्रयास में आतंकियों ने उसे गोली मार दी। और आदिल मौक़े पर ही मारा गया। पूरी घाटी में ही नहीं बल्कि पूरे देश में सैयद आदिल हुसैन शाह की बहादुरी व उसकी शहादत व कर्तव्य की चर्चा हो रही है। इसतरह की और भी अनेक घटनाएं जो बैसरन घाटी हमले के बाद सामने आईं जिनसे पता चलता है कि किसतरह अनेक स्थानीय लोगों ने देश के विभिन्न इलाक़ों से आने वाले पर्यटकों को अपने घरों में सुरक्षित पनाह दी। उन्हें सभी ज़रूरी चीज़ें मुफ्त मुहैय्या कराईं। और निश्चित रूप से यह घाटी के स्थानीय लोगों का पर्यटकों के प्रति प्रेम व विश्वास ही था जिसके चलते इतनी बड़ी आतंकी घटना के बावजूद घाटी विशेषकर पहलगाम का पर्यटन इतनी जल्दी काफ़ी हद तक पुन: पटरी पर आ सका।

आतंकवादियों ने अपनी तरफ़ से भारतीय समाज में नफ़रत फैलाने में हालांकि कोई कसर नहीं छोड़ी परन्तु यह भी सच है कि यह पाक प्रायोजित आतंकवाद की पहली ऐसी बड़ी घटना थी जिसने कश्मीर से कन्याकुमारी तक पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। कश्मीर घाटी में जगह जगह आतंकवाद विरोधी प्रदर्शन हुए। पूरे देश की मस्जिदों में पहलगाम हमले पर अफ़सोस जताया गया तथा इस अमानवीय कृत्य को शैतानी व राक्षसी कृत्य बताया गया। हर तरफ़ से एक स्वर में हमले में मारे गए लोगों के साथ एकजुटता का प्रदर्शन किया गया। सोशल मीडिया पर हज़ारों ऐसी पोस्ट डाली गईं जिससे देश में भाईचारे क़ायम रह सके। विपक्ष ही नहीं बल्कि भारतीय जनता पार्टी के भी कई ज़िम्मेदार नेताओं ने इस संकटकालीन घड़ी में देश में एकजुटता बनाए रखने की अपील की। परन्तु इन सब के बावजूद देश में कई स्थानों पर ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं भी हुईं जो नि:संदेह आतंकियों के घिनौने मक़सद को पूरा करने वाली थीं। कई जगह उपद्रवियों द्वारा कहीं अल्पसंख्यक समाज के किसी व्यक्ति पर हमला किया गया तो कहीं उनके व्यवसायिक ठिकाने को आग लगा दी गई। कहीं बाज़ारों में रेहड़ी पटरी दुक. ानदारों को उनका धर्म देखकर दुकान नहीं लगाने दी गई तो कहीं ऐसी ठिकानों की पहचान कर वहां तोड़ फोड़ की गई। हद तो यह है कई जगह छात्रावास में रह रहे कश्मीरी छात्रों को मारा पीटा गया व उन्हें अपमा. नित किया गया। ऐसी शर्मनाक घटनाओं की भी जितनी निंदा की जाये वह कम है। यह देश के अमन पसंद लोगों को सुनिश्चित करना होगा कि आख़िर नफ़रत की ये आग कब बुझेगी।

**( ये लेखक के निजी विचार है )**

# कुरान और गीता के तुलनात्मक अध्यनन से हिंदुओं और मुसलमानों को करीब लाने की पहल

**एम. हसन**

एम हसन लिखते हैं कि ऐसे समय में जब दोनों समुदाय एक दूसरे से उलझे हुए हैं, इस तुलनात्मक अध्ययन के माध्यम से दोनों पवित्र ग्रंथों में समानताओं को प्रभावी ढंग से उजागर करने और दोनों समुदायों को भारत और अन्य जगहों पर शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के लिए एक साथ लाने का प्रयास किया गया है। दोनों ग्रंथों में बहुत सी समानताएं हैं, जिन्हें लोगों को ठीक से पढ़ाए जाने की जरूरत है

पूर्वी यूपी के अंबेडकर नगर (अकबरपुर) जिले से ताल्लुक रखने वाले कोम स्थित प्रमुख शिया विद्वान डॉ. सैयद अब्बास मेहदी हसनी ने पवित्रा ग्रंथों कुरान और भगवद गीता के तुलनात्मक अध्ययन में दोनों ग्रंथों के बीच समानता और अंतर पर कापफी जोर दिया है।

डॉ. मेहदी ने इस मुद्दे पर अपनी डॉक्टरेट थीसिस की है जिसका शीर्षक है: सामाजिक और तर्कसंगत पहलुओं पर जोर देते हुए कुरान और गीता की पोषणकारी शिक्षा का विकास। कघेम के शिया इस्लामी विद्वता में प्रचलित अनूठी व्याख्याओं और दृष्टिकोणों पर विचार करते हुए, डॉ. मेहदी ने एकेश्वरवाद, नैतिक आचरण, ईश्वर की अवधारणा, कर्म की भूमिका और आत्मा की प्रकृति जैसे विषयों पर चर्चा की है और दोनों ग्रंथों के बीच समानता और अंतर दोनों को उजागर किया है। अल-मुस्तफा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी से डॉक्टरेट शोध डॉ. हिम्मत बनारी के मार्गदर्शन में अलीगढ़ स्थित डॉ. अली मोहम्मद नकवी और दिल्ली विश्वविद्यालय के डॉ. बलराम शुक्ला के सलाहकार के रूप में पूरा किया गया है। डॉ. मेहदी ने कहा कि ऐसे समय में जब दोनों समुदाय आपस में भिड़े हुए हैं, इस तुलनात्मक अध्ययन के माध्यम से दो पवित्र ग्रंथों में समानता को प्रभावी ढंग से उजागर करने और दोनों समुदायों को भारत और अन्य जगहों पर शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के लिए एक साथ लाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि दोनों ग्रंथों में काफी समानताएं हैं, जिन्हें लोगों को ठीक से सिखाने की जरूरत है। कुरान और भगवद्गीता के तुलनात्मक अध्ययन से पता चलता है कि दोनों में अहिंसा, करुणा और एक ईश्वर के प्रति समर्पण जैसे नैतिक सिद्धांतों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण समानताएं हैं, साथ ही ईश्वर की प्रकृति, पैगम्बरों की भूमिका और पुनर्जन्म की अवधारणा पर उनके दृष्टिकोणों में प्रमुख अंतर भी उजागर होते हैं, कुरान सख्त एकेश्वरवाद पर जोर देता है और गीता हिंदू ढांचे के भीतर ईश्वर की अधिक बहुमुखी समझ की अनुमति देती है। अपने पीएचडी थीसिस के सारांश में डॉ. मेहदी कहते हैं, पवित्रा कुरान और गीता की शिक्षाओं को सामाजिक और बौद्धिक आयाम में कुरान की आयतों और गीता के बिंदुओं के दिशा-निर्देशों का उपयोग करके और दोनों के बीच तुलना का प्रश्न एक ऐसा विषय है जिसका अभी तक अध्ययन नहीं किया गया है। डॉ. मेहदी आगे लिखते हैं कि इस अध्ययन में पवित्रा कुरान और गीता की शिक्षाओं को सामाजिक और बौद्धिक आयामों में वर्णनात्मक-विश्लेषणात्मक और तुलनात्मक पद्धति से व्यक्त करने के बाद इन दोनों पुस्तकों की शिक्षाओं की तुलना की गई है और फिर उनके समान और भिन्न बिंदुओं का वर्णन किया गया है। विद्वान ने संस्कृत में गीता की एक चौपाई ली है और उसे फारसी भाषा में समझाने के बाद कुरान की उपलब्ध आयतों से उसकी तुलना की है। डॉ. मेहदी लिखते हैं, समानताएं और अंतर स्वाभाविक हैं क्योंकि गीता की कई शिक्षाएं दिव्य ग्रंथों की तरह हैं। कई हिंदू विद्वान दावा करते हैं कि गीता एक ईश्वरीय रहस्योद्घाटन है। सामाजिक आयामों में, रिश्तेदारों के प्रति विनम्रता जैसे सम्मानजनक व्यवहार और शिक्षक और संरक्षक के संबंध में विनम्रता और शासकों के संबंध में न्याय और सामान्य जनता के संबंध में समानता और अहिंसा आदि के प्रति सम्मान। बौद्धिक आयाम में तर्कसंगत शिक्षा के कारक जैसे विचार का सिद्धांत और अंतर्दृष्टि का सिद्धांत। उनका कहना है कि इनमें से कई सामग्रियों में मात्रात्मक और गुणात्मक लाभ हैं, जिन्हें इस चर्चा में बताया गया है। उनका कहना है कि इन शिक्षा प्रथाओं को चुनने और उनका अभ्यास करने से व्यक्तियों के सामाजिक और बौद्धिक आयामों का विकास हो सकता है। यह फारसी भाषा में अपनी तरह का पहला अध्ययन है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि एकेश्वरवाद पर दोनों ग्रंथ मूल रूप से एक सर्वोच्च ईश्वर में विश्वास को बनाए रखते हैं, हालांकि प्रत्येक परंपरा में इसकी अलग-अलग व्याख्या की गई है। इसी तरह नैतिक शिक्षाओं में दोनों ईमानदारी, न्याय, दान और आत्म-नियंत्रण जैसे नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देते हैं। कर्म के महत्व पर दोनों ग्रंथ कर्म की अवधारणा को स्वीकार करते हैं, जहां कर्मों के इस जीवन और उसके बाद के परिणाम होते हैं। इसी तरह दोनों समाज में अपने कर्तव्य या 'धर्म' का पालन करने की अवधारणा पर जोर देते हैं और दोनों आध्यात्मिक मुक्ति प्राप्त करने के लिए ध्यान, प्रार्थना और आत्म-चिंतन जैसी प्रथाओं को प्रोत्साहित करते हैं।

**दोनों धर्मों के लोगों को ठीक से सिखाने की जरूरत है कुरान और भगवद् गीता के तुलनात्मक अध्यनन से पता चलता है कि दोनों में महत्वपूर्ण समानताएं हैं**

उल्लेखनीय है कि हिल स्प्रिंग इंटरनेशनल स्कूल, मुंबई के प्रमित गोयल ने अपने शोधपत्र में लिखा है। 'भगवद् गीता और कुरान: एक ही सिक्के के दो पहलू उन्होंने लिखा है दोनों धर्मग्रंथ अपनी शिक्षाओं के संदर्भ में कई समानताएं साझा करते हैं, लेकिन दुर्भाग्य से, कई बार व्यक्तियों और समूहों द्वारा अपने निहित स्वार्थों की पूर्ति के लिए इनका दुरूपयोग किया गया है और इनका हथियार के रूप में इस्तेमाल किया गया है। ऐसी दुनिया में जहां कठोर सांस्कृतिक दृष्टिकोण हमें विभाजित करते हैं, अन्य धार्मिक ग्रंथों को आंख मूंदकर नजर. अंदाज करने के बजाय उन्हें समावेशी और खुले दिमाग से देखना जरूरी है। गीता और कुरान से सहानुभूति, प्रेम और नैतिक जिम्मेदारी जैसी सर्वोत्तम शिक्षाओं को अपनाने से व्यक्ति एक खुशहाल जीवन की ओर अग्रसर हो सकता है और एक अधिक समावेशी और सामंजस्यपूर्ण समाज में योगदान दे सकता है। यह पेपर इंटरनेशनल जर्नल ऑफ मल्टीडिसिप्लिनरी रिसर्च के मई-जून 2024 संस्करण में प्रकाशित हुआ था।

**( एम हसन हिंदुस्तान टाइम्स, लखनऊ के पूर्व ब्यूरो प्रमुख हैं )**

# श्रमिक शक्ति ही है भारत की असली ताकत

## श्रमिक: देश की रीढ़, मगर हाशिये पर





**योगेश कुमार गोयल**

प्रतिवर्ष 1 मई का दिन 'अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस' अथवा 'मजदूर दिवस' के रूप में मनाया जाता है, जिसे 'मई दिवस' भी कहा जाता है। यह दिवस समाज के उस वर्ग के नाम है, जिसके कंधों पर सही मायनों में विश्व की उन्नति का दारोमदार है। इसमें कोई दो राय नहीं कि किसी भी राष्ट्र की आर्थिक प्रगति तथा राष्ट्रीय हितों की पूर्ति का प्रमुख भार इसी वर्ग के कंधों पर होता है। वर्तमान मशीनी युग में भी उनकी महत्ता कम नहीं है। श्रमिक दिवस और श्रम के महत्व को रेखांकित करते हुए फ्रैंकलिन डी रूजवेल्ट का कहना था कि किसी व्यवसाय को ऐसे देश में जारी रहने का अधिकार नहीं है, जो अपने श्रमिकों से जीवन निर्वाह के लिए आवश्यक मजदूरी से भी कम मजदूरी पर काम करवाता है। जीवन निर्वाह के लिए आवश्यक मजदूरी से उनका आशय सम्मानपूर्वक जीवन निर्वाह के लिए आवश्यक मजदूरी से था।

अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर यह जानना आवश्यक है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर श्रमिक दिवस कब से और क्यों मनाया जाता है? अमेरिका में 8 घंटे से ज्यादा काम न कराने के लिए की गई कुछ मजदूर यूनियनों की हड़ताल के बाद 1 मई 1886 से अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाए जाने की शुरुआत हुई थी। दरअसल वह ऐसा समय था, जब कार्यस्थल पर मजदूरों को चोट लगना या काम करते समय उनकी मृत्यु हो जाना आम बात थी। ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने, कार्य करने के घंटे कम करने तथा सप्ताह में एक दिन के अवकाश के लिए मजदूर संगठनों द्वारा पुरजोर आवाज उठाई गई। 1 मई 1886 का ही वह दिन था, जब वह हड़ताल हुई थी और शिकागो शहर के हेय मार्किट चौराहे पर उनकी रोज सभाएं होती थी। 4 मई 1886 को जब शिकागो के हेय मार्किट में उस हड़ताल के दौरान पुलिस भीड़ को तितर-बितर करने का प्रयास कर रही थी, उसी दौरान किसी अज्ञात शख्स ने एकाएक भीड़ पर बम फैंक दिया। उसके बाद पुलिसिया गोलीबारी के कारण कई श्रमिक मारे गए। हालांकि उस समय अमेरिकी प्रशासन पर उन घटनाओं का कोई असर नहीं पड़ा लेकिन बाद में श्रमिकों के लिए 8 घंटे कार्य करने का समय निश्चित कर दिया गया। मजदूरों पर गोलीबारी और मौत के दर्दनाक घटनाक्रम को स्मरण करते हुए ही 1 मई 1886 से अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया जाने लगा। 1889 में पेरिस में अंतर्राष्ट्रीय महासभा की द्वितीय बैठक में फ्रांसीसी क्रांति को याद करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया कि इसे 'अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस' के रूप में मनाया जाए। उसी समय से विश्वभर के 80 देशों में 'मई दिवस' को राष्ट्रीय अवकाश के रूप में मान्यता प्रदान की गई। श्रमिक वर्ग ही है, जो अपनी हाड़-तोड़ मेहनत के बलबूते पर राष्ट्र के प्रगति चक्र को तेजी से घुमाता है लेकिन कर्म को ही पूजा समझने वाला श्रमिक वर्ग श्रम कल्याण सुविधाओं के लिए आज भी तरस रहा है। मई दिवस के अवसर पर देशभर में भले ही मजदूरों के हितों की बड़ी-बड़ी योजनाएं बनती हैं, ढ़ेरों लुभावने वायदे किए जाते हैं, जिन्हें सुनकर एकबारगी तो लगता है कि उनके लिए अब कोई समस्या नहीं बचेगी किन्तु अगले ही दिन मजदूरों को पुन: उसी माहौल से रूबरू होना पड़ता है, फिर वही शोषण, अपमान व जिल्लत भरा तथा गुलामी जैसा जीवन जीने के लिए अभिशप्त होना पड़ता है। समय-समय पर मजदूरों के लिए नए सिरे से मापदंड निर्धारित किए जाते हैं लेकिन इनको क्रियान्वित करने की फुर्सत ही किसे है?

**वर्तमान मशीनी युग में भी उनकी महत्ता कम नहीं है, श्रमिक दिवस और श्रम के महत्व को रेखांकित करते हुए फ्रैंकलिन डी रूजवेल्ट का कहना था कि किसी व्यवसाय को ऐसे देश में जारी रहने का अधिकार नहीं है, जो अपने श्रमिकों से जीवन निर्वाह के लिए आवश्यक मजबूरी पर काम करवाता है**

जहां तक मजदूरों द्वारा अपने अधिकारों की मांग का सवाल है तो मजदूरों के संगठित क्षेत्र द्वारा ऐसी मांगों पर उन्हें अक्सर कारखानों के मालिकों की मनमानी और तालाबंदी का शिकार होना पड़ता है और प्राय: जिम्मेदार अधिकारी भी कारखानों के मालिकों के मनमाने रवैये पर लगाम लगाने की चेष्टा नहीं करते। जहां तक मजदूर संगठनों के नेताओं द्वारा मजदूरों के हित में आवाज उठाने की बात है तो आज के दौर में अधिकांश ट्रेड यूनियनों के नेता भी भ्रष्ट राजनीतिक तंत्र का हिस्सा बने हैं, जो विभिन्न मंचों पर श्रमिकों के हितों के नाम पर शोर तो बहुत मचाते नजर आते हैं लेकिन अपने निजी स्वार्थों की पूर्ति हेतु कारखानों के मालिकों से सांठगांठ कर अपने ही साथियों के हितों पर कुल्हाड़ी चलाने में संकोच नहीं करते।

ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर किसके लिए मनाया जाता है 'श्रमिक दिवस'? बहुत से मजदूरों की तो इस दिन भी काम करने के पीछे यह मजबूरी भी होती है कि अगर वे एक दिन भी काम नहीं करेंगे तो उनके घरों में चूल्हा कैसे जलेगा। विड़म्बना है कि देश की स्वाधीनता के सात दशक से भी अधिक बीत जाने के बाद भी अनेक श्रम कानूनों को अस्तित्व में लाने के बावजूद हम ऐसी कोई कारगर व्यवस्था नहीं कर पाए हैं, जो मजदूरों को उनके श्रम का उचित मूल्य दिला सके। हालांकि इस संबंध में एक सच यह भी है कि अधिकांश श्रमिक या तो अपने अधिकारों के प्रति अनभिज्ञ होते हैं या वे अपने अधिकारों के लिए इस कारण आवाज नहीं उठा पाते कि कहीं इससे नाराज होकर उनका मालिक उन्हें काम से न निकाल दे और उनके परिवार के समक्ष भूखे मरने की नौबत आ जाए।

# रोजाना खाली पेट सूखे आंवले और जीरे का पानी पीने से शरीर को मिलेंगे कई फायदे

आयुर्वेद में सूखा आंवला पाउडर और जीरे के पानी को स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माना जाता है। दरअसल, आंवला और जीरा दोनों ही प्राकृतिक तत्व और पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। यह शरीर को कई बीमारियों से बचाता है। ऐसे में अगर कोई व्यक्ति नियमित रूप से इसका सेवन करते हैं, तो इससे पाचन तंत्र मजबूत होता है और इम्यूनिटी बढ़ाने में भी मददगार होता है। इसके अलावा यह बालों और स्किन के लिए भी फायदेमंद होता है।

### पाचन तंत्र होगा मजबूत

सूखा आंवला पाउडर और जीरे का पानी पाचन क्रिया को दुरुस्त करता है। आंवले में फाइबर की अधिक मात्रा पाई जाती है, जो कब्ज की समस्या से राहत दिलाता है। वहीं जीरा गैस, एसिडिटी और अपच को ठीक करता है। ऐसे में अगर आप रोजाना सुबह खाली पेट आंवला पाउडर और जीरा पानी पीते हैं, तो इससे पाचन संबंधी समस्या दूर होगी।

### इम्युनिटी

आंवला विटामिन सी का मुख्य सोर्स है। यह शरीर की इम्यूनिटी को बढ़ाता है। आंवले में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स शरीर को फ्री रेडिकल्स से बचाने का काम करते हैं। जीरा में एंटी इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। जोकि इंफेक्शन से लड़ने में सहायता करता है। ऐसे में नियमित रूप से यह पीने से सर्दी-जुकाम जैसी समस्याएं कम होती हैं।

### वेट लॉस

अगर आप भी वेट लॉस करना चाहते हैं, तो सूखा आंवला पाउडर और जीरा पानी आपके लिए लाभकारी हो सकता है। आंवला मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करता है और जीरा भी एक्स्ट्रा फैट कम करता है।

### डिटॉक्सिफिकेशन में लाभकारी

आंवला और जीरा पानी पीने से शरीर से टॉक्सिन्स बाहर निकलते हैं। आंवला लिवर को स्वस्थ रखता है और खून साफ करता है। वहीं जीरा भी शरीर के हानिकारक टॉक्सिन्स को बाहर निकालने में मददगार होता है।

### स्किन व बालों के लिए फायदेमंद

आंवला में विटामिन सी और एंटी ऑक्सीडेंट्स भरपूर मात्रा में पाया जाता है। यह स्किन को ग्लोइंग बनाता है और झुर्रियों को भी कम करता है। वहीं यह पिगमेंटेशन और मुंहासों को भी दूर करता है।

# पाक के लिए अगले 36 घंटे भारी

## सूचना मंत्री ने आधी रात प्रेस कान्फ्रेंस कर कहा- हमारे पास है खुफिया जानकारी



**इस्लामाबाद।** पाक ने दावा किया है कि भारत उसके खिलाफ अगले 24-36 घंटों में सैन्य कार्रवाई कर सकता है। पाकिस्तान के सूचना एवं प्रसारण मंत्री अताउल्लाह तरार ने बुधवार देर रात को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह दावा किया। तरार ने कहा कि उन्हें विश्वसनीय खुफिया जानकारी मिली है कि भारत पहलगाम घटना के बहाने ऐसा कर सकता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान खुद आतंकवाद का शिकार रहा है और इस संकट के दर्द को सही मायने में समझता है। हमने दुनिया में हमेशा इसकी निंदा की है। तरार ने कहा कि अगर भारत कोई सैन्य हमला करता है, तो पाकिस्तान उसका निश्चित और कड़ा जवाब देगा। उन्होंने कहा कि हम हर कीमत पर पाकिस्तान की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करेंगे। तरार ने कहा कि पाकिस्तान ने पहलगाम हमले की सच्चाई का पता लगाने के लिए एक भरोसेमंद, पारदर्शी और स्वतंत्र जांच की खुले तौर पर पेशकश की है, लेकिन भारत जांच से बचना चाहता है और टकराव का रास्ता अपनाना चाहता है। इसके पूरे क्षेत्र में विनाशकारी परिणाम होंगे। पाकिस्तानी मंत्री ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को इससे सतर्क रहना चाहिए। आगे होने वाले किसी भी खतरे और परिणाम की जिम्मेदारी पूरी तरह से भारत की होगी। इससे पहले पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने भी सोमवार को एक इंटरव्यू में कहा था कि भारत जल्द ही हमला करने वाला है। आसिफ ने कहा कि आने वाले दिन बेहद अहम होंगे। चीन और सऊदी अरब समेत कई खाड़ी मुल्क दोनों देशों के बीच चल रहे संघर्ष को रोकने की को. शिश में लगे हैं। अगर कुछ होगा तो 2-3 दिन में ही होगा। हालांकि अगले ही दिन आसिफ ने अपने बयान से पीछे हटते हुए कहा था कि उनकी बात को गलत तरीके से पेश किया गया था। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान हाई अलर्ट पर है।

> "हमें विश्वसनीय खुफिया जानकारी मिली है कि पाक पहलगाम घटना के बहाने ऐसा कर सकता है, पाकिस्तान खुद आतंकवाद का शिकार रहा है। अगर भारत कोई सैन्य हमला करता है, तो पाकिस्तान उसका निश्चित और कड़ा जवाब देगा
>
> ...अताउल्लाह तरार, सूचना एवं प्रसारण मंत्री पाकिस्तान

## हार्वर्ड में पाक कॉन्फ्रेंस पर गहराया विवाद

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के साउथ एशिया इंस्टिट्यूट में हाल ही में पाकिस्तान कॉन्फ्रेंस हुई। इसमें पाकिस्तान वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब और अमेरिका में पाकिस्तान के राजदूत रिजवान सईद शेख ने हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम 27 अप्रैल को हुआ था, जिसका आयोजन पाकिस्तानी छात्रों ने किया था। इस इवेंट के 4 दिन पहले यानी 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था। इस कॉन्फ्रेंस को लेकर भारतीय स्टूडेंट्स ने हार्वर्ड के सामने अपना विरोध और आपत्ति दर्ज कराई। इसके बाद हार्वर्ड ने खुद को इस मुद्दे से अलग कर लिया और अपनी वेबसाइट से कार्यक्रम की जानकारी हटा दी। दो भारतीय स्टूडेंट सुरभि तोमर और रश्मिनी कोपरकर ने हार्वर्ड एडमिनिस्ट्रेशन और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो को लेटर लिखा।

## पहलगाम आतंकी हमले से उत्पन्न स्थिति पर नजर रख रहा अमेरिका



**वाशिंगटन।** अमेरिका ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले पर चिंता व्यक्त की है और कहा है कि वह पूरी स्थिति पर लगातार नजर रख रहा है।

अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने कहा कि अमे. रिका पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद कश्मीर में और अधिक तनाव रोकने के लिए पाकिस्तान और भारत दोनों के साथ सक्रिय रूप से बातचीत कर रहा है। उन्होंने बताया कि अमेरिकी विद. ेश मंत्री मार्को रुबियो दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के संपर्क में हैं और उनसे संघर्ष से बचने का आग्रह कर रहे हैं। अमेरिका घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रख रहा है और जिम्मेदार कूटनीति को प्रोत्साहित करता है। सु ब्रूस ने दुनिया की नजरों के सामने शांतिपूर्ण समाधान खोजने के लिए सहयोग की जरूरत पर जोर देते हुए पाकिस्तान के हालिया बयानों पर भी बात की।

## केन्या प्रतिनिधिमंडल का राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय का दौरा

**नई दिल्ली।** केन्या के नेशनल डिफेंस कॉलेज के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को यहां राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय का दौरा किया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार केन्या के नेशनल डिफेंस कॉलेज के 20 सदस्ईय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सीनियर डायरेक्टिंग स्टाफ (सेना) ब्रिगेडियर रिचर्ड वम्बुआ म्वान्जिया ने किया। प्रतिनिधिमंडल का यह दौरा सेनाओं के बीच परस्पर सहयोग को बढाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने इस दौरान वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत भी की।

# पाक ने यूएनएससी के बयान से रेजिस्टेंस फ्रंट का नाम हटाया

**विदेश मंत्री इशाक डार ने संसद में माना, इस आतंकी संगठन ने ली थी पहलगाम हमले की जिम्मेदारी**



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने पहलगाम आतंकी हमले को अंजाम देने वाले संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) का नाम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के बयान से हटाने के लिए दबाव बनाया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने बुधवार को सीनेट में दिए गए एक बयान में यह कबूल किया है। पाकिस्तान इस समय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अस्थाई सदस्य है। सुरक्षा परिषद के निंदा बयान के लिए सभी सदस्यों की सहमति जरूरी है। इशाक डार ने बताया कि अमेरिका ने हमले की निंदा करने के लिए एक प्रस्ताव रखा था। उन्होंने कहा कि जब मुझे प्रस्ताव की कॉपी मिली तो उस पर केवल पहलगाम लिखा था और हमले के लिए द रेजिस्टेंस फोरम का नाम लिया गया था। डार ने आगे कहा कि हमने इस पर विरोध जताया और कहा कि पाकिस्तान तब तक इस पर हस्ताक्षर नहीं करेगा जब तक पहलगाम के साथ जम्मू और कश्मीर का भी जिक्र नहीं किया जाता और टीआरएफ का नाम हटाया नहीं जाता। डार ने कहा कि उन्होंने 2 दिन तक इस प्रस्ताव पर साइन नहीं किया। इस दौरान कई देशों से उन्हें फोन आते रहे। यूनाइटेड नेशन सिक्योरिटी काउंसिल ने 25 अप्रैल को पहलगाम हमले को लेकर निंदा प्रस्ताव जारी किया था। इशाक डार ने कहा कि उन्हें दुनियाभर के नेता यह कहते रहे कि निंदा प्रस्ताव न आने से पाकिस्तान के ऊपर आरोप आएगा। इसके बावजूद वे अपने दावे पर अड़े रहे। आखिरकार पाकिस्तान के दबाव में प्रस्ताव में बदलाव किया गया और फिर यूएनएससी ने 25 अप्रैल को बयान जारी किया। यूनाइटेड नेशन सिक्योरिटी काउंसिल ने 25 अप्रैल, 2025 को पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की थी। इसमें 26 लोग मारे गए थे। इसमें भारत और नेपाल के लिए संवेदना जताई गई थी। यूएनएससी ने कहा कि आतंकवाद हर रूप में अंतर्राष्ट्रीय शांति के लिए बड़ा खतरा है और हमले के दोषियों व उनके समर्थकों को सजा मिलनी चाहिए। हालांकि इस बयान में द रेसिस्टेंस फ्रंट, जिसने हमले की जिम्मेदारी ली थी उसका जिक्र नहीं किया गया था। पहलगाम हमले का मकसद गैर-मुस्लिमों को निशाना बनाकर सांप्रदायिक तनाव भड़काना था, लेकिन बयान में इसका भी जिक्र नहीं था।

## हाई अलर्ट के कारण कुछ देर बंद रही इस्लामाबाद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की पट्टी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में अज्ञात कारणों से हाई अलर्ट जारी होने के कारण इस्लामाबाद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईआईएपी) की हवाई पट्टी को मंगलवार देर रात कुछ समय के लिए बंद कर दिया गया। सूत्रों ने यहां बताया कि 29 अप्रैल को विमानन अधिकारियों द्वारा अज्ञात कारण से हाई अलर्ट जारी किए जाने के बाद हवाईपट्टी पर लगभग 33 मिनट के लिए आउटबाउंड फ्लाइट संचालन को अस्थाई रूप से निलंबित कर दिया गया था। स्थानीय समयानुसार मंगलवार रात 11:48 बजे से मध्यरात्रि के बाद 12:21 बजे तक रहे इस अलर्ट के दौरान तीन अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों, दुबई जाने वाली पीके-233, दोहा जाने वाली पीके-287 और दुबई जाने वाली पीए-210 के लिए बोर्डिंग प्रक्रिया शुरू नही की गई। अधिकारियों ने अभी तक इस बाबत कोई भी विवरण जारी नही किया है कि यह हाई अलर्ट किस प्रकार का था। संक्षिप्त व्यवधान के बावजूद सभी आने वाली उड़ानें निर्धारित समय अनुसार संचालित हुईं और अलर्ट हटने के तुरंत बाद हवाईपट्टी पर विमानों का संचालन फिर से शुरू हो गया। इस बीच अधिकारियों ने यात्रियों को आश्वासन दिया कि इस दौरान सभी यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया गया। इस अस्थाई निलंबन के कारण यात्री चितित हो गए।

# चीन में जंगल की आग को लेकर ऑरेंज अलर्ट

**बीजिंग।** चीनी अधिकारियों ने बुधवार को 1 से 5 मई तक चीन के कुछ हिस्सों में जंगल की आग के लिए दूसरा सबसे उच्च-स्तर का ऑरेंज अलर्ट जारी किया। राष्ट्रीय वन और चरागाह अग्नि-नियंत्रण कमान कार्यालय एवं आपातकालीन प्रबंधन मंत्रालय ने पांच दिवसीय छुट्टी के दौरान हेबेई, शांक्सी, हेनान और शांक्सी के कुछ हिस्सों में जंगल की आग के लिए अलर्ट जारी किया। आपातकालीन प्रबंधन विभागों को आग के खतरों में बदलावों की बारीकी से निगरानी करने, प्रारंभिक चेतावनी और प्रतिक्रिया उपायों को लागू करने, आग के स्रोत नियंत्रण को लगातार सुदृढ़ करने, आपातकालीन तैयारियों को मजबूत करने और जंगल की आग के जोखिम से प्रभावी ढंग से निपटने का निर्देश दिया गया है। जंगल और चरागाह की आग आठ प्रमुख प्राकृतिक आपदाओं में से एक है। गौरतलब है कि एमईएम के एक अधिकारी यांग जुडोंग ने 21 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस पर कहा, आम तौर पर, हाल के वर्षों में चीन की जंगल की आग में कुल मिलाकर गिरावट देखी गई है। आंकड़े बताते हैं कि, 1950 से 1989 तक, चीन में सालाना औसतन लगभग 16,000 जंगल की आग की घटनाएं हुईं। वही, 1990 से 2020 के बीच यह संख्या घटकर लगभग 6,000 रह गई और 2021 से यह और भी कम होकर प्रति वर्ष 1,000 से भी कम रह गई है। यांग के अनुसार, जंगल और घास के मैदानों में आग लगने के कारणों को प्राकृतिक और मानवीय कारकों में वर्गीकृत किया जाता है, जिनमें से 90 प्रतिशत से अधिक आग लगने की घटनाओं के लिए मानवीय कारक जिम्मेदार होते हैं। चीन में जंगल की आग के लिए चार-स्तरीय चेतावनी प्रणाली है, जिसमें लाल सबसे उच्च है, उसके बाद नारंगी, पीला और नीला है।



## कोलंबिया में हेलिकॉप्टर दुर्घटना, सैनिक की मौत

**बोगोटा।** दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया की नौसेना का एक हेलिकॉप्टर देश के उत्तरी क्षेत्र में आपूर्ति मिशन के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार एक सैनिक की मौत हो गई। नौसेना ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि बेल 412 ईपी हेलिकॉप्टर मालागाना शहर के पास उड़ान भरने के तुरंत बाद पानी में गिर गया। चालक दल के तीन अन्य सदस्यों को बचा लिया गया है और उनका इलाज चल रहा है। कोलंबियाई रक्षा मंत्री पेड्रो सां. चेज ने कहा कि कोलंबियाई एयरोस्पेस फोर्स के सहयोग से दुर्घटना की जांच के लिए एक निरीक्षण दल का गठन किया गया है।

## राहत: 12 दिन बाद खोला गया राष्ट्रीय राजमार्ग

**कराची।** पाकिस्तान ने खैरपुर में बाबरलोई बाईपास पर 12 दिनों के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग खोल दिया गया है, जिससे लंबे समय से फंसे ट्रकों को गुजरने की अनुमति मिल गई है। इससे पहले सिंध में छह नहर परियोजना का विरोध कर रहे वकीलों ने सरकार के साथ सफल वार्ता के बाद अपना धरना समाप्त कर दिया है। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार बाईपास पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कराची बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आमिर नवाज वरैच और सिंध हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सरफराज अली मेटलो ने कहा कि संघीय सरकार से आश्वासन मिलने और उनकी चिंताओं को दूर करने के लिए एक आधिकारिक अधिसूचना जारी होने के बाद धरना समाप्त करने का निर्णय लिया गया। ऑल सिंध लॉयर्स एक्शन कमेटी के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन में सैकड़ों वकीलों और कार्यकर्ताओं ने विभिन्न शहरों में धरना दिया और प्रस्तावित परियोजना को रोकने की मांग की। पाकिस्तान की संघीय सरकार द्वारा प्रस्तावित छह नहर परियोजना बड़े विवाद का विषय बन गई थी, क्योंकि आलोचकों ने तर्क दिया था कि इस परियोजना से प्रांत की पहले से ही दुर्लभ जल आपूर्ति और भी कम हो जाएगी। उन्होंने तर्क दिया कि इस्लामाबाद ने किसी भी हित धारक की चिताओं को ध्यान में नहीं रखा और मनमाने ढंग से परियोजना शुरू करने का फैसला किया। विरोध तब से शुरू हुआ जब संघीय सरकार ने चोलिस्तान रेगिस्तान की सिंचाई के लिए सिंधु नदी पर छह नहरों के निर्माण की योजना की घोषणा की-एक परियोजना जिसे इसके मुख्य सहयोगी पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और अन्य सिंध राष्ट्रवादी दलों ने खारिज कर दिया है।

## बांग्लादेश में हिंदू संत चिन्मय दास को जमानत मिली

**ढाका।** बांग्लादेश के ढाका हाईकोर्ट ने जेल में बंद हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास को बुधवार को जमानत दे दी। चिन्मय दास पिछले 5 महीनों से देशद्रोह के आरोप में जेल में बंद हैं। चिन्मय के वकील अपूर्व कुमार भट्टाचार्य ने 23 अप्रैल को हाईकोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी। बांग्लादेशी अखबार द डेली स्टार ने चिन्मय दास के वकील के हवाले से बताया है कि अभी चिन्मय की रिहाई तय नहीं हुई है। अगर बांग्लादेशी सुप्रीम कोर्ट इस फैसले पर रोक नहीं लगाता है तो चिन्मय को रिहा कर दिया जाएगा। चिन्मयपर बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज के अपमान का आरोप है। इस मामले में राजद्रोह का केस दर्ज कर उन्हें 25 नवम्बर 2024 को गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले 2 जनवरी को चटगांव की निचली अदालत ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

## नाइजीरिया: आतंकवादी हमले में 14 लोगों की मौत

**अबुजा।** नाइजीरिया के बोर्नो प्रांत में संदिग्ध आतंकवादियों के हमले में एक समुदाय के कम से कम 14 लोग मारे गए हैं। स्थानीय अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बोर्नो के चिबोक स्थानीय सरकारी क्षेत्र के प्रमुख मोडू मुस्तफा ने संवाददाताओं को बताया कि आतंकवादियों के प्रतिबंधित बो. को हराम समूह के सदस्य होने का संदेह है।


उन्होंने बताया कि आतंकवादियों ने सोमवार शाम दिवंगत नेता के लिए तीसरे दिन की प्रार्थना के दौरान चिबोक समुदाय पर हमला किया, अंधाधुंध गोलीबारी की और सात शोक संतप्त लोगों को मार डाला। स्थानीय स्वयंसेवकों ने हता. हतों की तलाश में आसपास के इलाकों की तलाशी ली, जिसके बाद मंगलवार को सात और शव बरामद किए गए। मुस्तफा के अनुसार, हिसा के दौरान कई अन्य लोग गोली लगने के कारण अलग-अलग स्तर पर घायल हुए हैं। हमले के दौरान कई घरों में आग लगा दी गई। स्थानीय सरकारी अधिकारी ने कहा कि हता. हतों की संख्या बढ़ सकती है। गौरतलब है कि बोको हराम अपने सहयोगी समूह इस्लामिक स्टेट वेस्ट अफीका प्रांत के साथ मिलकर पूर्वोत्तर नाइजीरिया में इस्लामी राज्य स्थापित करने की कोशिश कर रहा है। आतंकी समूहों ने लेक चाड बेसिन के दूसरे देशों में भी अपने हमले बढ़ा दिए हैं।

# यूएस के साथ रिश्ते खत्म, विश्वासघात से चोट पहुंची: कार्नी

**ओटावांकनाडा।** लिबरल पार्टी के मार्क कार्नी प्रधानमंत्री बन रहेंगे। आम चुनाव में उनकी पार्टी ने 343 में से 169 सीटें जीती हैं। ये 172 सीटों के बहुमत के आंकड़े से सिर्फ 3 सीटें कम है। उनकी मुख्य प्रतिद्वंद्वी कंजर्वेटिव पार्टी सिर्फ 144 सीटें जीत सकी। पार्टी का नेतृत्व कर रहे पियरे पॉलिवर अपनी सीट भी नहीं बचा सके। वे लिबरल पार्टी के उम्मीदवार से हार गए। लिबरल पार्टी की जीत के बाद उसे चौथी बार सत्ता में बने रहने का मौका मिला है। ए पार्टी के लिए बहुत बड़ा जनादेश है, क्योंकि दो महीने पहले तक पार्टी के जीतने की उम्मीदें बहुत कम थीं। पॉपुलैरिटी रेटिंग में पार्टी को सिर्फ 25 प्रतिशत पॉइंट मिले थे। जीत के बाद कार्नी ने पहले संबोधन में अमेरिका के साथ कनाडा के रिश्तों के अंत का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने विश्वासघात किया है और यह बात कनाडा कभी नहीं भूलेगा। अमेरिका के साथ हमारा पुराना संबंध, जो लगातार बढ़ती एकजुटता पर टिका हुआ था, अब खत्म हो चुका है। अमे. रिका की ग्लोबल ट्रेड पॉलिसी, जिस पर कनाडा ने दूसरे विश्व युद्ध के बाद से भरोसा किया और जिसकी वजह से कई साल तक हमारे देश में समृद्धि रही, अब खत्म हो चुकी है और यह हमारी भी नई सच्चाई है।

हम अमेरिका के विश्वासघात के झटके से उबर चुके हैं, लेकिन हमें इस सबक को कभी नहीं भूलना चाहिए। अब हमें खुद का ध्यान रखना होगा और सबसे जरूरी, हमें एक-दूसरे का ख्याल रखना होगा। जब मैं राष्ट्रपति ट्रम्प से मिलूंगा, तो यह दो स्वतंत्र देशों के आगे के संबंधों पर चर्चा करने के लिए होगा। हम एक नया रास्ता तय करेंगे, क्योंकि यह कनाडा है और यहां जो होगा, वह हम तय करेंगे। हमें बड़े सपने देखने होंगे और उससे भी बड़े काम करने होंगे। हमें वो काम करने होंगे जो पहले असंभव माने जाते थे, और ऐसी गति से करने होंगे, जो इसके पहले की पीढ़ियों ने नहीं देखी होगी। अमेरिका ने जो हमसे छीना है, उससे कहीं ज्यादा हम खुद को दे सकते हैं।

## मार्क कार्नी और ट्रम्प ने मुलाकात पर सहमति जताई



**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने निकट भविष्य में व्यक्तिगत रूप से एक-दूसरे से मुलाकात करने पर सहमति जताई है। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, कार्नी ने सोमवार को संसदीय चुनावों में जीत के एक दिन बाद मंगलवार को ट्रम्प से बात की, जिसमें अमेरिका की ओर से टैरिफ और विलय की धमकियों जैसे मुद्दे हावी रहे।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि दोनों नेतओं ने कनाडा और अमेरिका के स्वतंत्र, संप्रभु राष्ट्रों के रूप में एक साथ काम करने के महत्व को लेकर सहमति जताई। कार्नी ने अपने विजय भाषण के दौरान कई बार कनाडा-अमेरिका संबंधों का उल्लेख किया, कनाडावासियों को अमेरिका के साथ चल रही शत्रुता से उत्पन्न चुनौतियों की याद दिलाई।